CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 09°C

देहरादून, सोमवार 8 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 121 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 16 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




बाबर कोई मसीहा नहीं, न बने उसके नाम पर कोई मस्जिद : इकबाल अंसारी पेज 2



स्मृति मंधाना-पलाश मुच्छल की शादी कैंसिल खेल टाइम्स



लोकतंत्र में बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते सम्पादकीय



इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं: पीटीआई पेज 12

# एलओसी पर पाकिस्तान के 68 आतंकी लॉन्च पैड सक्रिय

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्च पैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया एजेंसियों ने ये जानकारी दी है।

सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजे जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है।



**120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में, सुरक्षाबलों को निर्देश, टेररिस्ट सीमा के करीब न पहुंचें**

## ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ: नेवी चीफ

**नई दिल्ली।** इंडियन नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने रविवार को कहा कि भले ही ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया है, लेकिन ये अभी भी जारी है।

भारत पर अगर कोई भी अटैक की कोशिश करेगा, तो हमारी सेना उसे मुंहतोड़ जवाब देगी, जैसा ऑपरेशन सिंदूर के समय दिया था। रविवार को दिल्ली में आर्म्ड फोर्सेज फ्लैग डे फंक्शन 2025 में पहुंचे नेवी चीफ ने कहा कि आप जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में केंद्र सरकार ने क्या कदम उठाए थे। मुझे महसूस होता है कि इस देश के नागरिकों को अपनी सेना पर गर्व है।

**त्रिपाठी ने कहा: जो हम पर बुरी नजर डालेगा, उसे करारा जवाब देंगे**

## प्रधानमंत्री ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र बलों के प्रति आभार जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने सभी लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की भी अपील की श्री मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों के जवानों का अनुशासन, दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस राष्ट्र की रक्षा करता है और देशवासियों को सशक्त बनाता है। उनकी प्रतिबद्धता, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण का उदाहरण है।

# इंडिगो संकट: छठे दिन 650+ फ्लाइट कैंसिल




शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पिछले 5 दिन से चल रहे इंडिगो संकट के कारण शनिवार को भी 800 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हुईं। छठे दिन भी यह सिलसिला जारी है।

हालांकि इंडिगो ने दावा किया है कि उसने 95 फीसदी रूट पर फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल कर दिया है। एयरलाइन ने कहा कि 138 में से 135 डेस्टिनेशंस पर फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। हमें लोगों का भरोसा दोबारा जीतने के लिए काफी वक्त लगेगा। इधर, रविवार को भी इंडिगो की 650 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। इनमें दिल्ली, चेन्नई, जयपुर, हैदराबाद, भोपाल, मुंबई, त्रिची से जाने वाली फ्लाइट्स शामिल हैं। इससे पहले एयरलाइन ने शुक्रवार को लगभग 1600 फ्लाइट और शनिवार को लगभग 800 फ्लाइट कैंसिल की थीं। कंपनी को पैसे रिफंड करने और कैंसिल या रुकी हुई फ्लाइट्स के लिए पूरा रिफंड प्रोसेस 7 दिसम्बर को रात 8 बजे तक पूरा करनी होगी। अगले 48 घंटों में पैसेंजर के बैगेज को ट्रेस करके डिलीवर करना होगा। कंपनी के सीईओ को 24 घंटे में बताना होगा कि पिछले 5 दिन से जारी संकट के चलते कंपनी पर एक्शन क्यों न लिया जाए। जवाब न देने पर डीजीसीए एकतरफा फैसला ले सकेगा। बाकी एयरलाइंस के बढ़ते किराए पर रोक लगाई। हवाई किराया फिक्स किया। अब -शेष पृष्ठ दो पर

**रात आठ बजे तक पैसा रिफंड करने के निर्देश, सरकार ने पूछा- बताएं आप पर एक्शन क्यों न हो**

## एयरलाइन ने अब तक 610 करोड़ रुपये रिफंड किए

**नई दिल्ली।** इंडिगो ऑपरेशन संकट के बीच रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ का रिफंड कर दिया है। इसके साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3 हजार से ज्यादा बैगेज भी लौटाए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार शाम इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने बताया कि रविवार को हम 138 में से 137 डेस्टिनेशंस पर 1650 फ्लाइट ऑपरेट कर रहे हैं। ऑन टाइम परफॉर्मेंस (ओटीपी) 75 फीसदी रहने का अनुमान है। शनिवार को यह आंकड़ा 1500 था। आमतौर पर एयरलाइन रोजाना करीब 2300 उड़ानें ऑपरेट करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल बनाने का ऐलान

**हैदराबाद।** तहरीक मुस्लिम शब्बन ने ग्रेटर हैदराबाद में बाबरी मस्जिद मेमोरियल और वेलफेयर इंस्टीट्यूशन बनाने के प्लान का ऐलान किया है। यह फैसला मस्जिद गिराए जाने की 33वीं बरसी पर लया गया। संस्था के प्रेसिडेंट मुश्ताक मलिक ने कहा कि हम जल्द ही ऐलान करेंगे कि यह कैसे और कितने समय में बनाया जाएगा। मलिक ने कहा कि बाबर के नाम से किसी को परेशान नहीं होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि यह मुद्दा पॉलिटिकल प्रोपेगैंडा है। इससे पहले, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सस्पेंड एमएलए हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की नींव रखी है। तहरीक मुस्लिम शब्बन के प्रेसिडेंट ने आरोप लगाया कि अगर हम तुलसीदास की रामायण देखें, तो वह बाबरी मस्जिद बनने के 60 साल बाद लिखी गई थी।

### AI व मशीन लर्निंग से बिजली वितरण क्षेत्र में आएगा बड़ा बदलाव : मनोहर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) आधारित तकनीकें भारत के बिजली वितरण क्षेत्र को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती हैं। उन्होंने यहां भारत मंडपम में आयोजित बिजली वितरण क्षेत्र में एआई/एमएल तकनीकों के उपयोग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। श्री लाल ने कहा कि एआई/एमएल से संचालित समाधान बुद्धिमान, उपभोक्ता-केंद्रित और स्व-अनुकूलित वितरण नेटवर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

### नाइजीरिया को ब्रिक्स सदस्य बनने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** नाइजीरिया के विदेश मंत्री यूसुफ टुगर ने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में वह भी विश्व की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के समूह ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स का पूर्ण सदस्य बन जाएगा। श्री टुगर ने कतर में दोहा फोरम में कहा कि 2050 तक नाइजीरिया की आबादी चार करोड़ हो जाएगी। नाइजीरिया को ब्रिक्स से बहुत कुछ सीखना है।

# गोवा के नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट, 25 लोगों की मौत, छह घायल

## क्लब का मैनेजर गिरफ्तार, चार टूरिस्ट समेत 18 लोगों के शवों की पहचान की गई

पणजी, वार्ता

**गोवा के** अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट होने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। गोवा पुलिस ने क्लब के मैनेजर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक क्लब में करीब 12 बजे सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। यह इतना जोरदार था कि कुछ ही मिनटों में आग पूरे क्लब में फैल गई। फायर ब्रिगेड ने काफी देर की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही सीएम प्रमोद सावंत और स्थानीय विधायक माइकल लोबो मौके पर पहुंचे। सीएम ने बताया कि 3 लोगों की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई है। हादसे की पूरी जांच होगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और फोरेंसिक (एफएसएल) टीम आग की असली वजह की जांच कर रही है। पणजी से करीब 25 किमी दूर अरपोरा गांव में यह पापुलर पार्टी वेन्यू पिछले साल खुला था। आग आधी रात के बाद रोमियो लेन के पास बिर्च में लगी। गोवा के डीजीपी -शेष पृष्ठ दो पर



**फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू | तीन की मौत जलने और बाकी की मौत दम घुटने से हुई : सीएम**

### राष्ट्रपति और पीएम ने दुख जताया अनुग्रह राशि देने का ऐलान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोवा के अरपोरा में हुए भयावह अग्निकांड पर रविवार को गहरा दुख और शोक प्रकट किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उत्तरी गोवा जिले में आग लगने की दुखद घटना से बहुत दुख हुआ। इसमें कई कीमती जानें चली गईं। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। भगवान उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत दे। मैं घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में हुई मौतों पर दुख जताते हुए घायल लोगों के जल्द ठीक होने की भी कामना की। प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्थिति के बारे में गोवा के मुख्यमंत्री डा. प्रमोद सावंत से बात की है। केंद्र सरकार इस त्रासदी से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दे रही है।

# SIR अभियान पर सतर्क दृष्टि रखें कार्यकर्ता: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार शाम सहारनपुर मंडल के भाजपा के जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) पर सतर्क नजर रखें। सरकार की मंशा है कि कोई भी घुसपैठिया या अवैध नागरिक इस अभियान से बचना नहीं चाहिए। योगी ने एसआईआर अभियान पूरा होने के बाद नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने पर जोर दिया।

बैठक में शामिल राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने बताया कि सहारनपुर मंडल में पुनरीक्षण अभियान सही तरीके से चल रहा है। बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, विधायक राजीव गुंबर, एमएलसी विरेंद्र चौधरी, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पश्चिम प्रांत मेरठ के अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, तीनों जिलों के भाजपा अध्यक्ष और पार्टी की ओर से एसआईआर के कार्य देख रहे संयोजकगण आदि शामिल रहे।

**कहा: कोई भी घुसपैठिया या अवैध नागरिक अभियान से बचना नहीं चाहिए**

### एसआईआर में लोगों के नाम काटे जा रहे हैं : अखिलेश यादव

**सहारनपुर।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि एसआईआर के अंदर लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। एक निजी समारोह में शिरकत करने पहुंचे श्री यादव ने कहा कि चुनाव आयोग का काम मतदाता प्रतिशत को बढ़ाने का था लेकिन आयोग वोटों को काट रहा है। बीएलओ फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं, फाइनल लिस्ट जारी होने के बाद कितने नाम काटे गए। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं कर रही है। खुद को खड़ा करने के लिए दूसरे देशों का सहारा लेना पड़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया गिर गया है। इस समय डॉलर की कीमत 90 रुपये हो चुकी है और रुपया नीचे गिर गया है।

### एमपी में शीतलहर, 24 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम

**नई दिल्ली।** पहाड़ी इलाकों से बर्फबारी के चलते मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में रविवार को शीतलहर का अलर्ट है। शनिवार को प्रदेश के 24 शहरों में तापमान 10 डिग्री से कम रहा। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में कड़ाके की सर्दी से राहत मिल सकती है। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम साफ रहने की संभावना है। वहीं, शनिवार को जोधपुर, जैसलमेर समेत कुछ जिलों में बादल छाए रहे, हालांकि बारिश नहीं हुई। इधर, उत्तराखंड में रविवार को बद्रीनाथ-केदारनाथ समेत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। वहीं, उत्तरकाशी समेत 3 जिलों में बारिश की संभावना है।

# बांग्लादेश में दो महीने भूखे-प्यासे भटके: सोनाली खातून

**नई दिल्ली।** यदि पुलिस घर आए और कहे कि आप बांग्लादेशी हैं। सामान समेटिए, आपको बांग्लादेश डिपोर्ट कर रहे हैं। अपने बचाव में आप आधार, राशन कार्ड दिखाएं, लेकिन पुलिस एक न सुने और आंख पर पट्टी बांधकर सीधे बांग्लादेश बॉर्डर भेज दे। ऐसा फरमान किसी की भी जिंदगी को पलभर में उजाड़ देगा।

26 साल की सोनाली खातून की जिंदगी ऐसे ही एक फरमान ने नरक बना दी थी। गर्भवती खातून के साथ उसके 8 साल के बेटे ने भी इस नरक को भोगा। शुक्र है कि 3 दिसम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने मानवीय आधार पर सोनाली को भारत लाने का आदेश दिया। सोनाली अब पश्चिम बंगाल में हैं। कुपोषण का इलाज करा रही हैं। इनकी लड़ाई लड़ रहे प. बंगाल माइग्रेट बोर्ड -शेष पृष्ठ दो पर

**बीएसएफ ने आंख पर पट्टी बांधकर बांग्लादेश भेजा, बोले- पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे**

### यूनेस्को का अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के सम्मेलन का आयोजन पहली बार भारत में किया जा रहा है। यूनेस्को की अंतरसरकारी समिति का यह 20वां सत्र दिल्ली के लाल किला परिसर में आठ से 13 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता विशाल वी. शर्मा करेंगे।

# राजनाथ ने बीआरओ के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन

लेह, वार्ता

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने रविवार को लद्दाख में बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइज़ेशन (बीआरओ) के 125 इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। उन्होंने इसे बीआरओ और केंद्र के बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करने के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि अच्छी सड़कों, रियल टाइम कम्युनिकेशन, सेटेलाइट स्पोर्ट, सर्विलांस नेटवर्क व लॉजिस्टिक स्पोर्ट से देश की सीमाओं पर आज हमारे सैनिक मजबूती के साथ खड़े हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्होंने लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल, गलवान मेमोरियल, कश्मीर, राजस्थान, चंदीगढ़ समेत अन्य राज्यों के 5000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि ये प्रोजेक्ट्स सेना के बहादुर सैनिकों और बीआरओ के उन जवानों को श्रद्धांजलि हैं, जो देश के लिए बिना थके काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे पहले बीआरओ के इतने सारे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कभी नहीं हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि श्योक टनल इंजीनियरिंग का कमाल है। इस इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा, और यह टनल कड़ाके की सर्दियों के दौरान तेजी से तैनाती की क्षमता को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज हम लद्दाख में दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी 920 मीटर लंबी श्योक टनल का उद्घाटन कर रहे हैं। दुनिया के सबसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण इलाकों में से एक में बनी यह इंजीनियरिंग की अनोखी मिसाल, इस स्ट्रेटेजिक इलाके में हर मौसम में भरोसेमंद कनेक्टिविटी पक्का करेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि लद्दाख के साथ-साथ आज जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी दूसरे प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में, जिस तेजी और कुशलता से बीआरओ ने बॉर्डर इलाकों में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है, उससे देश के

**रक्षा मंत्री ने कहा: ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में मजबूत कनेक्टिविटी ने अहम भूमिका निभाई**



## संक्षिप्त समाचार

### संविधान को सही तरीके से लागू करे सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने करोड़ों गरीबों, दलितों, शोषितों और वंचितों को सामाजिक न्याय व अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके मिशनरी विचार बहुजन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। डा. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (6 दिसम्बर) पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए समर्थकों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि देश आज महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, वायु प्रदूषण, रुपये की गिरती कीमत और आर्थिक अस्थिरता जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहा है। एयरलाइंस संचालन में अव्यवस्था से लेकर आम लोगों की प्रतिदिन की समस्याओं तक हर ओर चिता का माहौल है।

### यूपी में एसआईआर का कार्य प्रगति पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में चल रहे एसआईआर के कार्यों में तेज प्रगति है। उन्होंने बताया कि बीएलओ को चिन्हित अनुपस्थित, शिफ्टेड तथा मृत मतदाताओं का एक बार पुन: अपने स्तर पर गहन जांच करने तथा इस कार्य में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए का पूर्ण सहयोग लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। राजनीतिक दल भी बूथों पर नियुक्त बीएलए को अपने स्तर से सहयोग करने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें, जिससे प्रदेश की आलेख्य मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम दर्ज हों सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अब तक प्रदेश में 34 विधानसभा क्षेत्रों में तथा 91,441 बूथों पर शत प्रतिशत कार्य बीएलओ द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।

# बाबर कोई मसीहा नहीं, न बने उसके नाम पर कोई मस्जिद: इकबाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/अयोध्या।** बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद के पूर्व वादी इकबाल अंसारी ने पश्चिम बंगाल के बेलडांगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा कथित रूप से बाबरी मस्जिद के नाम पर निर्माण की नींव रखे जाने को लेकर कहा कि यह कदम पूरी तरह चुनावी राजनीति से प्रेरित है और उनका मानना है कि बाबर के नाम पर कोई मस्जिद नही बननी चाहिए, क्योंकि बाबर कोई मसीहा नहीं था। अंसारी ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 9 नवम्बर 2019 को उच्चतम न्यायालय ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर अपना अंतिम फैसला सुनाया था, जिसके बाद देशभर के मुसलमानों ने न्यायालय के निर्णय का सम्मान किया और अमन बनाए रखा। कोर्ट ने फैसला किया और पूरे देश में एक पत्ता भी नहीं हिला। यही इस बात का सबसे बड़ा सबूत है कि आज देश में इस मुद्दे को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक आते देख कुछ नेता फिर से मंदिर-मस्जिद की राजनीति शुरू कर रहे हैं।

### केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार विफल साबित: अखिलेश

**लखनऊ/सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर कड़ा प्रहार किया है। रविवार को सहारनपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों ही जगह भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता महंगाई की मार झेल रही है, नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा और थानों में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है। अखिलेश यादव ने भारतीय मुद्रा में लगातार गिरावट पर चिता जताते हुए कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले तेजी से कमजोर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि रुपया गिरते-गिरते 90 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच चुका है।

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में हुए बदलाव

प्रयागराज, वार्ता

■ परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होगी

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में इस बार उत्तर पुस्तिकाओं में दो अहम बदलाव किए गए हैं। अभी तक उत्तर पुस्तिका में महज एक कवर पेज होता रहा है, जिस पर परीक्षार्थी अपना पूरा विवरण लिखता था, लेकिन पहली बार इस परीक्षा में दो कवर पेज किया जा रहा है।

पहला कवर पेज परीक्षार्थियों के लिए होगा तो दूसरा कवर पेज परीक्षकों के लिए होगा। दूसरे कवर पेज पर परीक्षक अंक लिखेंगे कि किस पेज पर कितने अंक परीक्षार्थी को मिले हैं। अभी तक परीक्षक कापियों के मूल्यांकन के समय उसी कवर पेज पर अंक भी लिख देते थे, जिस पर परीक्षार्थी अपना विवरण भरा होता था। इससे कई बार कन्फ्यूजन भी होता था। इसी तरह दूसरा बदलाव कापियों की साइज में किया गया है। कापियां अब वर्टिकल साइज में की गई है। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित होगी। यूपी बोर्ड की 2026 की परीक्षा में 52,30,297 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल में 27 लाख 50 हजार 945 और इंटरमीडिएट में 24 लाख 79 हजार 352 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जबकि यूपी बोर्ड की 2025 की परीक्षा में 5438597 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। हाईस्कूल में 2740151 और इंटर मीडिएट में 2698 446 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। 2025 में कुल 8140 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, लेकिन इस बार परीक्षार्थियों की संख्या लगभग दो लाख घटी है, जिससे प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की संख्या भी 209 तक कम हुई है।

### देश भर में क्लैट-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**लखनऊ।** देश के विभिन्न लॉ कॉलेजों में प्रवेश के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट)-2026 का आयोजन रविवार को पूरे देश में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक किया गया। इस वर्ष की परीक्षा का आयोजन कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज द्वारा डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयोग से किया गया। देशभर के 173 टेस्ट केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 92,344 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें 75,008 अभ्यर्थी स्नातक पाठ्यक्रम तथा 17,336 अभ्यर्थी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित माहौल में हुई। लखनऊ क्षेत्र में कुल 5,365 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5,212 ने परीक्षा दी, जबकि 153 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार क्षेत्र में 97 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो उल्लेखनीय मानी जा रही है। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था की निगरानी विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष रूप से की गई।

## आंशिक रूप से भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भी मिलेगा लाभ: शर्मा

# बिजली बिल राहत योजना में करा सकेंगे पंजीकरण

शाह टाइम्स ब्यूरो



ऊर्जा मंत्री के आदेशों के बाद अब 30 नवम्बर 2025 तक भुगतान करने वाले सभी आंशिक बकाएदार उपभोक्ताओं को विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस फैसले से प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ होने जा रहा है और उनके आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आम उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ऊर्जा मंत्री एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के दायरे को विस्तारित करने का बड़ा निर्णय लिया है।

अब वे उपभोक्ता भी योजना का लाभ प्राप्त करेंगे, जिन्होंने 31 मार्च के बाद भी आंशिक रूप से बिजली बिलों का भुगतान किया है, लेकिन अब भी बकाया शेष है। इससे पहले केवल 31 मार्च 2025 तक भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को ही योजना में शामिल किया गया था, जिसके कारण हजारों परिवार लाभ से वंचित रह जा रहे थे। विभिन्न जनपदों में भ्रमण व विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री से अपनी व्यथा रखी। उन्होंने बताया कि अप्रैल, मई, जून सहित बाद के महीनों में उन्होंने कुछ-न-कुछ भुगतान किया है, फिर भी वे योजना के पात्र नहीं बन पाए थे। इन शिकायतों के मद्देनजर ऊर्जा मंत्री ने अत्यंत संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निर्देश दिए कि ऐसी स्थिति वाले उपभोक्ताओं को योजना में सम्मिलित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोगों को राहत मिले। जिन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार भुगतान किया है, उन्हें लाभ से वंचित नहीं रखा जा सकता। फिलहाल सरकार का यह कदम उपभोक्ता हितों के संरक्षण, संवेदनशील प्रशासन और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण माना जा रहा है।

### क्या कहते हैं पावर कारपोरेशन के एमडी

पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने बताया कि दो किलोवाट तक के घरेलू नेवर पेड उपभोक्ता और एक किलोवाट तक के कामर्शियल नेवरपेड उपभोक्ता भी अब इस बार लागू हुई बिजली बिल राहत योजना में रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। अभी तक उन्हें इस योजना में लाभ न देने का फैसला लिया गया था, लेकिन ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर अब उन्हें भी शामिल कर लिया गया है। 11 दिसंबर से अन्य उपभोक्ताओं की तरह ही नेवर पेड उपभोक्ता भी इस योजना में लाभ पाने के लिए अपना पंजीकरण करा सकें,उनके लिए भी व्यवस्था लागू कर दी गई है। प्रदेश में नेवर पेड 5412443 उपभोक्ता हैं, जिन पर मूल धनराशि के रूप में 16105 करोड़ रुपया बकाया है। लॉन्ग अनपेड उपभोक्ता 9145985 हैं, जिन पर मूल धनराशि के रूप में 15100 करोड़ रुपया बकाया है। इस तरह कुल 14558428 उपभोक्ता हैं, जिन पर मूल धनराशि 31205 करोड़ रुपया बकाया है। सरचार्ज मिलाकर यह राशि 45980 करोड़ रुपये है, जिसमें 24775 करोड़ रुपये सरचार्ज के रूप में है।

### 11 दिसम्बर से पंजीकरण होगा शुरू

यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की तरफ से सभी डिस्काम को निर्देशित किया गया है कि अब 11 दिसंबर से नेवरपेड उपभोक्ताओं का भी बिजली बिल राहत योजना में पंजीकरण कराना शुरू किया जाए। विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

# अलीगढ़- मुजफ्फरनगर में सबसे अधिक फर्जी वोटर

शाह टाइम्स संवाददाता



■ कार्यकर्ता सब काम छोड़कर एसआईआर का काम कराएं

**अलीगढ़।** सीएम योगी ने रविवार को अलीगढ़ पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर में जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक घंटे तक समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने मंडल में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति पर जानकारी ली। सांसद और विधायक भी बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) सबसे महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव सिर्फ प्रशासन के भरोसे नहीं जीते जाते। पार्टी कार्यकर्ताओं को खुद मैदान में उतरकर एसआईआर के काम में पूरी गंभीरता से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सबसे ज्यादा फर्जी वोटरों के मामले अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर में मिल रहे हैं, इसलिए यहां विशेष सावधानी की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि वे खुद निगरानी करें और किसी भी पात्र मतदाता को सूची से छूटने न दें। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की रणनीति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी गंभीरता के साथ मतदाता सूची में अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है और साइलेंट रूप से काम कर रहा है।



सेंसेक्स 85712.37
निफ्टी 26146.45



सोना रु. 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 179025
प्रति किलो



# खुदरा महंगाई पर रहेगी निवेशकों की नजर

मुंबई, वार्ता



बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में रही गिरावट के बाद अब निवेशकों की नजर अगले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक और खुदरा महंगाई के आंकडत्रें पर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 9 और 10 दिसम्बर को होने वाली है। वहीं घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के नवम्बर के आंकड़े 12 दिसम्बर को जारी होंगे।

डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में उतार-चढ़ाव का असर स्पष्ट रूप से बाजारों पर दिखेगा। औद्योगिक उत्पादन के कमजोर आंकड़ों के बाद पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही। रुपये की गिरावट से भी निवेश धारणा कमजोर हुई। हालांकि सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से बाजार में रौनक लौट आई, विशेषकर बैंकिंग कंपनियों में। गत सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 5.70 अंक की नगण्य बढत्त के साथ 85,712.37 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 26,186.45 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव जयादा रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.23 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.80 प्रतिशत लुढ़क गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 में साप्ताहिक गिरावट रही, जबकि अन्य 14 में तेजी दर्ज की गई। इटनरल को सबसे अधिक 2.58 प्रतिशत का नुकसान हुआ। टाइटन का शेयर 2.42 फीसदी, हिदुस्तान यूनीलिवर का 1.75 और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.66 प्रतिशत टूट गया। सप्ताह के दौरान ट्रेंट का शेयर 1.45 फीसदी, सनफार्मा का 1.44, बीईएल का 1.18 और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.10 फीसदी लुढ़क गया। एनटीपीसी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी और अडानी पोर्ट्स में 0.50 फीसदी की गिरावट रही। इनफोसिस का शेयर 3.61 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में बंद हुआ। टेक महिंद्रा में 3.49 प्रतिशत, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 3.39, एशियन पेंट्स में 3.26 और टीसीएस में 3.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

# 300 महिला उद्यमियों ने दिखाया आजीविका मिशन का प्रभाव

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आयोजित हुए सरस फूड फेस्टिवल 2025 में दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सफलता तब स्पष्ट रूप से दिखाई दी जब इस साल मेले में 25 राजयों से लगभग 300 'लखपति दीदी' और स्वयं सहायता समूह उद्यमी भाग लेने पहुंचीं। इतनी बड़ी संख्या में इन महिला उद्यमियों का भाग लेना ग्रामीण भारत में आजीविका और सशक्तिकरण की एक बड़ी सफलता है। मेले के आकर्षण का केंद्र मोहाली, पंजाब की वंदना भारद्वाज रहीं। श्रीमती भारद्वाज अपनी आकर्षक और खास तरह की कढ़ाई 'फुलकारी' को लेकर आई थीं। उन्होंने साल 2018 में मात्र दस महिलाओं के एक छोटे स्वयं सहायता समूह से शुरुआत की थी। वह आज 25 गांवों में 500 से अधिक स्वयं सहायता समूह का नेतृत्व करती हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय से मिली सिलाई मशीनें और 30,000 की कार्यशील पूंजी जैसी मदद ने उनके उद्यम को बदल दिया। उनके नेतृत्व में ये समूह अब स्वेटर, स्कूल यूनिफॉर्म और उच्च गुणवत्ता वाले फुलकारी कपड़े बनाते हैं। इनकी खरीद सरकारी विभाग राष्ट्रीय और विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को उपहार देने के लिए होती है। ओडिशा के 'मां' नाम के स्वयं सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि इस समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आसान कर्ज और सरकारी अधिकारियों से नियमित मदद मिली। उन्होंने गर्व से बताया कि उन्होंने पिछले सरस मेले में पांच लाख के इकत सूती कपड़ों की बिक्री दर्ज की थी। इकत ओडिशा की खास छपाई का नाम है।

# गेहूं, चीनी मजबूत, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव स्थिर रहे। ग्राहकी आने से गेहूं और चीनी में तेजी रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत कमोबेश कोई साप्ताहिक बदलाव नहीं हुआ और सप्ताहांत पर यह 3,823.09 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

गेहूं छह रुपये बढ़कर 2,844.45 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत 13 रुपये फिसलकर 3,288.75 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 83 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 44 रुपये और सूरजमुखी तेल की 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। सोया तेल 11 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में चार रुपये और पाम ऑयल में दो रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। दाल-दलहनों में सप्ताह के दौरान मसूर दाल की औसत कीमत आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वहीं चना दाल 20 रुपये सस्ता हुआ। तुअर दाल और मूंग दाल 14.14 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। उड़द दाल भी तीन रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 28 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7812.14 रुपये, मसूर काली 8116.37 रुपये, मूंग दाल 10089.27 रुपये, उड़द दाल 10356.15 रुपये, तुअर दाल 10525.12 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.45 रुपये और चावल 3823.09 रुपये प्रति क्विंटल, आटा (गेहूं) 3288.75 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुडत्र: चीनी एस 4335.25 रुपये और गुड़ 5024.90 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17705.97 रुपये, मूंगफली तेल 17654.54 रुपये, सूरजमुखी तेल 15699.01 रुपये सोया तेल 13781.16 रुपये, पाम ऑयल 12440.97 रुपये और वनस्पति 14461.12 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**गोवा के...** आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा कि आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई। चश्मदीद फातिमा शेख के मुताबिक, आग लगते ही अंदर जोरदार भगदड़ मच गई। उस समय क्लब में वीकेंड पार्टी चल रही थी और करीब 100 लोग डांस फ्लोर पर थे। जैसे ही धुआं और लपटें दिखीं, कई लोग घबराकर नीचे की ओर भागे और गलती से ग्राउंड फ्लोर के किचन में पहुंच गए। वहां पहले से मौजूद स्टाफ भी फंस गया। कई लोग जैसे-तैसे बाहर निकले, लेकिन कुछ अंदर ही रह गए। सीएम सावंत ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज का दिन गोवा के लिए बहुत दुखद है। अरपोरा में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई। मैं बेहद दुखी हूं और इस कठिन समय में सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैंने मौके पर जाकर हालात देखे और इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**इंडिगो संकट:...** कोई भी एयरलाइन 500 किमी की दूरी तक 7500 रुपये, 500-1000 किमी तक 12 हजार रुपये से ज्यादा किराया नहीं ले पाएगी। एयरलाइंस का अधिकतम किराया 18 हजार रुपये तय किया गया है। हालांकि ये किराया सीमा बिजनेस क्लास के लिए लागू नहीं होगी। रविवार को कोलकाता के नेताजी सुभाषचंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो की 76 उड़ानें रद्द हुई हैं। इनमें 53 फ्लाइट उड़ान भरने वालीं और 23 फ्लाइट लैंड होने वालीं कैंसिल हुई हैं।

**बांग्लादेश में...** के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम और सुप्रीम कोर्ट में वकील संजय हेगड़े ने सोनाली की पूरी कहानी बताई। सोनाली खातून, उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने 18 जून 2025 को रोहिणी इलाके से हिरासत में लिया था। पुलिस ने सोनाली, पति दानिश, बेटे साबिर, स्वीटी बीबी और उनके दो बेटों को 18 जून को दिल्ली के रोहिणी इलाके से उठाया था। पुलिस उस वक्त गृह मंत्रालय के आदेश पर बांग्लादेशियों को पकड़ रही थी। लेकिन, पुलिस ने मंत्रालय का सर्कुलर ठीक से पढ़ा ही नहीं था। सोनाली कबाड़ बीनती है। उसने पुलिस को आधार, वोटर आईडी दिखाए।

1952 के जमीन के कागजात और साबिर का जन्म प्रमाण पत्र दिखाया था। लेकिन, किसी ने गुहार नहीं सुनी। पुलिस ने सोनाली, साबिर, स्वीटी बीबी और तीन अन्य सदस्यों को गृह मंत्रालय की टीम को सौंपा था। यहां से बीएसएफ की टीम सभी को प्लेन से पश्चिम बंगाल में मालदा जिले की महादी सीमा चौकी पर ले गई थी। बीएसएफ की एक टीम ने रात के अंधेरे में इनकी आंखों पर पट्टी बांधी और बांग्लादेश बार्डर की ओर धकेल दिया था। चेतावनी दी कि पीछे मुड़े तो गोली मार देंगे। सोनाली बेटे और गर्भ को लेकर बांग्लादेश में शारीरिक और मानसिक यातनाएं झेल रही थी। फिर बांग्लादेश पुलिस ने इन्हें भारतीय घुसपैठिया कहकर पासपोर्ट एक्ट और फॉरेनर्स एक्ट में गिरफ्तार किया, क्योंकि उनके पास भारतीय दस्तावेज थे इन्हें चापैनवाबगंज की जिला जेल भेज दिया गया, जहां दो वक्त का खाना भी नहीं मिला। इससे सोनाली कुपोषण का शिकार हो गई थी।

# उप्र में सड़क परिवहन होगा और सुरक्षित

लखनऊ, वार्ता

■ सरकार ने दी आधुनिक तकनीक को मंजूरी

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ट्रैफिक प्रबंधन को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए परिवहन विभाग और यातायात निदेशालय द्वारा प्रस्तुत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दे दी गई है।

इन योजनाओं के तहत राजय के प्रमुख शहरों और हाई-रिस्क जिलों में अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट डिवाइस, इंटीग्रेटेड सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क, के-इन-मोशन सेंसर और इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद की जाएगी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानों पर भी विशेष बल दिया जाएगा। राजधानी लखनऊ और मुरादाबाद में सड़क सुरक्षा निगरानी को और मजबूत बनाया जाएगा। सरकार ने लखनऊ के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन के लिए 4.96 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसी प्रकार मुरादाबाद और बलिया जनपदों में भी इंटीग्रेटेड सीसीटीवी व्यवस्था के लिए 3.10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। साथ ही बीटीटीई इकाइयों के लिए ट्रक सिमुलेटर और तकनीकी उपकरणों की खरीद के लिए 1.28 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हाई-रिस्क जिलों में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंफोर्समेंट प्रणाली को तेजी से लागू किया जा रहा है। इसके तहत 25 जिलों में 1 करोड़ रुपये प्रति जनपद की दर से कुल 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त शेष जनपदों के लिए 50 लाख रुपये प्रति जिला की दर से 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यातायात निदेशालय की ओर से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत राशि से 70 इंटरसेप्टर वाहनों की खरीद हो चुकी है। साथ ही 18 के-इन-मोशन सेंसर स्थापना के लिए 14.05 करोड़ रुपये की राशि पहले ही भेजी जा चुकी है।परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए 2.10 करोड़ रुपये से अधिक की राजस्व योजनाओं को भी मंजूरी दी है। इसके तहत प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के अलावा साइनेज बोर्ड, ई-चालान प्रणाली, वाहन व उपकरणों का रख-रखाव, इंटरनेट सेवा और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं संचालित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये की लागत से 4,500 आयरन बैरियर, 4,525 फोल्डिग बैरियर, 7,200 सेफ्टी हेलमेट, 8,000 फ्लोरोसेंट जैकेट, 270 ब्रेथ एनालाइजर, 85 स्पीड लेजर गन, 15 चारपहिया और 62 दोपहिया इंटरसेप्टर वाहन खरीदे जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम ने किया 108 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

■ कपकोट में उमड़ा जनसैलाब, सीएम धामी के स्वागत में जुटी भारी भीड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अपने बागेश्वर दौरे के दूसरे दिन, केदारेश्वर मैदान, कपकोट में आयोजित जन सम्मेलन में प्रतिभाग किया, जहाँ उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री ने 108 करोड़ रुपये की 42 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें लगभग 62 करोड़ की 24 योजनाओं का लोकार्पण तथा 45.95 करोड़ की 18 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनता की विशाल उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार विकास के सही मार्ग पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने 'मानस खंड माला' परियोजना के तहत धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की प्रगति की जानक. ारी साझा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन की नई पहल से प्रदेश में वर्षभर पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ेंगी और स्थानीय लोगों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्यरत है और वन डिस्ट्रिक्टख्टू प्रोडक्ट के तहत बागेश्वर की पारंपरिक ताम्र शिल्प को राष्ट्रीय पहचान मिल रही है।

सरयू एवं गोमती नदियों के संरक्षण कार्य निरंतर प्रगति पर हैं, वहीं बागेश्वर रेल लाइन का सर्वेक्षण भी पूर्ण हो चुका है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि गरुड़ अस्पताल का उच्चीकरण किया जाएगा, जिससे स्थानीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

इसके साथ ही विभिन्न स्वायत सहकारिता एवं स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता के चेक प्रदान किए गए । जिसमे संकल्प स्वायत सहकारिता समूह सीएलएफ (हर्षिला) को ६३ करोड़ 23 लाख, ऊर्जा स्वायत सहकारिता सीएलएफ को 22 लाख 50 हजार,एनआरएलएम की संवाद महिला स्वयं सहायता समूह और जय गोलू देवता स्वयं सहायता समूह को ६५ -5 लाख के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर कृषि, उद्यान, रेशम, सहकारिता, ग्राम्य विकास, महिला सशक्तिकरण, डेयरी, पशुपालन एवं उद्योग विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल स्थापित किए, जिन पर आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया, स्थानीय हस्तशिल्पकारों से संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और उनके कार्य का उत्साहवर्द्धन किया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, बागेश्वर विधायक पार्वती दास, दर्जा राज्यमंत्री भूपेश उपाध्याय, शिव सिंह विष्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौंरयाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, एसपी चंद्र सिंह घोड़के, सीडीओ आर.सी. तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# खेलों से होता व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास : डा. बंसल

■ कहा - सांसद खेल महोत्सव से मिल रहा छुपी प्रतिभाओं को मंच, सहसपुर के मिनी स्टेडियम शंकरपुर में आयोजित विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 जारी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**सहसपुर/देहरादून।** युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से युवा शक्ति का उत्सव सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत सासंद डा. नरेश बंसल के सौजन्य से विकासखण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन देहरादून जिले मे किया जा रहा है। दो दिवसीय इस खेल आयोजन में बड़ी संख्या में खिलाड़ी और खेल प्रेमी शामिल हुए। विकासखंड सहसपुर के मिनी स्टेडियम शंकरपुर में आयोजित विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 के दूसरे दिन में जनपद के विभिन्न विकास खंड से आए प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें विकासखंड सहसपुर, विकासखंड विकास नगर, विकासखंड कालसी,विकासखंड रायपुर आदि से लगभग 400 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम के तहत आयोजित खेलों में जिसमें कबड्डी,खो-खो, वॉलीबॉल,एथलेटिक्स,पिट्टू आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और प्रतिस्पर्धा के साथ विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# हरक के चुभते बोल और हरदा की सेवा जैसी नौटंकी कांग्रेस की सोच: चौहान

■ भाजपा ने सिख समुदाय पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी को अशोभनीय और भावना को आहत करने वाला करार दिया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने सिक्ख समुदाय पर कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत की टिप्पणी को अशोभनीय और समुदाय की भावना को आहत करने वाला करार देते हुए कहा कि कांग्रेस का यही चरित्र है और असंसदीय भाषा के बाद पश्चाताप की नौटंकी से उसका असली चेहरा सामने आ गया है।

चौहान ने कहा कि हरक सिंह रावत के अभद्र बयान पर कांग्रेस अचानक डिफेंस मोड में आ गई है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत मैदान में उतरकर कह रहे हैं कि "हम खेद प्रकट करते हैं और गुरुद्वारों में सेवा कर पश्चाताप करेंगे।" लेकिन सवाल यह है कि क्या कांग्रेस की नई राजनीति यही है, पहले हिंदू और सिख अस्मिता पर हमला करो, फिर इसे "जुबान फिसल गई" कहकर गुरुद्वारों-मंदिरों की देहलीज पर जाकर नकली पश्चाताप का नाटक किया जाय। उन्होंने कहा कि अगर हरीश रावत वास्तव में पश्चाताप की भावना से ओतप्रोत हैं, तो क्या वे उन ऐतिहासिक अपराधों पर भी माफी मांगेंगे जिनकी जड़ में कांग्रेस की सोच और सत्ता की हवस रही है?ऑपरेशन ब्लू स्टार के कलंक को कौन धोएगा? 1984 के सिख विरोधी दंगों की आग में झुलसे हजारों परिवारों की चीखों का जवाब कौन देगा? भोपाल गैस त्रासदी में तड़पती जिंदगियों का पाप किसके नाम लिखा है? क्या इन सबका प्रायश्चित सिर्फ टीवी कैमरों के सामने पश्चाताप के घड़ियाली आंसु बहाने से पूरा हो जाएगा?

जहाँ तक हरक सिंह रावत की बात है, भाषा निश्चित रूप से अशोभनीय थी, लेकिन उन्होंने कांग्रेस की आत्मा में छिपी उस सच्चाई को उघाड़कर सामने रख दिया ,जिसे कांग्रेस सालों से पर्दे में छुपाए बैठी थी। आज हरीश रावत खेद जता रहे हैं, सेवा की बातें कर रहे हैं। लेकिन क्या कैमरे ऑन कर दो लाइन बोल देने से इतिहास के खून से सने पन्ने धुल जाएंगे? कांग्रेस के पापों की किताब बंद कर देना क्या इतना आसान है?उन्होंने कहा कि इतिहास भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करने के बाद भी यह सवाल बना रहेगा कि सिखों पर किए अत्याचारों की असली माफी कब मिलेगी? और सच्चाई यही है यह विवाद हरक सिंह की जुबान फिसलने का नहीं, कांग्रेस की सोच खुलकर सामने आने का है।

# आरएसएस ने किया घर-घर संपर्क

**विकासनगर।** राष्ट्र स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तहसील कालसी के खत लखवाड एवं फरताड़ में स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन की 100 वर्षों की सेवा यात्रा, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रनिर्माण में किए गए कार्यों की जानकारी पहुँचाना रहा।शताब्दी वर्ष में प्रस्तावित सेवा, संस्कार और समाज. जागरण गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण सुरक्षा, परिवार प्रबोधन और युवा जागरण जैसे विषयों पर जागरूकता सामग्री भी वितरित की। अभियान में युवाओं, महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों का उत्साहपूर्ण सहयोग देखने को मिला। कई दुक. ानदारों और स्थानीय नागरिकों ने अभियान की सराहना की।

# जोशी ने किया सीवर लाइन परियोजना का भूमिपूजन




■ मसूरी विधानसभा क्षेत्र के तहत बनने वाली सीवर लाइन परियोजना पर आएगी 53-72 करोड़ की लागत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को गढ़ी कैंट स्थित डाकरा बाजार में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 53.72 करोड़ की लागत से बनने वाले टपकेश्वरखगढ़ी कैंट सीवर लाइन परियोजना का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि 53.72 करोड़ की लागत से बनने वाली यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्र की सीव. रेज व्यवस्था को मजबूत करेगी और स्थानीय निवासियों को प्रदूषण व जलभराव जैसी समस्याओं से राहत दिलाएगी। इस दौरान उन्होंने गढी कैंट के सम्भ्रान्त एवं विशिष्ट जनों को सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि "धामी सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी समय पर करती है। विकास कार्यों की यह निरंतरता सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंत्री जोशी ने कहा कि सरकार क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और इस परियोजना के पूर्ण होने से हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों से मसूरी विधानसभा में लगभग 23 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जा चुका है। मंत्री जोशी का कहना है कि हमारी सरकार के द्वारा लगातार विकास कार्यों को अनवरत रूप से किया जा रहा है।

मंत्री जोशी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी देवभूमि पूरे देश में 75 फीसदी सैनिकों की आपूर्ति करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप पंचम धाम सैन्यधाम को जल्द जनता के लिए समर्पित किया जाएगा।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, विष्णु गुप्ता, राजेंद्र कौर सौंधी, ज्योति कोटिया, प्रदीप रावत, समीर डोभाल, बेला गुप्ता, देवेंद्र पाल सिंह, मधु खत्री, टी. डी. भूटिया, मनोज क्षेत्री, प्रभा शाह, निर्मला भट्ट, रेखा, सारिका खत्री सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# युवा स्वस्थ, सक्षम एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें : माला

■ देहरादून में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम का समापन




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** टिहरी गढ़वाल लोकसभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की गरिमामयी उपस्थिति में ष्सांसद खेल महोत्सवष का दो दिवसीय भव्य आयोजन आज सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित इस महोत्सव में जनपद भर से आए युवाओं, खिलाड़ियों, कोचों एवं खेलप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

सांसद राज्य लक्ष्मी शाह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्खेलो इंडिया फिट इंडियाष अभियान की भावना को जन-जन तक पहुँचाने में ऐसे खेल महोत्सव अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि अनुशासन, एकता, आत्मविश्वास और राष्ट्रभाव से जुड़ी जीवनशैली है।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को खेलों के माध्यम से उत्कृष्टता, नेतृत्व, टीमवर्क और सकारात्मक सोच का मार्ग प्राप्त होता है। यह महोत्सव इसी उद्देश्य को समर्पित है कि हमारे युवा स्वस्थ, सक्षम एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बनें।

सांसद ने विजेताओं को स्मृति चिन्ह एवं सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र आवंटित किए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक खजान दास ने ष्सांसद खेल महोत्सव ष की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलती है तथा स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण को गति मिलती है। कार्यक्रम का संचालन विनोद खंडूरी द्वारा किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मेहरबान सिंह रावत , सुनीता विद्यार्थी , जिला खेल अधिकारी, समस्त कोच एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बालक वर्ग टीम ने सहोदय प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान

**विकासनगर।** विकासनगर तथा हरबर्टपुर की सीनियर बालक वर्ग ने सहोदय अंतर विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता में द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।इंडियन पब्लिक स्कूल राजावाला में आयोजित सीनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में कुल 10 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सेपियंस स्कूल विकासनगर की टीम ने डबल्स में वंश चौधरी, अक्षत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सेपियंस स्कूल हर्बर्टपुर के छात्र अनंत ने सिंगल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंदिरा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत सपरा एवं रशिता सपरा ने टीम की सराहना की और शारीरिक प्रशिक्षक सतीश चौहान, बीएस राय, संजय चौहान, सूरज चौहान, निशा चौहान, विकास पंवार को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# चकराता जनप्रतिनिधियों ने सहायक अधिकारी के स्थानांतरण की उठाई मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता विकास खण्ड के जनप्रतिनिधियों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बाल स्वरूप के स्थानांतरण की मांग को लेकर निदेशक, पंचायती राज उत्तराखण्ड को एक शिकायत प्रार्थनापत्र सौंपा है। इससे पहले भी 16 अक्टूबर 25 को जनप्रतिनिधियों द्वारा एवं 11 नवंबर 25 को जिला पंचायत राज अधिकारी देहरादून द्वारा इस सम्बन्ध में पत्र भेजा जा चुका है, जिसकी प्रतियां निदेशालय को उपलब्ध कराई गई हैं।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतें भेजे जाने के बावजूद सहायक अधिकारी बाल स्वरूप का स्थानांतरण देहरादून जनपद से अन्यत्र नहीं किया गया है, जिससे स्थानीय जनता और निर्वाचित प्रतिनिधियों में रोष बढ़ रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा भेजे गए पत्र में भी अधिकारी के कार्य व्यवहार को लेकर गंभीर टिप्पणियां की गई हैं। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि उक्त अधिकारी पर पूर्व में भी हरिद्वार जनपद में अनियमितताओं के आरोप लगे थे, जिसके कारण उसका तबादला देहरादून किया गया था। इसके अलावा जहां-जहां वह तैनात रहा, वहां उसके कार्यकलापों को संतोषजनक नहीं पाया गया और बार-बार उसके स्थानांतरण की नौबत आई।आरोप है कि अधिकारी ने क्षेत्र के जनजातीय ग्रामीणों के साथ विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न किया जा रहा है ।जनप्रतिनिधियों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि स्थानांतरण शीघ्र न किया गया, तो वे इस मामले को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली तक ले जाने के लिए बाध्य होंगे।शिकायत पत्र पर ग्राम पंचायत डेरियों के प्रधान सुरेन्द्र सिंह चौहान, प्रधान राजेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत भटाड बावर के प्रधान लक्ष्मण शाह, ग्राम पंचायत त्यूना, ग्राम पंचायत जस्टा के प्रधान कुन्दन सिंह तथा भाजपा युवा मोर्चा चकराता के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष यशपाल तोमर के हस्ताक्षर हैं।

# भारत दर्शन शैक्षणिक भ्रमण पर जाएंगे प्रदेश के 240 छात्र छात्राएं

■ मुख्यमंत्री सोमवार को शिक्षा निदेशालय से छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना,शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत बोले, छात्रों के लिए जरूरी है शैक्षिक भ्रमण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के लिये प्रत्येक विकासखण्ड से दो-दो प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इसके लिये राज्य सरकार ने 50 लाख की धनराशि अवमुक्त करने की मंजूरी दी है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राएं देशभर के वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण करेंगे। डॉ.धन सिंह रावत ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दिनांक 8 दिसंबर 2025, सोमवार को शिक्षा निदेशालय से छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शिक्षा मंत्री ने बताया कि भारत दर्शन शैक्षणिक भ्रमण ख्र2025, कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के 240 टॉपर छात्र/ छात्राएं केरल, तमिलनाडु, कर्नाटका, तेलंगाना, गुजरात एवं मध्य प्रदेश राज्यों के वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्रों का भ्रमण करेंगे। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिये राज्य सरकार ने कई कदम उठाये हैं। जिसमें भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम भी शामिल है। इस कार्यक्रम का मकसद छात्र-छात्राओं को देश की विविधता, इतिहास, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, व्यावहारिक शिक्षण का अनुभव और शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत कुल 240 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को देश के विभिन्न राज्यों में शैक्षिक भ्रमण पर भेजा जायेगा। जिसके लिये विकासखण्डवार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉपर 2-2 छात्र-छात्राओं का चयन किया जायेगा। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार ने 50 लाख की धनराशि अवमुक्त कर दी है। डॉ. रावत ने बताया कि पांच दिवसीय भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को देशभर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जायेगा। जिससे वह वहां के लोक जीवन, संस्कृति, भाषा, रहन-सहन इत्यादि से परिचित होंगे। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक संस्थानों, सांस्कृतिक और ऐतिहा. सिक स्थलों का भी भ्रमण कराया जायेगा। इस कार्यक्रम से जहां छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक अनुभव मिलेगा वहीं प्रदेश की शिक्षा और योग्यता के स्तर में भी सुधार होगा।

# झंडा दिवस पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को लगाया फ्लैग



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर आज सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक और अधिकारिगणों ने प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को फ्लैग लगाया।

इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राज्यवासियों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और सभी से 'सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष' में सैन्य परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए अपना योगदान देते हुए लोगों से भी योगदान देने की भी अपील की।

इस अवसर पर निदेशक सैनिक कल्याण श्याम सिंह, उप निदेशक निधि बधानी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भरतवाण के गीतों पर झूमे दर्शक

**उत्तरकाशी :** चिन्यालीसौड़ एकता मंच के तत्वाधान में आयोजित प्रथम चिन्यालीसौड़ महोत्सव में लोक गायक जागर सम्राट पद्मश्री डॉक्टर प्रीतम भरतवाण के गीतों ने समां बांधा है। रविवार को कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा बिष्ट यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है ।इस दौरान अपर्णा बिष्ट यादव ने कहा कि मैं आज अपर्णा यादव बनकर नहीं आई बल्कि अपर्णा बिष्ट यादव बनकर आई हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया अभी आगे ओर बढ़ेगा।उन्होंने आव्हान किया कि बेटियों को आर्मी समेत हर क्षेत्र में जाने दे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन में भी महिलाएं शामिल थी।

# सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़: विधायक

■ बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति हरबर्टपुर का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बहुदेशीय किसान सेवा सहकारी समिति हरबर्टपुर में नव निर्वाचित सभापति, उपसभापति एवं संचालक मंडल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरदार जसविंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय किसान, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला प्रतिनिधि और ग्रामीण पहुंचे। शपथ ग्रहण के दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने समिति के संचालन में पारदर्शिता, किसानों के हितों को प्राथमिकता देने और सेवा की भावना से कार्य करने का संकल्प लिया।

विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी समितियाँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इनकी मजबूती से क्षेत्र में कृषि आधारित विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समिति किसानों की जरूरतों और समस्याओं का समाधान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

कार्यक्रम में पदाधिकारियों का फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर बहुउद्देशीय किसान समिति हरबर्टपुर के उपसभापति जितेंद्र कुमार उर्फ रिंकू भी मौजूद रहे।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सीएम ने की घोषणाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली ।**मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर रविवार को सवाड़, चमोली पहुँचे, जहाँ क्षेत्रवासियों, पूर्व सैनिकों तथा उनके परिजनों द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सहभागिताओं के बीच मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों और घोषणाओं को साझा किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की कि ग्वालदमख्रदेवालख्रवाण मोटर मार्ग को नंदा देवी राजजात के आयोजन के उपरांत बीआरओ को सौंपने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे भविष्य में सड़क की गुणवत्ता, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी।

इसी प्रकार रामपुर तोर्ती को कुमाऊं क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़क के निर्माण को भी सरकार की प्राथमिकता बताया गया।मुख्यमंत्री द्वारा थराली के तलवाड़ी तथा नंदानगर के लांखी क्षेत्र में मिनी स्टेडियम निर्माण को स्वीकृति दिए जाने का भी उल्लेख किया गया, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए खेल सुविधाएँ और अवसरों का विस्तार हो सकेगा।




**ग्वालदम देवालवाण मोटर मार्ग बीआरओ को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया तेज, 'थराली व नंदानगर में दो मिनी स्टेडियम निर्माण को मिली मंजूरी, सवाड़ का 'अमर शहीद सैनिक मेला' राजकीय मेला घोषित करने की घोषणा,सैनिक स्मृति संग्रहालय में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री ने 'अमर शहीद सैनिक मेला सवाड़' को राजकीय मेला करने की घोषणा भी की, जिसकी स्थानीय जनता और पूर्व सैनिक समाज की लंबे समय से प्रतीक्षा थी। यह निर्णय क्षेत्र में वीर सैनिकों की गौरवशाली परंपरा को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सवाड़ स्थित सैनिक स्मृति संग्रहालय का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने 18वें 'अमर शहीद सैनिक मेला' के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सवाड़ की धरती हमेशा राष्ट्रभक्ति, समर्पण और शौर्य की मिसाल रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं सैनिक परिवार से आते हैं, और इस वीरभूमि में पहुंचकर उनके मन में अपने पिता द्वारा सुनाई गई अनेक वीरगाथाओं की स्मृतियाँ ताजा हो उठीं। उन्होंने कहा कि सवाड़ गांव के वीर जवानों ने सदैव राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अप्रतिम त्याग किया है, जिसकी पहचान पूरे भारतवर्ष में है।मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना और रक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार देखने को मिले हैं। जहाँ एक समय भारत रक्षा उपकरणों के लिए विदेशों पर निर्भर था, वहीं अब देश कई महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों का निर्यात करने वाले अग्रणी राष्ट्रों में शामिल हो चुका है। इस संदर्भ में उन्होंने हाल ही में संचालित 'ऑपरेशन सिंदूर' का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत की सामरिक क्षमता, सैनिकों का साहस और स्वदेशी हथियारख्रतीनों ने विश्व स्तर पर देश की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।

राज्य की सामाजिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी विकृतियों पर रोक लगाने के लिए सरकार ने निर्णायक कदम उठाए हैं, ताकि देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता को सुरक्षित रखा जा सके।इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन चुका है जिसने समान नागरिक संहिता (न्ब्ब) को व्यावहारिक रूप से लागू किया है। इसे सरकार द्वारा जनता के प्रति किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया। सरकार का मानना है कि केवल घोषणाएँ नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना ही वास्तविक प्रतिबद्धता का संकेत है।

कार्यक्रम में विधायक थराली श्री भूपाल राम टम्टा, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के अध्यक्ष रामचन्द्र गौड़, उपाध्यक्ष हरक सिंह नेगी, साथ ही मेला समिति सवाड़ के अध्यक्ष आलम सिंह बिष्ट सहित जिले के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों ने निकाली पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड के बैनर तले रविवार को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों ने रविवार को कीर्तिनगर रामलीला मैदान से सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर तक पदयात्रा निकाली। रैली में सैकड़ों कर्मचारी और उनके परिजन शामिल हुए। कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने एवं नई पेंशन योजना का बहिष्कार करने की मांग उठाई। धारी देवी मंदिर पहुंचकर कर्मचारियों ने मां धारी देवी के समक्ष पेंशन बहाली को लेकर अर्जी लगाई और पूजा-अर्चना की। मोर्चा लगातार पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलनरत है। इसी क्रम में निकाली गई पदयात्रा कीर्तिनगर रामलीला मैदान से शुरू होकर बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिल्केदार, भक्तियाना, श्रीनगर, श्रीकोट और डूंगरीपंत होते हुए धारी देवी मंदिर तक पहुंची। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विपिन सिंह रावत ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य सरकार तक पुरानी पेंशन बहाली की आवाज को और मजबूती से पहुंचाना है। टिहरी जनपद अध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा कि यह वर्षों पुरानी मांग है, जिसके समर्थन में प्रदेशभर में जनजागरूकता और आंदोलन जारी हैं। शिक्षक मनिंद्र लड़ोला ने कहा कि विधायक और सांसदों को तो एक बार का कार्यकाल पूरा करने पर भी पेंशन मिल जाती है, लेकिन दुर्गम क्षेत्रों में वर्षों तक सेवा देने वाले कर्मचारियों को पेंशन से वंचित किया जा रहा है। कहा कि लोग भविष्य सुरक्षित होने की आशा में सरकारी सेवा में आते हैं, लेकिन पेंशन खत्म किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी एनपीएस व यूपीएस का विरोध करते हैं तथा पुरानी पेंशन बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा।

## एक नजर .......

### स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**उत्तरकाशी:** उत्तरकाशी कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने एक व्यक्ति को अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया है, अभियुक्त के कब्जे से 10.1 ग्राम स्मैक बरामद बरामद की गयी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उत्तरकाशी के नेतृत्व में कोतवाली उत्तरकाशी व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा सटीक जानकारी जुटाते हुये ज्ञानसू उत्तरकाशी से चौकिंग के दौरान अमित नाम के एक व्यक्ति को अवैध स्मैक (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 10.1 ग्राम स्मैक (जिसकी कीमत करीब 3 लाख) आंकी गई है।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली उत्तरकाशी पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भरदार पट्टी के युवक ने लगाई नदी में छलांग

**रुद्रप्रयाग।** जिला मुख्यालय स्थित बेलनी पुल से एक युवक ने अलकनंदा नदी में छलांग लगा दी। युवक को छलांग लगाते हुए पास में मौजूद एक कार्मिक ने देख लिया। सूचना मिलने पर मौके पर जल पुलिस भी पहुंची, तब तक युवक किनारे आने लगा। पुलिस जवान भी तेजी के साथ युवक के पास पहुंचे और उसे नदी से बाहर निकाला। कोतवाल निरीक्षक मनोज नेगी ने बताया कि रविवार दोपहर के करीब तीन बजे भरदार पट्टी के दरमोला निवासी उपेन्द्र पंवार ने अलकनंदा नदी में छलांग लगा दी। पास में ड्यूटी दे रहे कार्मिक ने उसे छलांग लगाते देख लिया और सूचना पुलिस को दी। मौके पर जल पुलिस शीघ्र पहुंची, तब युवक भी धीरे-धीरे किनारे आ गया, जिसके बाद पुलिस की टीम युवक को लेकर सड़क तक पहुंची।

## छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

**श्रीनगर।** रानीहाट स्थित पौराणिक सिद्धपीठ राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में गढ़वाल विश्वविद्यालय के छात्रों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान छात्रों ने परिसर में उगी झाड़ियों को काटकर साफ किया, जिससे कि मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। विवि छात्र नेता पंकज फर्स्वाण के नेतृत्व में दर्जनभर से अधिक छात्रों ने रविवार को मंदिर परिसर में पहुंच सफाई अभियान चलाया। पंकज ने बताया कि रानीहाट स्थित राजराजेश्वरी मंदिर धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंदिर है।

# नारी शक्ति का कमाल, गांव में ही खड़ी की स्वरोजगार की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड के पर्वतीय अंचलों में अब मातृशक्ति केवल चूल्हे-चौके तक सीमित नहीं है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार की नई इबारत लिख रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि अपने साथ-साथ अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं। इसी बदलाव की एक सशक्त बानगी टिहरी जिले के चम्बा ब्लॉक स्थित स्युंटा छोटा गांव में देखने को मिली है, जहां की निवासी सीमा भण्डारी ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता की नई कहानी गढ़ी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं ने उनके सपनों को पंख लगाने का काम किया है।

सीमा भण्डारी ने अपने गांव में नागराजा स्वयं सहायता समूह का गठन कर सामूहिक विकास की नींव रखी। वर्ष 2018 में समूह के अस्तित्व में आने के बाद उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से न केवल प्रशिक्षण मिला, बल्कि सही दिशा-निर्देश भी प्राप्त हुए। स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने वर्ष 2023 में आरसेटी



(ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) से मशरूम उत्पादन का विधिवत प्रशिक्षण लिया। उनकी मेहनत रंग लाई और महज तीन महीने के भीतर ही उन्होंने मशरूम उत्पादन से 15,000 रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित कर यह साबित कर दिया कि यदि इच्छाशक्ति हो तो गांव में रहकर भी अच्छी आजीविका कमाई जा सकती है। आज सीमा और उनके समूह की महिलाएं इस आउटलेट के माध्यम से स्थानीय स्तर पर उत्पादित दाल, अचार, राजमा, औषधीय गुणों से भरपूर कैमोमाइल चाय और मशरूम जैसे ऑर्गेनिक उत्पादों की बिक्री कर रही हैं। इतना ही नहीं, अपने व्यवसाय को और अधिक विस्तृत रूप देने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 5 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर एक स्टोर और उत्पाद संग्रहण केंद्र का निर्माण भी किया है, जिससे उत्पादों के रखरखाव और विपणन में आसानी हो रही है।आज सीमा भण्डारी की यह पहल एक बड़े कारोबार का रूप ले चुकी है। उनका आउटलेट हर साल लगभग 5 लाख रुपये का टर्नओवर कर रहा है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि है। उनकी इस सफलता का सबसे सुखद पहलू यह है कि इसका लाभ केवल उन तक सीमित नहीं है। वे अपने आउटलेट और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए गांव की अन्य 134 महिलाओं को भी रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही हैं। सीमा भण्डारी द्वारा संचालित 3-के ऑर्गेनिक आउटलेट और समूह सुविधा केंद्र आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

# संगठन को बनाएं मजबूत :प्रदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिला कांग्रेस कमेटी उत्तरकाशी के नव नियुक्त अध्यक्ष प्रदीप रावत ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देना शुरू कर दिया है।रविवार को नगर कांग्रेस कमेटी चिन्यालीसौड़ एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिन्यालीसौड़ की संयुक्त बैठक ली।इस दौरान संगठन ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का गर्म जोश के साथ स्वागत किया। इस दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत ने कार्यकताओं में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर खूब जोश फूंका।

उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं जनता से सीधे



जुड़े रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन की शक्ति ही जनता की उम्मीदों की आवाज बनती है, और कांग्रेस हमेशा जनहित के साथ खड़ी रही है।उन्होंने कहा बीजेपी की कुनीतियों से नाखुश होकर कई लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।बैठक के दौरान भाजपा की जनविरोधी नीतियों से निराश होकर अनेक लोगों ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था व विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अध्यक्ष जसबीर चौहान,राजेंद्र गुसाईं ,नवीन भंडारी,महावीर रावत,श्रीपाल पंवार,प्रशांत रांगड़,प्रशांत रांगड़,कृष्णा नौटियाल,त्रेपन लाल,बीना चौहान,ममता,रामी चौहान,प्रधान तुल्याडा श्रीमती सुनीता परमार आदि मौजूद रहे है।

## 20 मीटर वाक रेस में सूरज ने जीता पदक

**श्रीनगर।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 20 मीटर वाक रेस में सूरज ने रजत पदक हासिल किया है। सूरज के कोच विकास शाह ने बताया कि राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उनके सानिध्य में कोचिंग कर रहें बनारस विवि के बीए प्रथम वर्ष के छात्र सूरज ने वाक रेस में रजत पदक हासिल किया है। बताए की छात्र ने एक साल की ट्रेनिंग के अंतर्गत 3 महीने की हाई एटीट्यूड ट्रेनिंग रांसी स्टेडियम में भी प्राप्त की है।बताया कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी सूरज ने अद्भुत कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए रजत पदक हासिल किया है।

# मयाली में भालू की सूचना पर दौड़े अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** दक्षिणी जखोली रेंज के अंतर्गत आज लस्या बीट क्षेत्र में मयाली बाजार के समीप भालू की गतिविधि दिखाई देने पर वन विभाग की टीम ने तत्काल पहल करते हुए बाजार क्षेत्र में विस्तृत जन जागरूकता गोष्ठी आयोजित की।

गोष्ठि में मयाली व्यापार संघ के अध्यक्ष की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई, जिसमें स्थानीय व्यापारियों, आमजन तथा आस-पास के दुकानदारों को मानव-वन्य जीव संघर्ष विशेषकर मानव-भालू संघर्ष के संभावित जोखिमों और इनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। टीम



ने बताया कि भालू अक्सर भोजन की तलाश में मानवीय बस्तियों के नजदीक पहुंच जाते हैं। ऐसे में बाजार क्षेत्र में कूड़े-कचरे के उचित प्रबंधन और निस्तारण का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

लापरवाही से फैला कचरा जंगली जानवरों को आकर्षित करता है, जिससे संघर्ष की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। उपस्थित लोगों को अवगत किया गया कि दुकान एवं घरों के आसपास कूड़ा खुले में न रखें तथा कूड़ा निस्तारण उचित व्यवस्था अनुसार करें। वन विभाग की टीम ने इस दौरान कई सुरक्षा और सचेतन उपायों पर भी जोर दिया, जिसमें शाम एवं रात के समय अनावश्यक रूप से अकेले न घूमने, बच्चों, बुजुर्गों तथा मवेशियों पर विशेष निगरानी रखने, भालू दिखने या गतिविधि संदेहास्पद होने पर तुरंत वन विभाग को सूचित करने तथा क्षेत्र में अलर्ट रहने एवं अफवाहों से बचने की अपील की गई मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में स्थानीय नागरिकों की जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला प्रशासन द्वारा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि मानव एवं वन्य जीव सहअस्तित्व को बढ़ावा दिया जा सके। इस दौरान उप वन क्षेत्राधिकारी केसी नैनवाल, वन आरक्षी गोविंद सिंह चौहान, चेतन भंडारी, सुरेंद्र दत्त सकलानी, विक्रम रावत आदि मौजूद रहे।

## श्री सिद्धबली महोत्सव का हुआ समापन

**कोटद्वार ।** श्री सिद्धबली मंदिर परिसर में चल रहे तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के समापन पर एकादश कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ ही सिद्धबाबा के जागर लगाए गए। जागरों के दौरान कई पुरुष व महिलाएं देवता के प्रभाव में आकर नाचते दिखे। सिद्धबाबा के जागर संपन्न होने के बाद सवा मन रोट का भोग लगाया गया और बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। अंत में भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा के मनमोहक भजनों की धूम रही। भजनों पर प्रस्तुत की गई शिव, हनुमान, रामजी की झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# नेगी को मिली पत्रकार कल्याण समिति में सदस्य की जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मण सिंह नेगी को पत्रकार कल्याण कोष और वयोवृद्ध पत्रकार सम्मान पेंशन समिति का सदस्य नामित करने पर जिले के पत्रकारों में खुशी की लहर है। नेगी पिछले दो दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के साथ ही सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं। उन्हें सदस्य नामित किये जाने पर पत्रकारों ने प्रदेश सरकार का आभार भी जताया है।

वरिष्ठ पत्रकार नेगी ने कहा कि जो दायित्व उन्हें मिला है, उसका वे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। पत्रकारों की हर समस्या के समाधान को लेकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के कल्याण और सम्मान पेंशन को



लेकर तेजी के साथ कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बीते दिन देहरादून में आयोजित बैठक में 15 पत्रकारों के आश्रितों को 5-5 लाख तथा चार पत्रकारों की पेंशन के प्रस्ताव पारित हुए तथा भविष्य में पत्रकारों के हितों के लिए संघर्ष किया किया जायेगा। उन्हें सदस्य बनाए जाने पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, पूर्व विधायक मनोज रावत, राज्य मंत्री चण्डी प्रसाद भट्ट, ऐश्वर्या रावत, क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज शुक्ला, ज्येष्ठ प्रमुख राकेश नेगी, कनिष्ठ प्रमुख प्रदीप त्रिवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष कुब्जा धर्म्वाण, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप रावत, कार्तिकेय मन्दिर समिति अध्यक्ष बिक्रम सिंह नेगी, लवीश राणा, जिला पंचायत सदस्य प्रीति पुष्वाण, संपंन नेगी, जयवर्धन काण्डपाल, गम्भीर बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद राणा, रीना बिष्ट, सुनीता बर्त्वाल, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल, सभासद प्रदीप धर्म्वाण, बलवीर पंवार, पूजा देवी, सरला रावत, भाजपा चोपता मंडल अध्यक्ष अर्जुन नेगी, महामंत्री दीपक नेगी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष त्रिलोचन भट्ट, कांग्रेस पूर्व युवा जिलाध्यक्ष कर्मवीर कुंवर, प्रधान घिमतोली कविता नेगी, योगेन्द्र नेगी, रघुवीर सिंह नेगी, पूर्व प्रधान बसंती देवी, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मगन सिंह नेगी, प्रदीप नेगी, प्रवीन रावत, पंकज कप्रवाण, चन्दन नेगी सहित वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी प्रसाद डिमरी, अनसूया प्रसाद मलासी, हरीश गुंसाई, बृजेश भट्ट, बद्री नौटियाल, हरेन्द्र नेगी, रोहित डिमरी, शैलेन्द्र रावत, सुनीत चौधरी, प्रवीन सेमवाल, प्रवीन रावत, रविन्द्र कप्रवाण, दीपक, पंकज सहित अन्य पत्रकारों ने खुशी जताई है।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अधिकारियों ने किया सैनिकों के बलिदान को नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राष्ट्र की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों और उनके आश्रितों के सम्मान में रविवार को जनपद भर में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पूरी गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर जिला प्रशासन ने सैनिकों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्वैच्छिक अंशदान देकर समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया। सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी कप्तान बलवंत रावत ने जिला कलेक्ट्रेट और अन्य कार्यालयों में पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को सशस्त्र सेना का प्रतीक ध्वज लगाया और इस दिवस की महत्ता से अवगत कराया।

विदित हो कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस हर साल 7 दिसंबर को पूरे देश में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य देश की रक्षा के लिए शहीद हुए सैनिकों की वीरांगनाओं, युद्ध में विकलांग हुए जवानों, सेवारत सैनिकों और सेवानिवृत्त पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के पुनर्वास और कल्याण के लिए धन संग्रह करना है। यह दिन आम नागरिकों को यह स्मरण कराता है कि जिन सैनिकों ने देश के लिए अपना आज कुर्बान कर दिया, उनके और उनके परिवारों के सुख-दुख का ख्याल रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर एकत्रित की गई राशि का उपयोग पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को चिकित्सा, शिक्षा और अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने में किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह और जिला विकास अधिकारी मो. असलम सहित विभिन्न विभागीय अधिकारियों की वर्दी और परिधानों पर सशस्त्र सेना का झंडा लगाया। इस मौके पर जिलाधिकारी और अन्य सभी अधिकारियों ने देश के रक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए सैनिक कल्याण कोष के लिए धनराशि एकत्रित कर सौंपी।

# भरदार क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर उक्रांद का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उक्रांद कार्यकर्ताओं ने भरदार पट्टी क्षेत्र में गंभीर पेयजल समस्या को लेकर सुमाड़ी में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

रविवार को उक्रांद कार्यकर्ता सुमाड़ी भरदार में एकत्रित हुए और पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। उक्रांद नेताओं ने कहा कि विकासखण्ड जखोली के अन्तर्गत भरदार क्षेत्र की जनता पेयजल समस्या से जूझ रही है। क्षेत्र के लिए पेयजल योजनाएं स्वीकृत होने के बावजूद भी अधूरी पड़ी हैं और जो योजनाएँ निर्मित हुई हैं, वे भ्रष्टाचार की भेंट चड़ी हुई हैं।



योजनाओं पर पानी नहीं चल पा रहा है, जिससे भरदार क्षेत्र के दर्जनों गांव पेयजल समस्या का दंश झेल रहे हैं। जनता की मांग को लगातार शासन-प्रशासन अनसूना कर रहा है।

उक्रांद कार्यकर्ताओं ने अभी एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन ही किया है, जल्द मांग पर कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन को उग्र किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूरत सिंह झिंक्वाण, पूर्व केंद्रीय महामंत्री देवेन्द्र चमोली, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुबोध नौटियाल, जिला महामंत्री दीपक प्रकाश भट्ट, अजीत भंडारी, तिबाड़ा नगर अध्यक्ष रवि राणा, जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह फर्स्वाण, उपेन्द्र पंत, टुपर सिंह पंवार, विक्रम सिंह सजवाण सहित अन्य मौजूद थे।

# हर्षिल वैली में ऑल वेदर सड़क में देवदार के पेड़ों पर बांधे रक्षा सूत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** हर्षिल क्षेत्र में ष्रक्षासूत्र आंदोलनष् की आवाज बुलंद होती दिखाई दे रही है। रविवार को रक्षा सूत्र आंदोलन के प्रेरक सुरेश भाई और महिला नेत्री कल्पना ठाकुर ने इस रक्षासूत्र आंदोलन में देश के अनेकों हिस्सों से लोग हर्षिल पहुंचे और गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवदार के पेड़ों को मौजूदा सड़क से लगभग 100 मीटर की दूरी तक सघन पेड़ों पर लगाये गये निशान को देखकर लोग चौंक गये और क्योंकि यहां पर 10-11 मीटर तक सड़क चौड़ीकरण के लिए इतनी अधिक चौड़ाई में देवदार के घने पेड़ों को काटने का औचित्य किसी के भी समझ में नहीं आया है।




गौरतलब है कि झाला से भैरों घाटी के बीच में ऑल वेदर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर काटे जाने वाले देवदार के असंख्य छोटे-बड़े पेड़ों को बचाने के लिए पेड़ों पर ष्रक्षा सूत्रष् बांधे गये। इस कार्यक्रम से पहले उत्तराखंड के प्रसिद्ध किसान नेता भोपाल सिंह चौधरी ने 27 नवंबर को इंडिया हैबिटेट सेंटर में इस मुद्दे को उठाया था और उन्होंने पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधने के लिए आमंत्रित किया था। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी, पूर्व राजदूत डॉ कर्ण सिंह जी के निर्देशन पर हर्षिल के आसपास ष्रक्षासूत्र आंदोलनष् की आवाज बुलंद होती दिखाई दी है। यहां पर पहले भी दो बार देवदार के पेड़ों को बचाने के लिए सुरेश भाई के नेतृत्व में रक्षा सूत्र आंदोलन किया गया है। जिसका नेतृत्व समय-समय पर हर्षिल की पूर्व प्रधान बसंती नेगी, सुखी गांव के पूर्व सैनिक मोहन सिंह राणा, ग्लेशियर लेडी शांति ठाकुर, पर्वतारोही डॉ० हर्षवंती बिष्ट के द्वारा रक्षा सूत्र बांधे गये हैं। प्रसिद्ध समाजसेविका राधा बहन भी 2017 में सुखी गांव पहुंची थी। जहां सुखी गांव की महिला मंगल दल ने ऑल वेदर रोड के कारण काटे जाने वाले देवदार के पेड़ों को बचाने के लिए रक्षा सूत्र बांधे थे।

इस अवसर पर उपस्थित रक्षा सूत्र आंदोलन के प्रेरक सुरेश भाई और महिला नेत्री कल्पना ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि अच्छा होता कि डॉ० मुरली मनोहर जोशी और डॉ० कर्ण सिंह प्रधानमंत्री , राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री , पर्यावरण और वन मंत्री के साथ तुरंत बैठक करके देवदार के पेड़ों के कटान को रुकवाने का प्रयास करते। कल्पना ठाकुर ने कहा कि गंगा और हिमालय की रक्षा के लिए देवदार के पेड़ ग्लेशियरों की रक्षा कर रहे हैं। इस मौके पर हेमन्त ध्यानी, गीता गैरोला, मस्तु रमोला, भौंपाल चौधरी, सुशीला भंडारी, समेत दर्जनों लोगो मौजूद रहे है।

# भाजपा किसान मोर्चा में जिलाध्यक्ष पर घमासान

## दो दिग्गज नेताओं की गुटबाजी चरम पर पहुंची, रस्साकशी ने संगठन की मुश्किलें बढ़ाईं

दीपक भंडारी

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले में किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद को लेकर गुटबाजी चरम पर पहुंच गई है। कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र के दो बड़े भाजपा नेताओं के बीच रस्साकशी ने संगठन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

सूत्रों के अनुसार, प्रदेश किसान मोर्चा ने लगभग सभी जिलों के अध्यक्ष चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है, लेकिन नैनीताल जिले को लेकर स्थिति अब भी उलझी हुई है। जिलाध्यक्ष पद के प्रमुख दावेदारों में वर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप कुकसाल, लामाचौड़ मंडल के मंडल मंत्री गणेश लाल साह और कुसुमखेड़ा से दूसरी बार के पार्षद तथा भाजपा



प्रदेश उपाध्यक्ष व किसान मोर्चा प्रदेश प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट के करीबी धीरज पांडे शामिल हैं। कुकसाल पहले भाजयुमो के जिला महामंत्री, एबीवीपी के जिला संयोजक सहित कई अनुषांगिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। गणेश लाल साह को कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत का करीबी माने जाते है, जबकि धीरज पांडे पूर्व में मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं, और राजेन्द्र सिंह बिष्ट के करीबी है। वहीं दूसरी ओर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट का कहना है कि चयन के लिए प्रस्तावित पैनल प्रदेश संगठन को भेज दिया गया है और अब निर्णय शीर्ष नेतृत्व पर निर्भर है। हालांकि दो वरिष्ठ नेताओं के बीच अहम की टकराहट संगठन के लिए किरकिरी का कारण बन सकती है। इस बीच प्रदेश नेतृत्व पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि हाल में चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों को संगठन में तुरंत जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। दूसरी ओर, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक संगठन है, जहां सिफारिशें और संस्तुतियां स्वाभाविक हैं, लेकिन अंतिम फैसला हाईकमान करता है। नेगी ने कहा कि नैनीताल जिले का जिलाध्यक्ष ऐसा व्यक्ति होना चाहिए जो असल में खेती-किसानी से जुड़ा हो। उन्होंने दावा किया कि किसी भी प्रकार की गुटबाजी को हावी नहीं होने दिया जाएगा। संगठनात्मक मर्यादा बनाए रखी जाएगी।



पार्टी के सभी मोर्चों की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी। सभी मोर्चों के लिए नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व को भेज दिया गया है। भाजपा एक लोकतांत्रिक संगठन है, जहां हर कार्यकर्ता को अपना पक्ष रखने और अपने पसंदीदा उम्मीदवार के समर्थन में सुझाव देने की पूरी स्वतंत्रता है। लेकिन अंतिम निर्णय सदैव हाईकमान का होता है। इस मामले में भी प्रदेश नेतृत्व ही निर्णय लेगा, और वहीं फैसला सभी के लिए मान्य होगा।

**प्रताप बिष्ट- जिलाध्यक्ष भाजपा, नैनीताल**

# सिपाही को गोली मारने वाला शिकारी दबोचा, एक फरार

## पेशेवर जंगली जानवरों के शिकारियों से मुठभेड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बीते शनिवार को पेशेवर जंगली जानवरों के शिकारियों से मुठभेड़ में एक शिकारी को गिरफ्तार किया। जबकि दूसरा फरार हो गया। इस दौरान एसटीएफ के एक कांस्टेबल भी घायल हो गए। एसटीएफ ने एक आरोपी को दबोच लिया, जबकि दूसरे की तलाश के लिए एसओजी और पुलिस टीम भी दबिश दे रही है। एसटीएफ के एसआई विपिन चंद्र जोशी के अनुसार बीते शनिवार की रात वह अपनी टीम के एसआई कृष्ण गोपाल मठपाल, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र मर्तोलिया, हेड कांस्टेबल किशोर कुमार, हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह और कांस्टेबल वीरेन्द्र चौहान के साथ वाइल्ड लाइफ की सूचना मिलने पर रवाना हुए थे। एसटीएफ के साथ वन विभाग तराई केन्द्र वन प्रभाग, रूद्रपुर की एसओजी टीम के प्रभारी कैलाश चन्द्र तिवारी और डब्ल्यूसीसीबी के लाल सिंह भी मौजूद थे। रूद्रपुर से खनस्यू क्षेत्र पहुंची टीम दक्षिणी गौला नैनीताल वन प्रभाग के वनआरक्षी दीपक बिष्ट को सिमलिया बैंड से अपने साथ लिया और छेड़ाखान नर्सरी पहुंचे। तभी नर्सरी के पास जंगल में दो आदमी दिखाई दिए। टीम को देखते ही दोनों छिपने लगे। इस पर टीम जंगल के अंदर पहुंच गई। टीम को अपनी ओर आता देख उक्त लोगों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र मर्तोलिया की छाती में गोली लग गई। जबकि रास्ते में चल रहा एक व्यक्ति के मुंह में भी छर्रे लग गए। मुंह लहूलुहान होने के कारण वह अपनी नाम तक नहीं बता सका। इधर फायर झोंकने के बाद भाग रहे हमलावरों का एसटीएफ ने पीछा शुरू कर दिया। टीम ने छेड़ाखान के जंगल से एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुन्दर सिंह रेकुडी पुत्र राम सिंह निवासी गोल डांडा, थाना रीठा साहिब चम्पावत बताया। जबकि भागे हुए व्यक्ति का नाम यशोद सिंह मेहरा पुत्र दलीप सिंह निवासी अघोड़ा, तोक सौगदुगों बताया। सुन्दर ने एसटीएफ को बताया कि वह दोनों जंगली जानवरों का शिकार करते है और रविवार को भी वह शिकार करने जंगल में आए थे। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी सुंदर ने बताया कि पहले भी कई भालुओं और जंगली जानवरों का शिकार कर चुके हैं। यशोद सिंह भालुओं को मारकर उनकी पित्त की थैली को ऊचें दामों पर बेच देता है। घायल भुपेन्द्र मर्तोलिया और राहगीर को एसआई कृष्ण गोपाल मठपाल और हेड कांस्टेबल मनमोहन सिंह ने अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल, दोनों की हालत खतरे से बाहर है। एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 109(1), 121(2) के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है। दूसरे फरार आरोपी की तलाश में एसओजी और पुलिस टीम को लगाया गया है, और जल्द ही दूसरा फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जुजित्सु में नैनीताल जिले ने रचा इतिहास

## 76 पदक जीतकर बना चैंपियन, यूएस नगर द्वितीय एवं अल्मोड़ा तीसरे स्थान पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जूजीत्सु एसोसियेशन ऑफ़ उत्तराखंड के तत्वावधान में स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम उत्तराखंड राज्य जुजित्सु चैंपियनशिप में सर्वाधिक 76 पदक जीतकर नैनीताल जिला उत्तराखंड राज्य में चैंपियन बना। ऊधमसिंह नगर द्वितीय एवं देहरादून जिला तृतीय स्थान पर रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया।

जूजित्सु एसोसियेशन ऑफ़ इंडिया के निदेशक प्रशासन सतीश जोशी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य जूनियर चैंपियनशिप-2025 में 36 स्वर्ण,



24 रजत एवं 16 कांस्य पदक जीतकर नैनीताल जिला उत्तराखंड का ओवरऑल चैंपियन बना। वहाँ ऊधमसिंह नगर के खिलाड़ियों ने 28 स्वर्ण, 16 रजत एवं 10 कांस्य सहित कुल 54 पदक जीतकर दूसरा तथा 7 स्वर्ण, 8 रजत, 5 कांस्य सहित कुल 20 पदक जीतकर हरिद्वार जिला राज्य में तीसरे स्थान पर रहा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की नई खेल नीति के कारण आज प्रदेश में खेल का माहौल तैयार हो रहा है। खिलाड़ियों को नकद धनराशि के साथ साथ सरकारी नौकरियां मिलने से खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है जिसके कारण प्रदेश के खिलाड़ी निरंतर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतकर लौटी प्रज्ञा जोशी एवं एशियन पदक विजेता नव्या पांडे को सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, अध्यक्षता जूजित्सु उत्तराखंड की अध्यक्ष रशिका सिद्दीकी, जूजित्सु इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, जिलाक्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, करुणानिधि पांडेय, नरेंद्र राज्यवार, विश्व पदक विजेता प्रज्ञा जोशी, ऋषिपाल भारती, आदित्य सिंह, दीपक नौटियाल, यशपाल भट्ट मौजूद रहे।

# बस चालक के खिलाफ मुकदमा

**हल्द्वानी।** चार माह पहले सड़क हादसे में घायल हुए एक 78 वर्षीय बुजुर्ग की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पुलिस ने बस नंबर के आधार पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सुरभि कालोनी भोटिया पड़ाव निवासी सुरेश सिंह डसीला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते 12 जुलाई को उनके पिता भूपाल सिंह डसीला घर से बाजार जा रहे थे। इस दौरान बीयरशिवा स्कूल के पास हल्द्वानी से काठगोदाम की ओर जा रही बस संख्या यूके04पीए-9696 के चालक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में भूपाल गंभीर रूप से घायल हो गए और बीती 6 नवंबर को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# 140 नशे के इंजेक्शन के साथ एक पकड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने एक पेशेवर तस्कर 140 नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। यह नशीली खेप पेशेवर तस्कर बीड़ी उजालानगर के चांद से लेकर आया था। पकड़े गए तस्कर की निशादेही पर अब पुलिस चांद की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात एसआई जगवीर सिंह, कांस्टेबल राजेश कुमार, एसओजी के कांस्टेबल अरुण राठौर और संतोष बिष्ट इन्द्रानगर तिराहे से गौलापुल की गश्त कर रहे थे तभी स्लाटर हाउस के पास पक्के रास्ते पर एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया, जिसे रोककर उसके पास रखे थैले की तलाशी ली तो उसमें से 140 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम शाहरुख उर्फ बीड़ी पुत्र अयूब निवासी मोहम्मदी मस्जिद इन्द्रानगर बनभूलपुरा बताया। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि वह यह नशीले इंजेक्शन की खेप उजालानगर निवासी चांद नामक व्यक्ति से खरीदकर लाया है। लेकिन चांद के घर का पता उसे नहीं पता था। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अब पुलिस चांद की तलाश में जुट गई।

# स्वच्छता अभियान चलाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रविवार को साथी संगठन के साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत वार्ड नंबर-8 स्थित जगदंबा पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन स्थानीय पार्षद रवि वाल्मीकि के नेतृत्व में हुआ। जन जागरूकता के तहत पार्क में जमा पॉलिथीन, पान-तंबाकू रैपर और अन्य कूड़े को एकत्र कर नगर निगम की गाड़ी में डाला गया। जिसके बाद संगठन की एक बैठक हुई जिसमें संगठन के रजिस्ट्रेशन के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन, उत्तरायणी पर्व-2026 में स्वच्छता, बेटी पढ़ाओ-बचाओ, मद्य निषेध, वृक्षारोपण जैसी झांकी निकालने को लेकर मंथन हुआ, साथ ही शरद ऋतु में गरीबों के बीच कंबल वितरण जैसे मुद्दों पर विचा विमर्श किया गया।

# हल्द्वानी से हरिद्वार तक बनेगी एलिवेटेड रोड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं क्षेत्र के लिए बड़ी राहत और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नैनीताल-उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने बताया कि हल्द्वानी से हरिद्वार तक एलिवेटेड रोड निर्माण की प्रक्रिया को राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ ही लालकुआं में बाईपास निर्माण के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सांसद श्री भट्ट ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा हल्द्वानी हरिद्वार एलिवेटेड रोड के लिए डीपीआर तैयार करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। डीपीआर तैयार होते ही परियोजना के निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड रोड बनने के बाद हल्द्वानी से हरिद्वार का सफर दो से ढाई घंटे में पूरा करना संभव होगा, जिससे परिवहन क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आएगा। यह मार्ग न केवल कुमाऊं वासियों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगा, बल्कि कुमाऊं आने वाले पर्यटकों के लिए भी सुविधा बढ़ाएगा। इसी प्रकार लालकुआं बाईपास को लेकर भी विभाग ने मंजूरी प्रदान कर दी है तथा डीपीआर के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। बाईपास बनने के बाद लालकुआं क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव में कमी आएगी और वाहनों की आवाजाही और भी सुगम होगी।

# रिटायर्ड शिक्षकों का हुआ सम्मान



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राजकीय शिक्षक संघ और समस्त ब्लॉक कार्यकारिणी के सहयोग से रविवार को एक बैंकेट हाल भगवानपुर में शैक्षिक सत्र 2024-25 में राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर गजराज सिंह बिष्ट और विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी हल्द्वानी तारा सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वस्ति वाचन और शगुन आखर से किया गया। इस दौरान महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने सेवा निवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस समारोह में कई शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मंडलीय अध्यक्ष डा.गोकुल सिंह मर्तोलिया, मंडलीय मंत्री डा. रविशंकर गुसाईं, मंडलीय संरक्षक डा. हेम चन्द्र जोशी, जनपद नैनीताल के अध्यक्ष गिरीश जोशी, मंत्री पंकज बधानी, जगदीश सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष मदन गोस्वामी, डा. प्रदीप उपाध्याय, सीबीएस कन्याल, उपाध्यक्ष महिला कविता कपकोटी, गिरीश काण्डपाल, कुसुम पाण्डेय, रवीन्द्र कुमार, मनीष मिश्रा, डा. धर्मेन्द्र पनेरू, जय किशन आदि मौजूद रहे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं दिव्यांग

## एमबी इंटर कॉलेज में उन्मुखीकरण संगोष्ठी




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड सक्षम की नैनीताल जिला इकाई द्वारा हल्द्वानी में रविवार को दिव्यांग जिला अधिवेशन और एक दिवसीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। जिसमें जिले की दिव्यांग संस्थाओं, एनजीओ, दिव्यांगजनों और उनके अभिभावकों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी का उद्देश्य अभिभावकों को दिव्यांगजनों से संबंधित सरकारी योजनाओं, सुविधाओं और अधिकारों की सटीक एवं विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। सक्षम टीम ने अभिभावकों को एस्कॉर्ट अलाउंस, स्टाइपेंड, निशुल्क शिक्षण सहायक उपकरण, गंभीर रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए गृह आधारित शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, नौकरी में आरक्षण प्रावधान और दिव्यांग प्रमाण पत्र की उपयोगिता पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान समाज कल्याण निदेशक वासुदेवन आर्य ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने दिव्यांग बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह समान अवसर और समाज में पूर्ण भागीदारी का अधिकार है। अधिवेशन में कई अभिभावक, शिक्षक और दिव्यांगजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सक्षम नैनीताल की टीम के विनोद जोशी, दीपक बल्यूटिया, लता पंत, दिलीप कुमार, विपिन बहुगुणा, जया जोशी, तनुजा टकवाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मैथ विजार्ड में संध्या व स्पेलिंग जीनियस में सचिन सिंह प्रथम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत छात्रों में उनकी अंतर निहित क्षमताओं का मूल्यांकन करने के लिए विद्यालय से लेकर राज्य स्तर तक विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखनमंडी के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 5 के छात्रों के लिए मैथ विजार्ड और स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गणित और अंग्रेजी से संबंधित प्रश्न पत्र तैयार किए गए थे, जिनमें छात्रों ने अपनी-अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैथ विजार्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवाडखेड़ा की संध्या के नाम रहा, दूसरे नंबर पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवाडखेड़ा कॉलोनी के लक्की, व तीसरे स्थान पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ा के दिनेश कश्यप रहे। स्पेलिंग जीनियस प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवाडखेड़ा के सचिन सिंह प्रथम, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नवाडखेड़ा कॉलोनी के लोकेश द्वितीय, व राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागजाला भूमिका आर्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल प्रदान कर उनकी मेहनत का उत्साहवर्धन किया गया। इस आयोजन का संचालन हिमांशु रौतेला द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डिकर सिंह पडियार, खीमेश भट्ट, गीता जंतवाल, विमला पांडे, सुमन बिष्ट, केशव दत्त, दलीप राणा, गजाला आरा मौजूद रहे।

# हरक सिंह रावत पर भड़का सिख समाज

## बुद्ध पार्क में कांग्रेस नेता का पुतला दहन, कहा-धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** देहरादून में अधिवक्ताओं के जारी धरना-प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत द्वारा एक सिख अधिवक्ता पर की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर देशभर के सिख समाज में गहरा आक्रोश है। रविवार को इसके विरोध में सिख समाज ने तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में एकत्र हुए और हरक सिंह रावत के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान सिख समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह टिप्पणी केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे सिख समुदाय का अपमान है। गुरुप्रीत प्रिंस ने कहा कि



12 बजे कोई मजाक नहीं यह सिख इतिहास का गौरव है। सिख फेडरेशन के गगनदीप कोहली ने कहा कि धर्म का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं गगन सयाली ने मांग की कि हरक सिंह रावत गुरुद्वारा साहिब में जाकर सार्वजनिक रूप से सिख समाज से माफी मांगे। पुतला दहन करने वालो में परमजीत सिंह पम्मा, मनप्रीत सेठी, अमन कोहली, कुलविन्दर सिंह, तरन बिंद्रा, बलविंदर सिंह, बलबीर सिंह, मनिंदर सिंह, मनजीत सिंह, अमनदीप सिंह, कंवलजीत रेखी, पुनीत सबरवाल, कमलदीप, दिलप्रीत सिंह, बलजीत आनंद, रविंद्रपाल सिंह हेमी, सुरेन्द्र सेठी, इकजोत कालरा, मनदीप सिंह, हरजस सिंह, विक्की सेठी, रिम्पी, तरन सेठी, मन्नू सयाली, अमनदीप पिंडी, अमरजीत आनंद, सुमित सबरवाल, जसप्रीत गुजराल, गुरजीत कोहली, हरमीत बिंद्रा, अमरजोत सेठी, नवजोत सिंह, गुरविंदर सिंह, जसप्रीत सेठी, मोहन पाठक, नीरज बिष्ट, राजेन्द्र अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# दिल्ली एक्सप्रेस वे प्रस्ताव का स्वागत

**हल्द्वानी।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड ने सांसद अजय भट्ट द्वारा हल्द्वानी-दिल्ली एक्सप्रेस वे के प्रस्ताव का स्वागत किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने इसे कुमाऊं मंडल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि हल्द्वानी कुमाऊं मंडल का प्रवेश द्वार होने के साथ-साथ एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र भी है। श्री वर्मा ने कहा कि कुमाऊं में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

# रामनगर में उजाड़े गए लोगों का पुनर्वास किया जाए

## आईपीएस अधिकारी का बयान साम्प्रदायिक: डा. कैलाश पाण्डेय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि रामनगर के पूछड़ी में दशकों से रह रहे गरीबों के घरों पर जिसमें अधिकांशत: गरीब, दलित, अल्पसंख्यक लोग हैं, बिना पुनर्वास बुलडोजर चलाना अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि बुलडोजर चलाने के बाद नैनीताल जिले के एसएसपी का वीडियो जारी कर यह कहना कि डेमोग्राफी बदलने के कारण बुलडोजर चलाया गया। संविधान की शपथ लेकर अपने पद पर बैठे आईपीएस अधिकारी का हतप्रभ करने वाला गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी साम्प्रदायिक बयान है, जो घोर निंदनीय है। क्या वे इस बात की जानकारी देंगे कि बुलडोजर अतिक्रमण हटाने के लिए था या डेमोग्राफी ठीक करने के लिए? वे यह भी बताएं कि पुलिस का काम कानून व्यवस्था बनाने का है या डेमोग्राफी सुधारने का? वे ये भी बताएं कि डेमोग्राफी बदलने का जो भाजपाई विभाजनकारी साम्प्रदायिक विमर्श है क्या नैनीताल जिले के एसएसपी उससे संचालित हो रहे हैं या संविधान के प्रति अपनी जवाबदेही से? उनका इस तरह का बयान संविधान के अनुच्छेद 14-18 में बताए गए समानता के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। माले नेता ने कहा कि, रामनगर में गरीबों के पक्ष में आवाज उठा रहे राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ताओं का दमन करना धामी सरकार का तानाशाही पूर्ण रवैया है। रामनगर के वन गांवों पुछड़ी और अन्य गांवों को बिना पुनर्वास उजाड़ने की कोशिश बंद की जाए। अतिक्रमण हटाओ अभियान के नाम पर गरीबों को उजाड़ना बंद किया जाए तथा दशकों से पुछड़ी और अन्य वन गांवों में रह कर आजीविका में लगे लोगों को जो जहां है वहां मालिकाना हक जाना चाहिए। यदि हटाना बेहद जरूरी हो तो पहले सभी गरीबों का पुनर्वास किया जाए, और उन्हें नयी जगह बसने के लिए समुचित मुआवजा दिया जाए।

# गरीबों, दलितों को उजाड़ने पर तुली है सरकार: पछास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रामनगर के वन गांवों पूछड़ी में गरीबों को उनके घरों से उजाड़ने की भाजपा सरकार की कार्रवाई के खिलाफ परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि वन विभाग और जिला प्रशासन ने यहां के निवासियों को नोटिस देकर घरों से बेदखल करना शुरू कर दिया है, जिनमें कई लोगों को हाईकोर्ट से स्टे मिला हुआ था। पूछड़ी गांव में चारों ओर बैरिकेडिंग कर इसे जीरो जोन घोषित किया गया है, और मीडिया सहित अन्य लोगों को भी यहां आने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कई जन संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार की सुबह से ही भाजपा सरकार द्वारा बुलडोजर से उजाड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 15 सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए, इन कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की तत्काल रिहाई की मांग की गई है। इसके अलावा, गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनके घरों से बेदखल करने की कोशिशों को रोकने और पुनर्वास की मांग की गई है।

# विक्की योगी बनाएंगे उत्तराखंडी फीचर फिल्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड की कला, संस्कृति और फिल्म जगत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रसिद्ध फिल्म निर्माता, निर्देशक, अभिनेता और लेखक विक्की योगी जल्द ही एक भव्य उत्तराखंडी फीचर फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। इस फिल्म की खासियत यह होगी कि इसमें 90 प्रतिशत से अधिक स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया जाएगा, जिससे उत्तराखंड की प्रतिभा को सीधा बड़ा मंच मिल सकेगा। योगी फिल्म एंटरटेनमेंट मीडिया के प्रोपराइटर विक्की योगी लंबे समय से राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संवारने और उसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में जुटे हैं। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के सदस्य के रूप में वे राज्य की फिल्म इंडस्ट्री के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही वे पिछले 29 वर्षों से मानव विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष और हल्द्वानी शरदोत्सव मेले के 25 वर्षों से संस्थापक अध्यक्ष के



रूप में हजारों स्थानीय कलाकारों को मंच देकर उन्हें राष्ट्रीय और बॉलीवुड स्तर तक पहुंचा चुके हैं। विक्की योगी बॉलीवुड की कई फिल्मों में खलनायक और चरित्र अभिनेता के रूप में काम कर चुके हैं और निर्माता-निर्देशक के रूप में भी कई सफल प्रोजेक्ट कर चुके हैं। अब वे उत्तराखंड की पृष्ठभूमि पर आधारित एक नई फीचर फिल्म को लेकर पूरी तैयारी में जुटे हैं। विक्की योगी ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई फिल्म नीति को बेहद बेहतरीन बनाया है। अब कलाकारों को काम के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिला अस्पताल प्रशासन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए : हेमा भंडारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के जिला अस्पताल के पोस्ट-मार्टम कक्ष में एक मृतक के शव की आँख को चूहों द्वारा कुतरने की शर्मनाक घटना ने पूरे राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली पर बड़ा प्रश्न चिह्न खड़ा कर दिया है। जन अधिकार पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव हेमा भंडारी ने इस अमानवीय और संवेदनहीन घटना पर गहरा दु:ख एवं तीव्र आक्रोश व्यक्त किया है। अस्पताल में लापरवाही का यह मामला पहली बार नहीं है इससे पूर्व भी जिला अस्पताल में शवों के सड़ने, शीतगृह की कमी तथा प्रबंधन की ढिलाई के कई मामले सामने आने पर पार्टी पदाधिकारियों ने सीएमएस को शिकायत दर्ज कराई थी परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया।

घटना की पुष्टि हुई मुख्य लापरवाहियाँ

1 पोस्ट-मार्टम कक्ष के दोनों फ्रीजर लंबे समय से खराब पड़े थे जिसके कारण शव को टेबल पर छोड़ दिया गया।

2 शव की सुरक्षा व व्यवस्था हेतु कोई कर्मचारी तैनात नहीं था।

3 प्रशासनिक उपेक्षा के कारण शव को संरक्षण के बुनियादी मानक भी नहीं मिले।

हेमा भंडारी ने रोष जताते हुए कहा कि यह घटना केवल एक मृत शरीर के अनादर की नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य संस्थानों की पूर्ण प्रशासनिक विफलता और अत्यधिक लापरवाही को उजागर करती है। इस स्तर की घटना किसी भी सभ्य समाज में अस्वीकार्य है। स्वास्थ्य मंत्री की निगरानी में गंभीर कमियां स्पष्ट रूप से सामने आई हैं। जन अधिकार पार्टी निम्न मांगें तत्काल प्रभाव से करती है।

1. दोषी अधिकारियों व कर्मचारीगण के खिलाफ तुरंत विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

2. स्वास्थ्य मंत्री इस घटना पर सार्वजनिक रूप से जवाबदेही स्वीकार करें।

3. राज्य के सभी जिला अस्पतालों में पोस्ट-मार्टम कक्षों की तत्काल मरम्मत, फ्रीजर की उपलब्धता, मेंटेनेंस एवं समय-समय पर निरीक्षण अनिवार्य किया जाए।

4. मृतक के परिजनों को सम्मानजनक मुआवजा तथा उचित सहायता प्रदान की जाए। हेमा भंडारी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार संबंधी ठोस कदम शीघ्र नहीं उठाए गए तो जन अधिकार पार्टी जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर राज्य व्यापी आंदोलन करेगी।

# अचीवर्स एकेडमी ने फुटबाल टूर्नामेंट जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अचीवर्स होम पब्लिक स्कूल के स्पोर्टस ग्राउंड पर आयोजित इंटर एकेडमी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मे अचीवर्स स्पोर्टस एकेडमी ने बी.एफ.एफ.सी एकेडमी को पैनल्टी शूट आउट में 5-4 के अंतर से हराकर जीत दर्ज की है। स्कूल के स्पोर्टस ग्राउंड पर 4 दिसम्बर से आयोजित इंटर एकेडमी फुटबॉल टूर्नामेंट में वेजिटेरियन क्लब, रोशनाबाद ए, ग्लोसी एफसी, अचीवर्स स्पोर्ट्स एकेडमी, बीएचईएल एफसी, बीएफएफसी एकेडमी और रोशनाबाद एकेडमी बी की टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन डायरेक्टर नितिन अहलूवालिया ने किया था। टूर्नामेंट का फाइनल मैच अचीवर्स स्पोर्टस एकेडमी एवं बीएफएफसी एकेडमी के बीच खेला गया। देर रात तक चले रोमांचक फाइनल मैच में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय के बाद भी दोनों टीम कोई गोल नहीं कर पायी। इसके बाद रेफरी ने पेनल्टी शूट आउट घोषित किया। पैनल्टी शूट आउट में अचीवर्स एकेडमी ने 5-4 के अंतर से जीत दर्ज कर ट्राफी अपने नाम की। मुख्य अतिथी भाजपा जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा और स्कूल के प्रिंसीपल एस.सरकार ने विनर टीम और रनर अप टीम को ट्रॉफी और अन्य पुरस्कार प्रदान किए। लव शर्मा ने कहा कि सरकार प्रदेश में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दौरान अचीवर्स स्पोर्ट्स एकेडमी के मैनेजर लोकेश सैनी, मोहित कीर्थल, कोच कुणाल कार्की, पंकज बागड़ी आदि मौजूद रहे।

# एक जुट होकर राज्य को नशा मुक्त बनाएं : न्यायमूर्ति गुहनाथन

## युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए नशीले पदार्थों पर नियंत्रण जरूरी : डीजे नरेंद्र दत्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गुहनाथन ने कहा कि चाइल्ड वेलफेयर इंस्टीट्यूट के विधार्थी जिनका प्रदर्शन उनकी व्यक्तिगत राय में आज का मुख्य आकर्षण था उन्होंने अभी दिखाया कि दृढनिश्चय है तो कोई भी हैंडी कैप को बाधा नहीं होती। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं का उपयोगहमारे समय की सबसे जटिल सामाजिक चुनौतियों में से एक है यह एक कानूनी और एक मानवीय दोनों तरह की चिंता है यह कहा कि पूरे देश में नशीली दवाओं की चुनौतियों का पैमाना हाल के वर्षों में काफी बढ़ा है। नवीनतम आंकड़े जो भारत के स्वापक नियंत्रण ब्यूरो एनसीबी द्वारा जारी किए गए है उसमें जब्त की गई नशीली दवाओं का मूल्य 25,330 करोड़ रुपए है। पिछले तीन वर्षों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 3451 मामले दर्ज किए हैजिसमें 4394 लोगों की गिरफ्तारियां की गई लगभग 208 करोड़ रुपए की नशीली दवा जब्त की गई जब्त किए गए पदार्थों में 674 किलो ग्राम चरस,648 किलोग्राम डोडा, 79 किलोग्राम अफिम ओर लगभग 5,100 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। नशीला पदार्थ व्यक्ति समाज का दुश्मन है नशे के आदि लोगो से उनके परिजन भी परेशान रहते है उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण और सभी सहयोगी संस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि हम सबके द्वारा किए गए सामूहिक प्रयास से आने वाले कल के लाखों युवाओं की भविष्य को आकर देंगे एवं पुलिस, स्वास्थ विभाग, प्रशासन और नागरिक समाज सबको एकजुट होकर नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने में सार्थक योगदान देना होगा। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि आज हम सभी इस पवित्र धरा पर ऐसे आयोजन के लिए एकत्र हुए हैं जिसकी महत्ता समाज के स्वास्थ्य, मानसिक सुदृढ़ता और युवा पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य से जुड़ी हुई है। ड्रग अवेयरनेस एवं वेलनेस नेविगेशन स्कीम 2025 के अंतर्गत आयोजित यह शिविर हमें याद दिलाता है कि नशे की चुनौती किसी एक परिवार, समुदाय या क्षेत्र की समस्या नहीं बल्कि संपूर्ण समाज के सामने खड़ी एक गंभीर सामाजिक, मानसिक और आर्थिक चुनौती है। जिला न्यायाधीश नरेंद्र दत्त ने कहा कि माननीय खतरे का सबसे बुरा हिस्सा यह है कि यह युवा पीढ़ी को प्रभावित करता है जो राष्ट्र का भविष्य है। युवा पीढ़ी और राष्ट्र की रक्षा के लिए, कासै। हरिद्वार द्वारा सै। के तत्वावधान में एक और कदम उठाया गया है ताकि ड्रग्स के दुरुपयोग के खतरे को किसी भी रूप में समाप्त और नियंत्रित किया जा सके। ड्रग्स के खतरे को नियंत्रित करने के लिए जो योजना तैयार की गई है वह है ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन




फॉर ए ड्रग-फ्री इंडिया। इस योजना की परिकल्पना राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में की गई है तथा योजना का उद्देश्य ड्रग्स के दुरुपयोग से संबंधित जागरूकता, रोकथाम, पुनर्वास और कानूनी सशक्तिकरण है और हम उम्मीद करते हैं कि हम इसका पालन करेंगे। इस कार्यक्रम में न्यायाधीशों के मार्गदर्शन में विधिक सेवा प्राधिकरण की गतिविधियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। इस अवसर पर जस्टिस राकेश थपलियाल का गर्मजोशी से स्वागत करता हूँ जिन्होंने हमें उस उद्देश्य के लिए शक्ति और प्रेरणा दी जिसके लिए हम सभी हितधारक यहाँ एकत्र हुए हैं।डी.जे ने बताया की अपने पुराने दिन अस्सी के दशक के याद आते है जब नशीले पदार्थो का खतरा चरम पर था और सबसे अधिक प्रभावित राज्य पंजाब था। पंजाब से यह पूरे देश के विभिन्न राज्यों में फैल गया जिसके कारण देश के लोग अपने बच्चों को स्कूलों और कॉलेजों में भेजने से डरते थेक्योंकि उन्हें यह आशंका थी कि उनके बच्चे किसी भी रूप में ड्रग्स की चपेट में न आ जाएँ। इस ड्रग्स के जिलाधिकारी मयूर, जे.सी जैन, प्रदीप मणि त्रिपाठी, एस.पी, स्वामी अजरानंद, रजिस्ट्रार जनरल योगेश कुमार गुप्ता,विधिक सेवा सचिव सिमरनजीत कौर, एसएसपी प्रमेंद्र, सीडीओ नारायण मिश्रा, न्यायिक अधिकारिगण एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, छात्र छात्राएं एवं जिलास्तरीय अधिकारी सहित भारी संख्या में जन समूह मौजूद रहा।

# हरिपुर कलां में सड़कें क्षतिग्रस्त एवं सीवर लाइन कार्य लंबित

## जनप्रतिनिधियों ने विधायक से समस्या के समाधान की गुहार लगाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ग्राम सभा हरिपुर कलां के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक प्रेमचंद अग्रवाल से भेंट की। ग्राम सभा हरिपुर कलां की पूर्व ग्राम प्रधान गीतांजलि जखमोला के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधिमंडल ने हरिपुर कलां की क्षतिग्रस्त सड़कों एवं नई सीवर लाइन से संबंधित ज्ञापन भी विधायक को दिया। ज्ञापन में गांव के मुख्य संपर्क मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़कों का पुनर्निर्माण करने और नई सीवर लाइन डलवाने की मांग की है। पूर्व प्रधान गीतांजलि जखमोला ने कहा कि सड़कों के क्षतिग्रस्त होने के कारण ग्रामीणो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण सीवर लाइन डालने का कार्य भी नहीं हो पा रहा है। स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने समस्याओं का मौके पर निरीक्षण कर ग्रामीणों को जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में गीतांजलि जखमोला, पूर्व प्राचार्य कांताप्रसाद बडोला, सचिव भारत माता मंदिर समन्वय सेवा ट्रस्ट आईडी शास्त्री, भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज जखमोला, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य पंकजपाल, मधुर शर्मा, उपप्रधान मनोज शर्मा, वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी राजेश लखेड़ा, ग्राम पंचायत सदस्य मुकेश कंडवाल, सूरज तिवारी, संदीप बिष्ट आदि शामिल रहे।



# आबादी क्षेत्र में हाथियों का समूह देख स्थानीय लोग भयभीत

■ **वन विभाग निरंतर जंगली जानवरो को नियंत्रण करने में विफल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वन्य जीवों के आबादी में आने की घटनाएं रूकने का नाम नही ले रही हैं। जगजीतपुर क्षेत्र में लकसर रोड़ पर जंगली हाथियों का झुंड आने से अफरातफरी फैल गयी। छह हाथियों का झुंड जंगल से निकालकर जगजीतपुर के पास लकसर रोड़ पहुंच गया। हाथियों को देखकर सड़क से गुजर रहे लोगों में अफरातफरी मच गयी। लोगों ने तुरंत सड़क खाली की और हाथियों के जाने का इंतजार किया। हाथियों के लौट जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि हाथी व अन्य वन्य जीव लगातार आबादी का रूख कर रहे हैं। लोग वन विभाग से वन्यजीवों की आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। वन विभाग हाथी की आवाजाही आबादी क्षेत्र में रोकने में निरंतर विफल हो रहा है आबादी क्षेत्र में हाथी के आवागमन से स्थानीय लोगो में भय के माहौल में अपना जीवन व्यापन कर रहे लेकिन वन विभाग व प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है कभी कभी हाथी आक्रामक भी हो जाता है जिस कारण दुर्घटना घटित होने की संभावना अक्सर बनी रहती है।

# सहारा दीप ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार पथरी क्षेत्र के ग्राम घिस्सुपुरा में 7 दिसंबर को सहारा दीप ट्रस्ट की ओर से मानवता और सेवा भाव के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए। ठिठुरती ठंड के बीच यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र के असहाय लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने ग्राम घिस्सुपुरा के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कंबल प्रदान किए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी और उन्होंने ट्रस्ट के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि सहारा दीप ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाना है। सर्दी के मौसम में हर वर्ष कंबल वितरण, गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग, बुजुर्गों की सेवा, स्वास्थ्य सहायता एवं आपातकालीन जरूरतों में मदद जैसे कार्य लगातार किए जाते हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से सभी समाजसेवियों और ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सेवा अभियान से जुड़ें क्योंकि जनसहयोग से ही जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सकती है। सहारा दीप ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सहयोगकर्ताओं, दानदाताओं एवं स्वयंसेवकों का हृदय से धन्यवाद, शुक्रिया व्यक्त किया गया जिनकी बदौलत ग्राम जय घिस्सुपुरा में यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।



# सुरक्षा के दृष्टिगत संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चैकिंग

## धार्मिक स्थलों पर बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड टीम की निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ व शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु पुलिस द्वारा निरंतर सतर्कता व सक्रियता बरती जा रही है। जनपद के मुख्य मार्गों, बस-स्टेशनें, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थलों, बाजारों एवं सीमा क्षेत्रों पर तैनात पुलिस बल द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। धार्मिक एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल अत्याधुनिक हथियारों व सुरक्षा उपकरणों के साथ तैनात है। QRT, BDS व पेट्रोलिंग टीमें भी लगातार निगरानी कर रही हैं। चेकिंग के दौरान आमजन द्वारा पुलिस को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। हरिद्वार पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे कर रही काम।




# पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित

## लगभग 50 पशुपालक लाभान्वित

■ **पशुपालकों को आवश्यक जानकारी प्रदान की**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त पोषित परियोजना बहादराबाद ब्लॉक के 15 गांवों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आजीविका क्षमता बढ़ाने हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी हस्तक्षेपों के माध्यम से स्थानीय नवाचार तंत्र को सशक्त करने के अंतर्गत पीपल्स साइंस इंस्टीट्यूट, देहरादून द्वारा ग्राम सोहलपुर सिकरोड़ा में पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. नीलकांत (वरिष्ठ वैज्ञानिक, के.वी.के धनौरी) एवं डॉ. सुशील सैनी (पशुपालन विभाग, मानुवास) ने पशुपालकों के पशुओं की जांच की। शिविर में मुख्य रूप से बांझपन, आंत्र कृमि (कीड़े) तथा अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई तथा इनके उपचार, रोकथाम एवं जागरूकता के लिए पशुपालकों को दवा, सलाह एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर में लगभग 50 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। सोहलपुर सिकरोड़ा के साथ-साथ आसपास के गांवों जैसे मसायी, इब्राहिमपुर आदि के किसानों ने भी इस शिविर का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से पशुपालन आधारित आजीविका को महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। इस अवसर पर पी.एस.आई. के कार्यक्रम सलाहकार एवं राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. वी.सी गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही परियोजना टीम के सदस्य दीपशिखा धसमाना, मोहम्मद तासिफ हुसैन, उपलक्ष्य सैनी, प्रियांशु गुप्ता एवं अदिति रावत भी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय कवि संगम की मासिक गोष्ठी सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय कवि संगम इकाई हरिद्वार की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन सुप्रसिद्ध कवि रमेश रमन के आवास पर उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया जिसे राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष राकेश चौधरी द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात कवियों ने अपनी-अपनी उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को रस-भाव के अनुभव से अभिभूत कर दिया। गोष्ठी में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार, वीर तथा सामाजिक विषयों पर आधारित अनेक रचनाएँ प्रस्तुत की गई जिनकी उपस्थित साहित्य प्रेमियों ने सराहना की। सभी कवियों ने अपनी ओजस्वी प्रस्तुतियों से साहित्यिक वातावरण को संजीव किया। गोष्ठी में स्थानीय साहित्यकारों के बीच परिचर्चा भी हुई, जिसमें साहित्य और समाज में कविता की भूमिका पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी प्रतिभागियों व संयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व लोकपाल एवं सदस्य सीडब्ल्यूसी न्यायापीठ हरिद्वार सुनीता चौधरी, राष्ट्रीय कवि संगम के जिला महामंत्री दिव्यांश दुष्यंत, गोष्ठी प्रमुख प्रभात रंजन, सनी मिश्रा, कविता जैन, आशा साहनी, मनीष सिंह, अभिषेक भारद्वाज, अपराजिता, मुक्त अंबर, खरबंदा, मीनाक्षी, अरुण पाठक, रवीना, राज, संजय हांडा, प्रशांत कौशिक आदि की उपस्थिति थे।




# कुर्की कार्रवाई के बाद एसटीएफ ने आरोपी को मोहाली से पकड़ा

## पॉक्सो के आरोपी पर 25 हजार का इनाम था

■ **रानीपुर पुलिस के निरंतर प्रयास से सफलता मिली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली रानीपुर पर वर्ष 2024 में एक शिकायतकर्ता द्वारा अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध उनकी नाबालिग पुत्री के साथ बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में मुकदमा अंतर्गत दुष्कर्म व पोक्सो अधिनियम के तहत पंजीकृत करवाया गया जिसमें दौराने विवेचना आरोपी आरिफ का नाम प्रकाश में आया। उक्त आरोपी घटना के उपरान्त से लगातार फरार एवं वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु रानीपुर पुलिस द्वारा आरोपी के बारे में जानकारी एकत्रित कर आरोपी के पते पर कई बार दबिशें दी गयी लेकिन सफलता न मिलने पर आरोपी के विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही करते हुए 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया। उक्त ईनामी अपराधी की तलाश हेतु स्पेशल टास्क फोर्स देहरादून पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुए रानीपुर पुलिस के सहयोग से दिनांक 7 दिसंबर को वांछित इनामी को मोहाली पंजाब से गिरफ्तार किया गया। आरोपी आरिफ पुत्र कल्लू निवासी रुरा बटोली, कानपुर को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसटीएफ से मनोज बेनीवाल व कोतवाली प्रभारी शांति कुमार के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली।



# भव्य और दिव्य होंगे उज्जैन महाकुंभ व हरिद्वार अर्द्धकुंभ : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि हरिद्वार कुंभ मेला दिव्य और भव्य रूप से संपन्न होगा। महाकुंभ की तैयारियों को लेकर उज्जैन दौरे से वापस लौटे श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि उज्जैन, नासिक महाकुंभ और हरिद्वार कुंभ में अखाड़ों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। अखाड़ा परिषद हरिद्वार कुंभ और नासिक और उज्जैन में होने वाले महाकुंभ की तैयारियां कर रही है। इसके लिए अखाड़ों के साथ विचार विमर्श करने के साथ संबंधित राज्य सरकारों से वार्ता भी की जा रही है। उज्जैन कुंभ को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव व अन्य अधिकारियों से वार्ता की गयी है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि उज्जैन, नासिक महाकुंभ और हरिद्वार कुंभ को प्रयागराज महाकुंभ की तर्ज पर भव्य और दिव्य रूप से संपन्न कराया जाएगा। हरिद्वार कुंभ में सभी अखाड़े प्रतिभाग करेंगे। अखाड़ों की पेशवाई और अमृत स्नान का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरिद्वार कुंभ में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। इसको लेकर अखाड़े तैयारियां कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने से सनातन धर्म संस्कृति का परचम पूरी दुनिया में फहराएगा।



# मानव जीवन की सुरक्षित तकनीक एआई एंड रैटिना स्केनिंग है : के.पी.एस चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** इएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के.पी.एस चौहान ने कहा कि ए.आई एंड रैटिना स्केनिंग (आईरिस एनालिसिस) मानव जीवन को सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण तकनीक है। इ.एम.ए के प्रदेश कार्यालय शिमला बाईपास रोड मेहूवाला माफी देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष डा.मुकेश चौहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान ने कहा कि एआई एंड रैटिना स्केनिंग शारीरिक अंगों के स्वास्थ्य का चित्रण है। आंखों में स्थित आइरिस पार्ट शरीर के अंगों के फिजियोलॉजिकल असामान्य कार्य को दर्शाने के साथ ही भूत, भविष्य और वर्तमान स्थिति को भी बताता है। इलेक्ट्रोहोम्योपैथी में रोगी की चिकित्सा में उपयोगी प्रकृति का भी पता आईरिस एनालिसिस से ही चलता है। आईरिस एनालिसिस से रोगी का डोमिनेंस, अनुवांशिक कारण तथा गंभीर बीमारी होने का पूर्वानुमान भी स्पष्ट हो जाता है। आईरिस एनालिसिस मानव जीवन को सुरक्षित रखने की महत्वपूर्ण तकनीक है और यह इलेक्ट्रोहोम्योपैथी का रोग निदान का टूल है। चौहान ने कहा कि सभी चिकित्सक अपने ही सिस्टम की हर्बल स्पेजरिक मेडिसिन एवं नैदानिक तकनीक आईरिस एनालाइसिस डायग्नोसिस का उपयोग अपने प्रतिष्ठानों में करके रोगियों को लाभान्वित करें, क्योंकि इलेक्ट्रोहोम्योपैथी स्पेजरिक मेडिसिन तथा आइरिस एनालाइसिस (रैटिना स्केनिंग) डायग्नोसिस का मानव शरीर पर कोई साईड इफैक्ट नहीं होता है। चौहान ने बताया कि आगामी 11 जनवरी को इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के अविष्कारक काउंट सीजर मैटी की 217वीं जन्म जयंती राष्ट्रीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दिवस के रुप में हरिद्वार स्थित इ.एम.ए कैम्पस बालाजी इंस्टीट्यूट आफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंस के सभागार में मनाई जायेगी। बैठक मे राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर एन.एस टाकुली, केंद्रीय कार्यालय प्रभारी डॉ. ऋचा आर्य, डॉ.सीपी रतूड़ी, डॉ. डीसी चमोला, डॉ. एमएस कश्यप, डॉ. ज्ञानेशवर शर्मा, डॉ. एसके द्विवेदी, डॉ. कमलेश खंडूरी, डॉ. अब्दुल गफफुर, डॉ. आदर्श शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### घर-घर सत्यापन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिन-रात लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रात: घर-घर जाकर किरायेदार, धर्मशाला, लॉज में ठहरे व्यक्तियों का सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस की अपील सत्यापन प्रक्रिया में पूरा सहयोग दें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :

**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# धार्मिक धरोहरों की सुरक्षा व स्वच्छता बहुत जरूरीः डीएम

## डीएम भटगांई ने किए कालिका धाम व पाताल भुवनेश्वर के दर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने रविवार को मानस खंड मंदिर माला के अंतर्गत प्रमुख धार्मिक स्थलों-हाट कालिका धाम और पाताल भुवनेश्वर गुफा के दर्शन कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की तथा जनपद के लोगों की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं, सुरक्षा, सुविधाओं और चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा भी की। हाट कालिका में उन्होंने सफाई, पेयजल, शौचालय, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग सुविधा और मार्गों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन पार्किंग की गुणवत्ता और यातायात प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया। महाकाली समिति के सदस्यों की मांग पर मंदिर समीप पार्किंग व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को एक विस्तृत प्लान बनाने के निर्देश दिए।

पाताल भुवनेश्वर में जिलाधिकारी ने प्रवेश निकास मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, गाइड सुविधा एवं आपदा प्रबंधन की समीक्षा की। संपर्क मार्गों का उन्नयन, पार्किंग सुविधाएं और आपातकालीन सहायता तंत्र को मजबूत किया जाए, ताकि आगंतुकों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुगम वातावरण मिल सके।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गंगोलीहाट का दौरा किया, जहां छात्राओं ने उनका पारंपरिक लोक गीत और नृत्य के साथ स्वागत किया। जिलाधिकारी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, कॉन्सेप्ट क्लियर रखने और नई तकनीकों के साथ सीखने की प्रेरणा दी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी गंगोलीहाट यशवीर सिंह, तहसीलदार सहित महाकाली मंदिर समिति अध्यक्ष हरगोविंद रावल, सचिव कमल रावल, संगठन सचिव दीपक एवं अन्य विभागीयअधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होंने परिसर में सीसीटीवी कैमरे, सुदृढ़ मार्गदर्शन तंत्र और सुरक्षित पर्यटक आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह प्राचीन गुफा धार्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर भी है, जिसका संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों पर सूचना-पट्ट, बैठने की व्यवस्था,

# कांग्रेस नेता रावत को सिख समाज सिखाएगा सबकः नामधारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह नामधारी के नेतृत्व में आक्रोशित सिख समाज के लोग काफी संख्या में दोराहा पर पहुंचे, जहां उन्होंने जमकर कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत के खिलाफ नारेबा. जी की और विरोध प्रदर्शन करते हुए रुद्रपुर दोराहा तिराहे पर कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत का पुतला आग के हवाले किया।

इस दौरान उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सरदार सुखदेव सिंह नामधारी ने कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत पर तंज कसते हुए कहा कि जो इस नेता द्वारा सिख समाज के लोगों पर अभद्र शब्द किये गए हैं। उससे सिख समाज में गहरा रोष व्याप्त है और सिख समाज इसकी कड़े शब्दों में निंदा करता है। क्योंकि उनकी भावनाओं को ठेस पहुंची है। वही उन्होंने कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत के खिलाफ सरकार कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथी उन्होंने कांग्रेसी नेता के बाजपुर आने पर सबक सिखाने की बात भी कही है। आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने जमकर मुर्दाबाद के नारे भी लगे।इस मौके पर बग्गी सिंह नामधारी, लाडी नामधारी,बबलू नामधारी,गुरसेवक नामधारी जगजीत सिंह,तेजवंत सिंह,शुभ,प्रीत सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर....

# पार्किंग प्रोजेक्ट हीला हवाली पर डीएम की सख्त कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बेरीनाग और गंगोलीहाट में निर्माणाधीन पार्किंग स्थलों का विस्तृत निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता, सामग्री की शुद्धता और समयसीमा की प्रगति का गहराई से मूल्यांकन किया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि सभी परियोजनाएँ तकनीकी मानकों, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ ही पूर्ण मानी जाएँगी। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बेरीनाग में निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया।उन्होंने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार को निर्देशित किया कि उपयोग की जा रही सामग्री का परीक्षण कर समयबद्ध रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्माण की मौजूदा स्थिति और प्रगति को भी मौके पर परखा। गंगोलीहाट में पार्किंग स्थल का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को सख्त निर्देश दिए कि परियोजना निश्चित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी की जाए। उन्होंने सुरक्षा मानकों, तकनीकी विनिर्देशों और गुणवत्ता नियंत्रण को अनिवार्य बताते हुए कहा कि यह पार्किंग स्थानीय जनता की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने कहा सभी निर्माण कार्य समय पर, गुणवत्तापूर्ण और पूर्ण पारदर्शिता के साथ होने चाहिए।यहां उपजिलाधिकारी गंगोलीहाट यशवीर सिंह, ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नशा मुक्ति का संदेश लेकर दौड़ा मनिहार गोठ

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर/मनिहार गोठ।** "नशा छोड़ो, खेल अपनाओ" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मनिहार गोठ से हाफ मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायी दौड़ का नेतृत्व स्थानीय धावक इशाक हुसैन ने किया, जिसने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल व फिटनेस से जुड़ने का संदेश दिया। आयोजित दौड़ प्रतियोगिता को रवाना हज्जन कदीरन खातून के ने किया। दौड़ में तमाम युवाओं, किशोरों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने मनिहार गोठ से टनकपुर होते हुए खटीमा तक दौड़ लगाई। रास्ते भर लोगों ने जलपान, पानी और उत्साहवर्धन कर धावकों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि समाज को नशे से बचाने का सबसे बड़ा माध्यम खेल है, और इस प्रकार की पहल युवाओं को स्वस्थ दिशा देती है। इसी क्रम में आयोजन समिति और धावकों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिनी स्टेडियम का उन्नयन कर आधुनिक खेल सुविधा विकसित करने की पुरजोर मांग भी उठाई, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर मंच मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि अगर क्षेत्र में खेल सुविधाएं विकसित होंगी, तो स्थानीय प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलेगा और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों पर भी प्रभावी रोक लगेगी। दौड़ प्रतियोगिता में धावक इशाक हुसैन, अफजल हुसैन, मोहम्मद फरदीन, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद परवेज, अरीब हुसैन, दिव्यांग रियासत हुसैन, नवीन चंद जोशी, दीपक पचौली, कुणाल, सहित मास्साब मोहम्मद यामीन, सबीना खातून, मुमताज बेगम, निशा, आसमा खातून, समर फातिमा, रोजी मोहम्मद, नसीम, नफीस अहमद, मीर रहमान आदि ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम पंचायत मनिहार गोठ में हुए इस प्रेरक आयोजन ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है।



# समय किसी का इंतजार नहीं करता एक लक्ष्य लेकर करें कामः एडीएम

## मल्लिकार्जुन हायर सेकेंडरी स्कूल का पहला स्थापना दिवस संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** मल्लिकार्जुन हायर सेकेंडरी स्कूल लोहाघाट के पहले स्थापना दिवस समारोह का आगाज गुरुवार को मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रेरक संदेशों के बीच हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी ने बच्चों को जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने और समय की कीमत समझने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समय कभी किसी का इंतजार नहीं करता। जो समय के साथ चलते हैं और अपनी लगन से गगन छूने का प्रयास करते हैं, वही छात्र जीवन में अपने लक्ष्य हासिल करते हैं। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, नैतिक शिक्षा और चारित्रिक मजबूती को जीवन की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी बताया। गोस्वामी ने कहा कि छात्रों के संस्कार, आचार-विचार और व्यवहार ही उनके परिवार व विद्यालय की पहचान बनते हैं। उन्होंने सलाह दी कि शिक्षक और माता-पिता के प्रति सदैव कर्तव्यभाव रखें, क्योंकि वही आपके वास्तविक मार्गदर्शक हैं। मुख्य अतिथि ने कहा कि जो विद्यार्थी अपने गुरुओं और माता-पिता के आशीर्वाद से वंचित हो जाते हैं, उनसे अधिक दुर्भाग्यशाली कोई नहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मल्लिकार्जुन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक रुद्राक्ष जोशी ने की, जबकि संचालन सलोनी शाह, प्रियांशी गोस्वामी, गोविंद बल्लभ जोशी, प्रियांशु टम्टा और कुंजल मनराल ने सफलतापूर्वक किया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने संगीत, नृत्य और शिक्षा से जुड़े विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी एवं भौतिक विज्ञान विशेषज्ञ घनश्याम भट्ट ने अपने संबोधन में बच्चों को ऊँचा उड़ने के टिप्स दिए और विज्ञान एवं अनुशासन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि एवं स्क्वाड्रन लीडर सूरत मेहता ने अपने जीवन के संघर्ष और सफलता की कहानी साझा करते हुए बच्चों को कठिन परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। इससे पहले निदेशक रुद्राक्ष जोशी, प्रिंसिपल राहुल देव और विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

# कड़ाके की ठंड में भी जाग रही 'योग की अलख'



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** कड़ाके की ठंड अपने चरम पर है। तापमान इस कदर गिर चुका है कि अधिकांश लोग सुबह बिस्तर से निकलने का साहस भी नहीं जुटा पाते। ऐसे मौसम में शारीरिक व्यायाम और योग करना तो दूर, लोग घरों से बाहर निकलना भी कठिन समझते हैं। लेकिन इसी कठिन मौसम में लोहाघाट का आयुष्मान आरोग्य मंदिर एक प्रेरणादायक मिसाल पेश कर रहा है।

यहां की योग अनुदेशिका सोनिया आर्या प्रतिदिन सुबह 5 बजे महिला साधकों को नियमित योगाभ्यास कराती हैं। ठंडी हवाओं और जमा देने वाले तापमान के बावजूद साधक पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ कक्षा में पहुंचते हैं। उनके हौसले और नियमितता ने इस स्थान को स्वास्थ्य का एक जीवंत केंद्र बना दिया है। सोनिया आर्या न केवल योगाभ्यास करवाती हैं, बल्कि योग के साथ-साथ साधकों को संतुलित खान-पान, सर्दियों में अपनाए जाने वाले पथ्य-अपथ्य, और मौसम के अनुसार शरीर को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण उपाय भी बताती हैं। उनका कहना है कि सर्दियों में छोटे-छोटे बदलाव जैसे गर्म पानी का सेवन, पौष्टिक आहार, और नियमित व्यायामख्शरीर को रोगों से बचाने में बेहद मददगार होते हैं। इन दिनों साधकों को ऐसे विशेष योगाभ्यास सिखाए जा रहे हैं जिनसे शरीर में शीघ्र ऊष्मा उत्पन्न होती है। सूर्य नमस्कार, कपालभाति, भस्त्रिका, ताड़ासन, त्रिकोणासन आदि अभ्यास सर्दियों में विशेष रूप से लाभकारी माने जाते हैं। इन क्रियाओं से न केवल शरीर गर्म रहता है, बल्कि रक्त संचार तेज होता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ती हैं।

# पालिकाध्यक्ष जोशी ने कंप्यूटर प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र राणा ने नागरिक चिकित्सालय के समीप राजश्री कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का फीता काटकर व मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। केंद्र में प्रशिक्षक अर्पित रस्तोगी द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं इस केंद्र में बेसिक कंप्यूटर कोर्सेज, प्रोग्रामिंग एंड कोडिंग, एडवांस एंड वोकेशनल कोर्सेज से संबंधित विषयों में बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहीं प्रशिक्षक अर्पित रस्तोगी ने बताया कि आधुनिक युग में कंप्यूटर के बढ़ते हुए मांग को देखते हुए तथा युवाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार से जोड़ने के दृष्टिगत कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया है। जिसमें क्षेत्र के युवाओं को कंप्यूटर से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस मौके पर शिव शंकर रस्तोगी, रजनी रस्तोगी, भानु प्रताप रस्तोगी, शैल कुमारी, एकता रस्तोगी, राहुल सक्सेना, करन यादव, मनोज रस्तोगी, गंगा दत्त बागोली, बालेश्वर रस्तोगी, दुष्यंत रस्तोगी तथा सुनील रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बुजुर्ग सहित दो लोग घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर शनिवार की देर शाम बाजपुर के ग्राम कनोरा निवासी 55 वर्षीय बुद्दन शाह गांव में सड़क किनारे खड़े थे कि इसी बीच ग्राम हरलालपुर निवासी बाइक सवार 35 वर्षीय बलवीर काशीपुर से घर जा रहा था। वहीं ग्राम कनोरा में बलवीर का बाइक से संतुलन बिगड़ गया। जिससे बलवीर ने सड़क किनारे खड़े बुद्दन शाह को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं बाइक सवार बलबीर एवं बुद्दन शाह गंभीर घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के चलते मौके पर हड़कंप मचा रहा।

# ग्रामीणों ने आवारा सांड को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** बेरिया दौलत के आक्रोशित ग्रामीणों ने किसान नेता हरप्रीत सिंह निज्जर के साथ में नगर में घूम रहे एक आवारा सांड को पकड़ा लिया। इस आवारा सांड को पकड़ने में ग्रामीणों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा।

इस दौरान किसान नेता हरप्रीत सिंह निज्जर ने रविवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि बीते कुछ दिनों पूर्व ग्रामीणों को साथ लेकर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा था। उस ज्ञापन में उन्होंने आवारा सांडों और आवारा पशुओं को पकड़ने की मांग रखी थी। इन आवारा सांडों की वजह से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है, लेकिन अफसोस की बात है कि प्रशासन इसकी तरफ से कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा सांड को यहां से नहीं ले जाया गया, तो एसडीएम कार्यालय में सांड़ को ले जाकर बंधेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा सांडों की वजह से लगातार दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

# संयुक्त संघर्ष समिति का धरना आठ को

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** संयुक्त संघर्ष समिति ने 8 दिसंबर सोमवार सुबह 11 बजे से पुरानी तहसील रामनगर में प्रशासन और वन विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया गया है।संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से ललिता रावत ने कहा कि वन ग्राम पूछड़ी व उत्तराखंड में चल रही सभी बेदखली एवं दमनात्मक कार्रवाइयों पर तत्काल रोक लगाई जाए। हिरासत में लिए गए सभी ग्रामीणों को अविलंब रिहा किया जाए। महिलाओं व ग्रामीणों के साथ हुई मारपीट व अवैध हिरासत की न्यायिक/उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। उच्च न्यायालय के स्टे आदेशों के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी डीएफओ प्रकाश आर्य व अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। ग्राम पूछड़ी में वन अधिकार कानून, 2006 की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उत्तराखंड में वनाधिकार कानून का अनुपालन कर वन भूमि पर बसे सभी वन ग्रामों, गोठ व खत्तों को राजस्व ग्राम घोषित करो।किसी भी प्रकार की बेदखली से पूर्व पुनर्वास सुनिश्चित की जाने की मांग की है।

# मीडियाकर्मियों को कवरेज से रोका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण हटाये जाने की कवरेज करने से रोके जाने पर गुस्साए मीडियाकर्मी ने रविवार सुबह 5 बजे से 10 बजे भवानीगंज चौराहे पर धरने पर बैठ गए और प्रशासन की कार्य प्रणाली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सीओ रामनगर सुमित पांडे व कोतवाल रामनगर सुशील कुमार मीडिया कर्मियों को मनाने और उनसे बातचीत को लेकर पहुंचे। उन्होंने मीडिया कर्मियों की काफी मशक्कत के बाद एसएसपी नैनीताल से वार्ता कराए जाने की मांग पूरी होने के बाद ही पत्रकारों ने धरना समाप्त किया और कवरेज के लिए मौके पर पहुंचे। इस दौरान राजीव अग्रवाल, डॉक्टर जफर सैफी, खुशाल रावत, चंचल गोला, गोविंद पाटनी,जुगेश अरोड़ा, कैलाश सुयाल,विक्की कश्यप, नदीम वारसी, अरबाज खान, नमित अग्रवाल, चन्द्रसैन कश्यप, रागिब खान, अमित बेलबाल, मुकेश सुयाल, कैफ खान आदि मीडियाकर्मी मौजूद रहे।



# गोरालचौड़ मैदान में रोमांचक सद्भावना क्रिकेट मैच

**पत्रकार एकादश की धमाकेदार जीत, जिला प्रशासन को 39 रनों से दी मात**



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** जिला मुख्यालय स्थित गोरालचौड़ मैदान में रविवार को पत्रकार एकादश और जिला प्रशासन एकादश के बीच खेले गए सद्भावना क्रिकेट मैच में पत्रकार टीम ने 39 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार एकादश के कप्तान गिरीश सिंह बिष्ट ने पहले खेल का फैसला लिया। टीम ने निर्धारित ओवरों में सात विकेट खोकर 146 रन बनाए। टीम के बल्लेबाज राहुल महर मैच के हीरो रहे। उन्होंने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए 101 रनों की शतकीय पारी खेली। उनके अलावा दिनेश भट्ट ने 18 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला प्रशासन की टीम कप्तान चंदन बिष्ट के नेतृत्व में संघर्ष करती नजर आई, लेकिन पूरी टीम 107 रन पर ही सिमट गई। प्रशासन की ओर से खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी ने 40 रन और जसवंत खड़ायत ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में भी पत्रकार एकादश के राहुल चमके और शानदार 3 विकेट झटके। वहीं मैच में एसडीएम अनुराग आर्या ने बेहतरीन विकेटकीपिंग करते हुए तीन शानदार कैच लपके और गेंदबाजी में भी एक विकेट चटकाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

# एसएसबी ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** इंडो नेपाल सीमा स्थित 57 बटालियन सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी नारायण नगर के कार्यक्षेत्र ग्राम दमगड़ा में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उप कमांडेंट चिकित्सा डॉक्टर आहुति सिंह द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के 80 ग्रामीणों का वायरल रोग, तीव्र रोग, दीर्घकालिक रोग एवं मौसमी रोगों से संबंधित निःशुल्क उपचार किया गया।

चिकित्सक द्वारा ग्रामीणों को सर्दी के मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत कराते हुए उनको जागरूक किया गया तथा उन्हें मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय भी बताए गए। वहीं ग्रामीणों को संतुलित आहार लेने और नियमित योग करने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर डॉक्टर आहुति सिंह ने उपस्थित सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। इस मौके पर निरीक्षक अमरेश कुमार, मुख्य आरक्षी विकास तथा आरक्षी किरण आदि मौजूद रहे।

# पुछड़ी क्षेत्र में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 52 अवैध कब्जों को कर दिया ध्वस्त**



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के पुछड़ी क्षेत्र में आरक्षित वन भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर रविवार सुबह को बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई। वन विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच 52 अवैध कब्जा को ध्वस्त कर दिया। अभियान के दौरान क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।

मौके पर मौजूद एडीएम विवेक राय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि सभी अतिक्रमणकर्ताओं को पहले ही नोटिस जारी किए गए थे, उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया और पूर्ण सुनवाई के बाद ही निष्कासन की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने पूरे क्षेत्र को 9 सेक्टरों में बांटा था, जहां अलग-अलग सेक्टर मजिस्ट्रेट और कार्यपालक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई। आउट एरिया में एक सुपर जोन बनाया गया था और पूरे अभियान की ओवरऑल लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी एक एडीएम स्तर के अधिकारी को सौंपी गई थी। पुलिस की पर्याप्त तैनाती के कारण किसी भी तरह की कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। किसी प्रकार का तनाव नहीं रहा और न ही शांति भंग की कोई घटना हुई। अधिकांश लोग पहले से ही तैयार थे, क्योंकि उन्हें पूर्व में सूचना दी जा चुकी थी। जिनके अवैध कब्जा हटाए गए, उनमें से कई लोग पहले ही अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर चुके थे।

हालांकि, कार्रवाई के दौरान कई परिवारों को रोते-बिलखते हुए भी देखा गया। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने यह जमीन 2 से 3 लाख रुपये में रामनगर के कुछ लोगों से खरीदी थी। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि जमीन वैध है, जबकि अब उन्हें बेघर कर दिया गया। एडीएम विवेक राय ने साफ कहा कि जिन लोगों ने अवैध तरीके से जमीन बेची है, उनकी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं तराई पश्चिम रामनगर के डीएफओ प्रकाश आर्य ने बताया कि तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज के अपर कोसी ब्लॉक क्षेत्र में कुल 170 परिवारों को बेदखली के आदेश जारी किए गए थे।

इनमें से कई परिवार पहले ही स्वेच्छा से अपना कब्जा छोड़ चुके हैं। शेष में कुछ परिवारों के मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं, जिन पर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आज केवल 52 परिवारों के अवैध कब्जा हटाया गया है।पूरे अभियान के दौरान ड्रोन कैमरों और वीडियोग्राफी के जरिए निगरानी की गई।

# रामनगर में अतिक्रमण पर विरोध प्रदर्शन

**पुलिस ने 15 प्रदर्शनकारियों को किया गिरफ्तार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पूछड़ी क्षेत्र में वन विभाग की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद रविवार को हालात और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गूलरघट्टी के समीप मंगल बाजार चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सरकार, पुलिस और वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस ने लोगों के साथ मारपीट की और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। उनका कहना है कि सरकार को कार्रवाई से पहले वहां बसे परिवारों के पुनर्वास की योजना बनानी चाहिए थी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण हटने के बाद कई परिवार बेघर हो गए हैं और कड़ाके की ठंड में उनके सामने रहने, खाने और पीने तक की समस्या खड़ी हो गई है। गिरफ्तार किए गए प्रदर्शनकारियों में प्रभात ध्यानी, मुनीष कुमार, कैशर राणा, गिरीश आर्य, भुवन, आसिफ, ललित उप्रेती, महेश जोशी, सुनील पर्नवाल, तुलसी छिम्बाल, सरस्वती जोशी, गीता और दीपक तिवारी शामिल थे। सभी को पुलिस हल्द्वानी की ओर ले गई। प्रदर्शन कारी प्रभात ध्यानी ने कहा सरकार गरीबों को उजाड़ रही है, बिना पुनर्वास के लोगों को बेघर किया जा रहा है। हम आवाज उठाएंगे, चाहे हमें कितनी ही गिरफ्तारियां क्यों न देनी पड़ें। गरीबों के लिए लड़ते रहेंगे।



# पूर्व सैनिकों ने मनाया नौसेना दिवस

## इतिहास और परम्पराओं पर डाला प्रकाश, पहाड़ी गद्य व पद्य की प्रस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व नौ सैनिक कल्याण समिति हल्द्वानी (कुमाऊं) द्वारा रविवार को कालाढूंगी रोड स्थित एक होटल के सभागार में नौसेना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कर्नल एनएस रावत, समिति के अध्यक्ष कमांडर दिगंबर सिंह बिष्ट, और संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला ने संयुक्त रूप से द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत मातृशक्ति द्वारा स्वागत गीत से हुई, जिससे सभी उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया।



इसके बाद नौसेना का केक काटकर सभी पूर्व नौ सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान लिटिल एंजेल स्कूल के बच्चों ने पहाड़ी गद्य और पद्य की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

मुख्य अतिथि कर्नल एनएस रावत ने भारतीय नौसेना दिवस की परंपराओं के बारे में बताया। वहीं समिति के अध्यक्ष कमांडर दिगंबर सिंह बिष्ट, संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला व सचिव गोविंद सिंह कोरंगा ने भी भारतीय नौसेना दिवस मनाने के इतिहास और परंपराओं को साझा किया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में स्वर्ण पदक जीतने वाले वेटरन सचिन बलदिया और वेटरन सुरेंद्र सिंह मेहता का सम्मान शाल उड़ाकर और माल्यार्पण करके किया गया। इसके बाद रुद्रपुर से भारतीय तटरक्षक बल के वेटरन एम दुबे, वेटरन एसपी साहू और एएस नागरा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। भारतीय तटरक्षक बल के कमांडेंट आरपी सिंह ने अपने ओजस्वी भाषण से कार्यक्रम में समा बांध दिया। इस मौके पर बीएस डांगी, कुंदन सिंह अधिकारी, दीपचंद जोशी, केएन पंत, एके दुबे, एसपी साहू, एएस नागरा, यशोदा बिष्ट, सुधा जोशी, सीएस डांगी, अभिषेक कुमार, संजय शाह, टीएस कार्की, धीरेंद्र सिंह नेगी, संजय जोशी, अतुल डालाकोटी, सुरेंद्र सिंह मेहता, ओम प्रकाश जलाल, जीएस कोरंगा, बीएस भाकुनी, डीसी तिवारी, केएन जोशी मौजूद रहे।

# पतंजलि योगपीठ और रूस के बीच एमओयू

## आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत व रशिया एक-दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे: स्वामी रामदेव

**पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे: सर्गेई चेरेमिन**

**शाह टाइम्स संवाददता**

**हरिद्वार।** पतंजलि समूह तथा रूस सरकार के मध्य दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव जी तथा मॉस्को सरकार (रूस) की ओर से भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूस के वाणिज्य मंत्री श्री सर्गेई चेरेमिन ने हस्ताक्षर किए। रूस के श्री सर्गेई चेरेमिन ने कहा कि हम पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेकर हम रूस के लोगों की जीवनशैली परिवर्तित करेंगे और उन्हें निरोगी बनाएंगे।

इस मौके पर स्वामी रामदेव ने कहा कि यह एमओयू स्वास्थ्य एवं वेलनेस का संवर्धन, स्वास्थ्य पर्यटन, कुशल मानव संसाधन का आदान-प्रदान तथा अनुसंधान आदि विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि रूस में योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को लोग पसंद करते हैं तथा इनका अनुसरण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम हमें ऋषियों की इस वैलनेस विधा को पूरे विश्व के लगभग 200 देशों में पहुंचाना है, जिसका एण्ट्री प्वाइंट रूस ही होगा। इस एमओयू के पहला महत्वपूर्ण बिन्दू रूस में पतंजलि की वैलनेस सेवाओं का विस्तार करना है। हम रूस के साथ मिलकर गहन अनुसंधान करेंगे,



जिससे गम्भीर रोगों का मानव शरीर में आने से वर्षों पहले ही पता किया जा सकेगा। इसका दूसरा बिन्दु भारत के आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कृति, योग, आयुर्वेद तथा भारत की अमूल्य धरोहरों से संबंधित ज्ञान को रूस के साथ साझा करना है। इसके लिए हम भारत की संस्कृति तथा ऋषियों की धरोहर को रूस लेकर जाएंगे। एमओयू का तीसरा बिन्दु रूस को भारत के द्वारा स्किल्ड लेबर व कुशल योगी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाला पतंजलि ही एकमात्र प्राइवेट पार्टनर रहा है। हम रूस को कुशल योगी व कुशल श्रमिक उपलब्ध कराएंगे। साथ ही इस एमओयू के तहत भारत के उच्च स्तरीय ब्रांड्स को रूस में तथा रूसी ब्रांड्स को भारत में प्रोमोट करना है। हम विश्वस्तरीय पतंजलि ब्रांड को रशिया लेकर जाएंगे, जिससे पतंजलि के गुणवत्तायुक्त उत्पादों का लाभ रूस के नागरिकों को भी मिलेगा।भारत और रूस मित्र देश हैं। भारत का रूस से इमोशनल कनेक्ट आजादी से पहले भी था और आज भी है। भारत में लोग रूसी राष्ट्रपति श्री ब्लादिमीर पुतीन को एक सशक्त ग्लोबल लीडर के तौर पर पहचानते हैं। उनके शौर्य, वीरता व पराक्रम से पूरा विश्व परिचित है।

# सीएम के कपकोट दौरे का विरोध

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने सीएम के कपकोट दौरे पर जिले की



बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर विरोध किया। अध्यक्ष कमलेश गड़िया के नेतृत्व में कार्यकर्ता कपकोट सरयू पुल के पास हाथों में विरोध के स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर पकड़कर नारेबाजी की गई। कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ व्यवस्थाओं में सुधार लाओ, मुख्यमंत्री इस्तीफा दो, धामी गो बैग के नारे लगाए। वही पुलिस ने सीएम का काफिला कपकोट पहुंचने से पहले कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर थाने में नजर बंद किया गया। हालांकि इस बीच काफी देर तक कार्यकर्ताओं एवं पुलिस प्रशासन के बीच नोक झोंक देखने को मिली। विरोध करने वालों में प्रेम दानू जिला सोशल मीडिया प्रभारी एनएसयूआई, पंकज कुमार प्रदेश सचिव एनएसयूआई, जगदीश गड़िया संगठन मंत्री सुदर्शन वाहिनी, देवेन्द्र सिंह, गौरव कपकोटी, राहुल बाराकोटी एनएसयूआई परिसर अध्यक्ष बागेश्वर, कैलाश नाथ शामिल थे। कार्यकर्ताओं द्वारा सीएम का पुतला दहन करने का भी प्रयास किया गया। जिन्हें पुतला दहन भी नहीं करने दिया।

# खिलाड़ियों संग बैडमिंटन में आज़माए हाथ

## विकास परियोजनाओं का सीएम ने किया निरीक्षण, बाबा बागनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को जनपद दौरे के दूसरे दिन तड़के सरयू नदी तट पर चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की योजनाओं पर फीडबैक प्राप्त किया।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम पहुंचे, जहाँ उन्होंने खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन



खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रशिक्षण सुविधाओं, खेल उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल अवसंरचना को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुरूप विकसित करने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि उत्तराखण्ड के खिलाड़ी राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री धामी इसके बाद बागनाथ मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया और अपने विचार साझा किए। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद सीएम ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने सेना दिवस की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दिवस देश के वीर सैनिकों की अदम्य वीरता, बलिदान और उत्कृष्ट सेवाओं को स्मरण करने का अवसर है। इस दौरान सैनिक कल्याण विभाग ने मुख्यमंत्री को टोकन फ्लैग एवं लापेल पिन लगाया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, भूपेश उपाध्याय, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, विधायक पार्वती दास, विधायक सुरेश गडिया, पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, एसडीएम प्रियंका रानी, ललित मोहन तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर...

### नज़रबंद किए गए 15 लोगों को पुलिस ने छोड़ा

**कालाढूंगी।** रामनगर के पुछड़ी क्षेत्र में रविवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान विरोध प्रदर्शन करने वाले 15 लोगों को कालाढूंगी कोतवाली लाया गया। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरे रामनगर क्षेत्र में तैनाती की थी, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ विरोध कर रहे लोगों में प्रभात ध्यानी, ललित उप्रेती, सावित्री जोशी, आसिफ, मुनीश कुमार, भुवन चन्द्र, फैसल खान, सुनील पालीवाल, प्रेम बल्लभ, किशन शर्मा, गिरीश चंद्र, दीपक तिवारी, बल्लादत नैनवाल, तुलसी, गीता आदि शामिल थे। इन सभी को कालाढूंगी कोतवाली में नजरबंद किया गया था। हालांकि देर शाम सभी को बिना किसी घटना के छोड़ दिया गया।

### उदय शंकर की स्मृति पर कलाकारों ने उकरे चित्र

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर में भारतीय नृत्य सम्राट उदय शंकर की स्मृति में चल रही कार्यशाला का समापन हो गया है। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए 80 से अधिक कलाकारों की ओर से उदयशंकर के चित्र बनाए गए हैं। परिसर के चित्रकला विभाग में आयोजित कार्यशाला में कलाकारों ने कल्पना, रौद्र रस, उदयशंकर और अल्मोड़ा, तांडव नृत्य, विद ऐपण उदय नृत्य, शिव-पार्वती, उदय का हिमालय प्रेम आदि चित्र बनाए हैं। इस दौरान कार्यशाला में परिसर के निदेशक प्रो. पीएस बिष्ट ने चित्रों का अवलोकन किया। इस मौके पर यहां प्रो. शेखर चंद्र जोशी, प्रो. सोनू द्विवेदी, पूरन मेहता, राकेश, रौनक, नवीन आर्या, पियूष, तारा सिंह, नीरज, वीरेंद्र, संतोष सिंह मेर, जीवन, आशीष, सुरभि, निकिता, यामिनी, नेहा, हर्षिता, गुड्डी, रिया मिताली, नवीन, निखिल, गीता, मनीषा, मीनाक्षी, गणेश, निकिता, कृष्णा, गीता, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### साहित्य परिषद की जिलाध्यक्ष बनीं हेमा आर्या

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की अल्मोड़ा इकाई का विधिवत गठन हो गया है। इस दौरान हेमा आर्या शिल्पी को अध्यक्ष, चंद्रा उप्रेती को उपाध्यक्ष, विपिन जोशी 'कोमल' व वीणा चतुर्वेदी को महामंत्री, सोनू उप्रेती सांची को नगर मंत्री, उमा तिवारी को कोषाध्यक्ष तथा एड. संजय कुमार अग्रवाल को विधि सलाहकार व मीडिया प्रभारी चुना गया। प्रदेशध्यक्ष सुनील पाठक ने साहित्य परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं, प्रांतीय संयुक्त मंत्री व संयोजक अल्मोड़ा मीनू जोशी ने कहा कि शीघ्र ही साहित्य परिषद की नियमित गोष्ठी और आयोजन कर संगठन की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कहा कि संगोष्ठियां केवल काव्य गोष्ठी तक सीमित न हो कर साहित्य के विभिन्न आयामों में केंद्रित होगी और युवाओं को साहित्य सृजन के प्रेरित किया जाएगा।

### अल्मोड़ा नगर में वन विभाग का अलर्ट

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय समेत तमाम ग्रामीण इलाकों में इन दिनों गुलदार की दशहत से लोग खौफजदा है। गुलदार की चहल कदमी को देखते हुए वन विभाग ने अलर्ट जारी किया है। लोगों से एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है। वहीं, कई इलाकों में ट्रैप कैमरे लगाए गए है। दरअसल, लंबे समय से नगर समेत ग्रामीण इलाकों में गुलदार की चहल कदमी देखी जा रही है। आए दिन सीसीटीवी कैमरों में गुलदार दिखाई दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो गुलदार मवेशियों पर हमलावर हो रहे हैं। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। वन क्षेत्राधिकारी मोहन राम आर्या ने बताया कि रानीधारा के अलावा मटेला, भगतोला से लगातार गुलदार दिखाई देने की सूचना मिल रही है। इस पर अलर्ट जारी किया गया है। जबकि टीम लगातार गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कर रही है। इधर, वन विभाग की ओर से नगर के गोपालधारा, थाना बाजार समेत अन्य इलाकों में ट्रैप कैमरा लगाए गए हैं।

### अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगी

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में अतिथि शिक्षकों की भर्ती पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई आई दिसबंर को होगी। दरअसल, एसएसजे विवि में विधि संकाय समेत अन्य विभागों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति को साक्षात्कार होने थे। अतिथि शिक्षिका रही डा. प्रियंका की ओर से दायर याचिका की उच्च न्यायालय में सुनवाई चल रही है। इसी दौरान विधि विभाग में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया था। इस पर डा. प्रियंका ने उच्च न्यायालय से स्टे लगाने की मांग की थी। डा. प्रियंका ने अपनी दलीलों को न्यायालय के समक्ष स्वयं रखा जिसे स्वीकार करते हुए अतिथि शिक्षकों के साक्षात्कार एवं नियुक्तियों पर रोक लगा दी।

# माफी मांगें हरक: अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** धर्म यात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री पुराना आवास विकास, काशीपुर निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत द्वारा सिख समाज के प्रति की गई अपमानित टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। मीडिया को जारी अपने वक्तव्य में श्री अग्रवाल ने कहा कि सिख समाज जिसके लिए अपना हिंदू धर्म सदा सदा के लिए ऋणी रहेगा और जिनका इतिहास सदैव त्याग, तपस्या एवं बलिदान को समर्पित रहा है। जिनके पूर्वजों द्वारा दिए गए बलिदान स्वरूप हमारा सनातन धर्म जिंदा है, उस धर्म के प्रति किसी भी प्रकार के शब्द कहना अत्यंत निंदनीय व अशोभनीय हैं। हमें लगता है कि श्री रावत अपना दिमागी संतुलन खो बैठे हैं। अब वह इस योग्य नहीं रहे कि उनके दिए गए बयान की ओर ध्यान दिया जाए।

# सिख समाज पर हरक सिंह रावत की टिप्पणी निंदनीय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा की परंपरा व आस्था का मजाक उड़ाना अब कांग्रेस की आदत बनती जा रही है। देश में कांग्रेस अपना वजूद खोती जा रही है और जनता भी ऐसी पार्टी की विचारधारा को नाकारते हुए प्रश्न चिन्ह लगा रही है। उन्होंने कहा कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत का यह बयान उसी मानसिकता की ताजा कड़ी है, जो सिख समुदाय की शौर्य गाथा और बलिदान को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि हरक सिंह रावत द्वारा की गई टिप्पणी ओछी मानसिकता का उदाहरण है। 1984 के



सिख विरोधी दंगों में हुए भीषण नरसंहार की काली छाया को आज भी देश नहीं भुला सका हैं। अभिषेक गोयल ने कहा कि आदरणीय सिख गुरुओं के उपदेश हमें मर्यादा, सम्मान और सेवा का पाठ पढ़ाते हैं। इन पवित्र मूल्यों का उपहास करने वालों को सिख समुदाय ही नहीं, पूरा देश लोकतांत्रिक तरीके से अपना जवाब जरूर देगा। उन्होंने कहा कि जिस सिख समाज ने सदियों से इस देश और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर किया है। उस समाज के लिए कांग्रेसी नेता हरक सिंह रावत द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है।

# स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** रविवार को कालाढूंगी स्थित अमन क्लीनिक में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस शिविर में नीलकंठ हॉस्पिटल हल्द्वानी की विशेषज्ञ डा. मेघा शर्मा ने मरीजों की जांच की, उन्हें बीमारियों से बचाव के लिए उचित सलाह दी, और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान कीं।



डा. मेघा शर्मा ने शिविर में उपस्थित लोगों को पेट रोगों के बारे में जानकारी दी और बताया कि पेट से जुड़ी समस्याएँ कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जड़ हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि पेट रोग पूरी तरह से इलाज योग्य होते हैं, और इसका समय पर इलाज व नियमित दवा सेवन करना बेहद जरूरी है। इस शिविर में करीब 100 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर का आयोजन अमन क्लीनिक के डा. अमन तुली के सहयोग और नीलकंठ हॉस्पिटल के समर्थन से किया गया। डा. अमन तुली ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार किया जाता है ताकि लोगों को समय-समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान शिविर के आयोजन में कौशल जोशी, नरेंद्र कुमार, जुनेद अली, आदित्य तुली, विकास कुमार, मोहम्मद आलम आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# दर-दर भटक रहे श्रमिक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर में 16 नवंबर 2013 को सील हुई चीनी मिल के सैंकड़ों श्रमिक पिछले 12 वर्षों से अपने वेतन और अन्य देयों के भुगतान के लिए भटक रहे हैं। मिल बंद होने के बाद मजदूरों का करीब 42 करोड़ रुपये का बकाया रह गया, जो आज तक जारी नहीं हो सका है। इन वर्षों में करीब 65 श्रमिकों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अब भी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। वरिष्ठ श्रमिक नेता वेद प्रकाश विद्यार्थी ने बताया कि 2013 में स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते मिल को सील कर दिया गया था। उसके बाद से न तो मिल प्रबंधन आगे आया और न ही जनप्रतिनिधियों या सरकारों ने श्रमिकों की सुध ली। विद्यार्थी ने बताया कि वे कई बार देहरादून से दिल्ली तक नेताओं के द्वार पर गए, लेकिन किसी ने ठोस पहल नहीं की। हम कई मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों तक पहुंचे, लेकिन ज्ञापन लेने के अलावा किसी ने कदम नहीं उठाया। श्रमिकों ने न्याय की उम्मीद में इलाहाबाद हाईकोर्ट में केस दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार हाईकोर्ट में एक एफिडेविट दाखिल कर दे कि यह प्लांट उत्तराखंड राज्य का है, तो मामले को शीघ्र निपटाया जा सकता है, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई। 75 वर्षीय वेद प्रकाश विद्यार्थी भावुक होकर बताते हैं कि कई मजदूरों ने आर्थिक तंगी में दम तोड़ दिया। मेरे 60 से अधिक साथी गुजर चुके हैं। विद्यार्थी ने बताया कि न्याय व्यवस्था में तेजी और सरकार की ठोस कार्रवाई के बिना गरीब श्रमिकों को उनका हक मिलना बेहद मुश्किल है।

# काशीपुर में हर रोज़ जाम हुआ आम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** काशीपुर में जाम की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ीती जा रही है। शहर में यातायात दबाव कम करने के उद्देश्य से फ्लाईओवर निर्माण से लेकर कई बाईपास मार्ग तैयार किए गए, लेकिन इसके बावजूद शहर के भीतर ट्रैफिक अव्यवस्था लगातार बढ़ती ही जा रही है।

रविवार की दोपहर भी चीमा चौराहे के पास रामनगर रोड पर भीषण जाम की स्थिति देखी गई, जिसमें दोपहिया से लेकर भारी वाहनों तक घंटों फंसे रहे। हालात ऐसे रहे कि न तो वाहन आगे बढ़ पा रहे थे और न ही पीछे हटने की कोई जगह थी। लोगों को मजबूरन भीषण जाम में फंसकर समय बर्बाद करना पड़ा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि



शहर में बढ़ते वाहनों की संख्या, अवैध पार्किंग, सड़क किनारों पर अतिक्रमण और अप्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन के कारण फ्लाईओवर और बाईपास का लाभ शहर के भीतर दिखाई नहीं दे रहा। वहीं, जाम के दौरान मौजूद यातायात कर्मी भी भीड़ नियंत्रण में नाकाफी साबित हो रहे हैं। शहरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द ही कोई ठोस रणनीति बनाकर जाम की इस स्थाई समस्या से राहत दिलाए। कमोवेश यही स्थिति दोपहर के समय टांडा उज्जैन, राधेश्याम बिल्डिंग मोड़, बाजपुर रोड पर महादेव नहर तिराहा, महेशपुरा मोड़ आदि कई स्थानों पर रोजाना जाम की यही स्थिति देखने को मिल रही है। कई वार तो इन स्थानों पर एंबुलेंस को भी फंसते देखा गया है। ऐसा नहीं है कि ऐसे जाम में शासन-प्रशासन के अधिकारियों के वाहन नहीं फंसते हैं, परन्तु सबकुछ देखकर भी जाम के इस झाम से अनजान बनकर मूकदर्शक बने हुए हैं। कुल मिलाकर काशीपुर वासियों के लिए जाम की समस्या एक अभिषाप बनकर रह गयी है।

# अल्मोड़ा के धनखल पहुंचे सीएम

## स्व. रामदत्त भट्ट के परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यहां नैनीताल लोकसभा सांसद अजय भट्ट के बड़े भाई रामदत्त भट्ट के निधन पर उनके पैतृक आवास धनखल गांव पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने राम दत्त भट्ट के निधन पर उनकी फोटो पर पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उनके परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बधाया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राम दत्त भट्ट से उनकी कई बार आत्मीय मुलाकात थी। वो मुझे बहुत अच्छा मानते थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के धनखल गांव में बने अस्थाई हेलीपैड में उतरने पर जहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया वही विजयपुर धनखल गांव के ग्रामीण भी वहां मौजूद रहे। पहली बार गांव में



हेलीकॉप्टर उतरने से ग्रामीण व बच्चे बहुत खुश नजर आए और मुख्यमंत्री ने भी उनका अभिवादन किया और बच्चों से हाथ मिलाकर उनको खुश किया। इस दौरान वह पत्रकारों से भी मिले। सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी और रूस के प्रधानमंत्री व्लादिमीर पुतिन मुलाकात निश्चित रूप में देश की चौथी अर्थव्यवस्था बनने में मददगार सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि भारत में अंतर विकास की ओर अग्रसर है। इस दौरान जिलाधिकारी अंशुल, सीडीओ, एसएसपी सहित भाजपा जिलाध्यक्ष घनश्याम भट्ट अल्मोड़ा की जिलाध्यक्ष महेश नयाल, पूर्व विधायक महेश नेगी, भाजपा नेता अनिल शाही, जिला पंचायत सदस्य सूरज उपाध्याय, युगल किशोर आर्या, धीरेंद्र मठपाल मौजूद रहे।

# आवाज़ उठाना ज़रूरी: तिवारी



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी की बैठक में वक्ताओं ने भ्रष्टाचार और महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा के विरुद्ध एकजुट होकर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। अल्मोड़ा में होने वाली जनसभा के आयोजन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज आम जन भ्रष्टाचार और बढ़ती बेरोजगारी से परेशान है। कहा कि आज राज्य में कालेज और अस्पतालों के पुराने भवनों को तोड़कर नए भवन बनाए जा रहे हैं, लेकिन स्कूलों में न शिक्षक और न अस्पतालों में डाक्टर हैं। वक्ताओं ने कहा कि आज भ्रष्टाचार चरम पर होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए भी आवाज उठाने की जरूरत हैं। भावना पांडे ने कहा कि बेरीनाग महाविद्यालय में छात्रा से छेड़छाड़ की बात सामने आ रहीं है, इसके लिए सभी को मिलकर आवाज उठानी चाहिए, जिससे की आरोपितों को सजा मिल सके। यहां उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी, नारायण राम, सोनी, हेमा, भारती पांडे, ममता जोशी, ममता बिष्ट, भारती, मोहम्मद वसीम, दीवान सिंह, विनय किरौला, नीरज पंत, नीमा, राजू गिरी, वंदन कोहली मौजूद रहे।

# आनंद बने सेना में लेफ्टिनेंट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता के इन्द्रानगर द्वितीय निवासी आनंद नाथ गोस्वामी पुत्र नारायण नाथ गोस्वामी ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन देवभूमि का मान बढ़ाया है। आनंद का बचपन से ही सेना में ऑफिसर बनने का सपना था, जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने जी जान से मेहनत की। बता दें कि आनंद ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज लालकुआं में पूरी की। जिसके बाद ग्रेजुएशन एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी से किया। इसके बाद वह 2008 में आर्मी में भर्ती हुए। वहां पर उन्होंने भारतीय सेना वायु रक्षा रेजीमेंट में सेवारत रहते हुए अपनी सेवाएं दीं। लेकिन उनकी मंजिल यहां तक ही नहीं थी, उन्हें अभी और उड़ान भरनी थी। इसी क्रम में उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने लक्ष्य को भेदने के



लिए निरंतर प्रयास किए। इसी दौरान उन्होंने सर्विस सिलेक्शन बोर्ड एसएसबी के माध्यम से भारतीय सेना में कमीशन पास किया, जिसमें वह ऑफिसर नियुक्त हुए। इन्होंने अपनी ट्रेनिंग भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून से पूरी की। इन्होंने सेंचुरियन डिफेंस एकेडमी देहरादून में शिशिर दीक्षित से एसएसबी की तैयारी की। आनंद बतौर लेफ्टिनेंट भारतीय सेना में सेवाएं देने के लिए तैयार हो गए हैं। वहीं बेटे की इस कामयाबी से पिता-माता समेत पूरा परिवार उत्साहित है। पिता नारायण नाथ गोस्वामी भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है। जबकि माता गोविंदी देवी गृहणी है। आनंद की इस कामयाबी से समूचे गांव में खुशी का माहौल है उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# जायसवाल वनडे शैली से तालमेल बैठा लेंगे: गंभीर



**वनडे क्रिकेट में जरूरी चीज यह है कि आपको पता होना चाहिए आप किस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते है**

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तीसरे एकदिवसीय में यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी के बाद कहा कि जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय प्रारुप में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होगी।

जायसवाल भारतीय टेस्ट दल का नियमित हिस्सा हैं लेकिन उन्होंने अब तक केवल चार एकदिवसीय मैच ही खेले हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीजी में उन्हें अवसर नियमित सलामी बल्लेबाज और कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण मिला। दक्षिण अफ्रीका पर भारत की नौ विकेट से जीत के बाद गंभीर ने कहा, ष्वनडे क्रिकेट में जरूरी चीज यह है कि आपको पता होना चाहिए कि आप किस शैली में क्रिकेट खेलना चाहते हैं। जब आप लाल गेंद क्रिकेट खेलकर एकदिवसीय क्रिकेट खेलने आते हैं तो आपको लगता है कि यहां आपको आक्रामक शैली में खेलना है लेकिन आपको वनडे क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं है। आप इसे 30 और 20 ओवर में भी विभाजित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप 30 ओवर एकदिवसीय क्रिकेट की तरह खेलते हैं तो जो क्षमता जायसवाल के पास है वह तब तक शतक के पास होंगे। इसके बाद भी आपके पास 20 ओवर बचे होंगे और आप इस चरण में टी-20 क्रिकेट की तरह खेल सकते हैं। केवल शैली का अनुसरण जरूरी है। यह जायसवाल का चौथा मैच था। जिस समय उन्हें यह पता लग गया कि एकदिवसीय क्रिकेट में किस शैली से बल्लेबाजी करनी है तब फिर उनके पास अनंत संभावनाएं होंगी। जायसवाल ने पूरी पारी में बल्लेबाजी की, पहले उन्होंने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 155 रन जोड़ और फिर विराट कोहली के साथ 116 रनों की नाबाद पारी खेलते हुए अंत तक डटे रहे। इस सीरीज में इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ ने भी शतक जड़ा, जो कि स्वयं भी वनडे दल का नियमित हिस्सा नहीं हैं और उन्होंने ऐसे स्थान पर बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा जिस स्थान पर वह अमूमन बल्लेबाजी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि ऋतु ने अपने नियमित स्थान से दूसरे क्रम पर बल्लेबाजी की। हम सभी जानते हैं कि वह बेहरतीन बल्लेबाज हैं। जिस तरह वह इंडिया ए के लिए प्रदर्शन कर रहे थे उसे देखते हुए हम उन्हें इस सीरीज में अवसर देना चाहते थे और उन्होंने मौके को अच्छी तरह से भुनाया। हमने 40 पर दो विकेट गंवा दिए थे और उस स्थिति में बल्लेबाजी करने आने के बाद शतक लगाना वाकई प्रशंसनीय था। उन्होंने कहा कि देखिए, हमें जब भी अवसर मिलता है हम नए खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने की कोशिश करते हैं। क्योंकि हम आगामी विश्व कप के लिए 20-25 खिलाड़ियों का एक ग्रुप चाहते हैं। लेकिन जब आपके कप्तान व उपकप्तान (वनडे में अय्यर) वापस आ जाते हैं तो आपको उन्हीं से शुरुआत करनी होगी। लेकिन जिस तरह का उन्होंने (यशस्वी व गायकवाड़) प्रदर्शन किया है, जब संभव होगा हम उन्हें मौका जरूर देंगे। यह उन कारणों में से एक है कि हम क्यों हर्षित जैसे खिलाड़ियों को विकसीत करना चाहते हैं जो कि आठवें नंबर पर बल्लेबाजी कर टीम के लिए योगदान दे सके।

## एसएमएटी में मुंबई के लिए खेलेंगे यशस्वी जायसवाल

**मुम्बई, वार्ता।** विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरी एकदिवसीय मुकाबले में नाबाद शतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) में अपनी घरेलु टीम मम्बई के लिए खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप में घरेलू टीम के लिए खेलने की सहमति दे दी है। जायसवाल की उपलब्धता की पुष्टि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की है। अधिकारी ने रविवार को क्रिकबज को बताया कि उन्होंने एसएमएटी अभियान के लिए स्वयं को उपलब्ध कराया है। जायसवाल आखिरी बार एसएमटी में 2023-24 क्वार्टर-फाइनल में खेले थे और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के कारण पिछले एडिशन में हिस्सा नहीं ले पाए थे। 23 साल के इस खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में 28 मैच खेले हैं, जिसमें 26 पारियों में 27 की औसत और 136-42 के स्ट्राइक रेट से 648 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में उनके नाम तीन हाफ-सेंचुरी हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित शर्मा एसएमएटी में खेलेंगे या नहीं। हालांकि उनकी भागीदारी के बारे में खबरें आई हैं, लेकिन एमसीए के अधिकारी इसकी पुष्टि नहीं की। एमसीए के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इससे पहले, टीम के सूत्रों ने संकेत दिया था कि रोहित टी-20 टूर्नामेंट में खेलेंगे, लेकिन रविवार सुबह तक भी कोई निश्चितता नहीं थी। जायसवाल की तरह, रोहित भी भारत की एकदिवसीय टीम का हिस्सा थे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी सोराना

**रोमानिया, वार्ता।** रोमानिया की महिला टेनिस खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया ने सोशल मीडिया मंच पर कहा है कि वह 2026 सीजन के बाद टेनिस से संन्यास लेगी। 35 साल की रोमा. नियाई खिलाड़ी ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि डब्लयूटीए टूर पर उनका 20वां सीजन का आखिरी साल होगा। सिर्स्टिया ने लिखा, ष्मुझे टेनिस बहुत पसंद है। मुझे इसका अनुशासन, रूटीन, कड़ी मेहनत पसंद है। मुकाबला और एड्रेनालाईन मेरी आत्मा को एनर्जी देते हैं। लेकिन जिदगी में हर चीज की तरह, इसका भी अंत होना है। उन्होंने कहा कि मैंने कभी इतने लंबे समय तक खेलने की उम्मीद नहीं की थी, लेकिन पिछले कुछ साल कोर्ट पर मेरे सबसे खुशहाल साल रहे हैं और उन्होंने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### हम दबाव का सामना नहीं कर पाए हैं: बेन स्टोक्स

**ब्रिसबेन, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली आठ विकेट से करारी हार पर कहा कि हम दबाव का सामना नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि हम कमजोर नहीं है और वापसी के लिए जरूरत पड़ने पर जोश दिखाना होगा। मैच के बाद स्टोक्स ने कहा कि हम मैच में दबाव का सामना नहीं कर पाये। उन्होंने कहा इंग्लैंड को सीरीज में बने रहे के लिए और अधिक संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि उनकी टीम मुश्किल हालात से वापसी कर सकती और अब 3-2 का नतीजा ही एशेज वापस जीतने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि कैच छोड़ना टीम की मुख्य खामी रही जिसने लाइट्स में पिंक बॉल से उनकी वापसी के प्रयास को कमजोर कर दिया।

## कोहली ने परिवार के साथ सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए

● **आलरांडर वाशिंगटन सुंदर भी साथ थे, इसी साल अयोध्या-वृंदावन भी गए थे**

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** इंडियन बैटर विराट कोहली ने अपने परिवार और आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के साथ रविवार को विशाखापट्टनम स्थित सिंहाचलम मंदिर में दर्शन किए। 2 मिनट 36 सेकंड के वीडियो में विराट कोहली मंदिर में पूजा-पाठ करते नजर आ रहे हैं।

उनके साथ सुंदर भी हैं। विराट ने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्रा स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि को. हली पूरे परिवार के साथ दर्शन करने आए थे, लेकिन फोटो-वीडियो में कहीं भी अनुष्का और बच्चे नजर नहीं आए। विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो शतकों के सहारे 151.00 की एवरेज से 302 रन बनाए। विराट ने तीसरे वनडे में नाबाद 66 रनों की पारी खेली। इस मैच को भारत ने 9 विकेट से जीता। पुजारियों ने वेद आशीर्वाद पाठ किया दर्शन के बाद पुजारियों ने नादस्वरम की ध्वनि के साथ वेद आशीर्वाद का पाठ किया। पुजारियों ने खिलाड़ियों को मंदिर का पवित्रा वस्त्रा दिया और देवस्थानम की ओर से उन्हें भगवान का चित्रा और प्रसाद भेंट किया। मई में अयोध्या गए थे, रामलला-हनुमान गढ़ी में दर्शन किए विराट कोहली और अनुष्का शर्मा 25 मई को अयोध्या गए थे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि, राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आई। उसके बाद दोनों ने हनुमानगढ़ी मंदिर में 20 मिनट तक पूजा-अर्चना की।

## स्मृति-पलाश की शादी कैंसिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और सिंगर पलाश मुछाल की शादी कैंसिल हो गई है। स्मृति और पलाश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर इसकी जानकारी दी। दोनों की शादी 23 नवम्बर को होनी थी। संगीत से लेकर हल्दी के कार्यक्रम हो चुके थे।

बारात की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में 23 नवम्बर की सुबह स्मृति के पिता को हार्ट अटैक आने के बाद शादी पोस्टपोन कर दी गई थी। शादी टलने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलने लगीं। दावा किया गया कि पलाश ने स्मृति के साथ धोखा किया है और उनका नाम वेडिंग कोरियोग्राफर से जोड़ा गया। इसी बीच, स्मृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी से जुड़ी सभी तस्वीरें हटा दी थीं। स्मृति ने पोस्ट में लिखा- पिछले कुछ हफ्तों से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई

● **भारतीय महिला क्रिकेटर ने लिया कि मामले को यही खत्म करना चाहती हूं, अब आगे बढ़ने का वक्त**

जा रही हैं, इसलिए मुझे लगा कि इस समय मुझे खुद इस बारे में बात कर देनी चाहिए।

मैं बहुत निजी स्वभाव की इंसान हूं और अपनी प्राइवेसी बनाए रखना चाहती हूं, लेकिन यह साफ करना जरूरी है कि शादी अब कैंसिल हो गई है। मैं चाहती हूं कि यहीं इस मामले को खत्म कर दिया जाए और आप सभी से भी यही अनुरोध है कि इस विषय को आगे न बढ़ाएं। कृपया इस समय दोनों परिवारों की निजी जिंदगी का सम्मान करें और हमें थोड़ा समय दें, ताकि हम अपनी भावनाओं को संभाल सकें और आगे बढ़ सकें। पलाश ने इंस्टा स्टोरी में लिखा कि मैंने अपने जीवन में आगे बढ़ने और अपनी निजी रिश्ते से पीछे हटने का फैसला किया है। मेरे लिए यह बहुत मुश्किल स्थिति रही है, खासकर तब जब लोग बिना किसी आधार के फैल रही अफवाहों पर इतनी आसानी से रिएक्ट करते हैं। जो चीज मेरे लिए सबसे पवित्रा थी, उसी पर ऐसी बातें होना बेहद दुखद है। यह मेरे जीवन का सबसे कठिन दौर है, और मैं इसे अपनी मान्यताओं पर टिके रहते हुए शांत और सम्मानजनक तरीके से संभालूंगा। मैं सच में उम्मीद करता हूं कि हम एक समाज के रूप में यह सीखें कि किसी के बारे में बिना सत्यापित खबरों और अनजान सोर्स वाली गासिप पर भरोसा करके तुरंत फैसला न करें। हमारे शब्द कभी-कभी ऐसे घाव दे सकते हैं जिनकी गहराई हम समझ भी नहीं पाते। मेरी टीम उन लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी जो झूठी और बदनाम करने वाली बातें फैला रहे हैं।

## नामीबिया ने गैरी कर्स्टन को सलाहकार किया नियुक्त

**विडहोक, वार्ता।** नामीबिया क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ओपनर और मशहूर अंतर्राष्ट्रीय कोच गैरी कर्स्टन को अपनी पुरुष क्रिकेट टीम का सलाहकार नियुक्त किया है। नामीबिया क्रिकेट ने यह नियुक्ति ऐसे समय की है जब टीम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियां कर रही है। आईसीसी की वेबसाइट के अनुसार, कर्स्टन ने 101 टेस्ट में 7,289 रन और 185 एकदिवसीय में 6,798 रन के साथ एक शानदार खेल करियर का आनंद लिया, वह मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह बहुत अनुभव रखते हैं।

एक भरोसेमंद शीर्षक्रम के बल्लेबाज की पहचान के अलावा, उन्होंने घरेलू, अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में एक शानदार कोचिग करियर बनाया है। 56 साल के कर्स्टन पहले

● **अब टीम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी तैयारियां कर रही है**

भारतीय टीम के भी मुख्य कोच रह चुके हैं और उन्होंने 2011 में भारत को अपना दूसरा पुरुष क्रिकेट विश्व कप खिताब जिताया था। बाद में उन्होंने अपने देश दक्षिण अफ्रीका को कोचिग दी और हाल ही में पाकिस्तान की नेशनल टीम के साथ काम किया। कर्स्टन ने नामीबिया क्रिकेट के साथ जोड़ने को लेकर एक बयान में कहा कि क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वाकई में एक गर्व की बात है। मैं एक हाई-परफॉर्मेंस क्रिकेट माहौल बनाने के उनके डेडिकेशन और पक्के इरादे से पूरी तरह इम्प्रेस हुआ हूं। उनका नया स्टेट-ऑफ-द-आर्ट क्रिकेट स्टेडियम इस बात का सबूत है कि वे यह पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सीएम साहा ने त्रिपुरा में किया पहले गोल्फ टूर्नामेंट शुभारंभ

● **त्रिपुरा में खेल और व्यवसाय के लिए एक नए युग की शुरुआत है**

**अगरतला, वार्ता।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा ने रविवार को त्रिपुरा गोल्फ एसोसिएशन (टीजीए) और बीएसएफ फंटियर मुख्यालय द्वारा भारत गोल्फ महोत्सव के तहत यहां पूर्वोत्तर में आयोजित पहले गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट में देशभर विभिन्न क्षेत्रों के 30 से अधिक गोल्फर शामिल हुए। आज यहां त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डा. माणिक साहा ने खेल मंत्री टिकू रॉय, गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया (जीएफआई) के महासचिव आर्यवीर आर्य, टीजीए के अध्यक्ष डेविड देबबर्मा और सीमा सुरक्षाबल (बीएसएफ) के पुलिस महानिरीक्षक ए-के-चक्रवर्ती के साथ यहां शालबगान में बीएसएफ गोल्फ क्लब में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर त्रिपुरा की पहचान को बढ़ाने के लिए राज्य में एक अंतर्राष्ट्रीय-मानक गोल्फ कोर्स स्थापित करने की घोषणा की, जिससे अधिक पर्यटन और निवेश के अवसर मिलेंगे। डा. साहा ने कहा कि यह त्रिपुरा में खेल और व्यवसाय के लिए एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा , ष्मैं भारत गोल्फ महोत्सव के तहत पूर्वोत्तर में पहले गोल्फ टूर्नामेंट का उद्घाटन करके बहुत खुश हूं। यह त्रिपुरा के लिए एक गर्व का क्षण है क्योंकि हम टीजीए द्वारा आयोजित इस उद्घाटन कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से 30 से ज्यादा गोल्फ खिलाड़ियों की मेजबानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अप्रत्याशित उड़ान व्यवधानों के कारण लगभग 25 गोल्फ खिलाड़ी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, लेकिन कई बाधाओं के बावजूद, कार्यक्रम में अच्छी खासी उपस्थिति रही।

## ऐश्वर्य तोमर ने वर्ल्ड कप फाइनल में थ्री पोजीशन में जीता रजत पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी स्पोर्ट फेडरेशन आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल में 50 मीटर थ्री पोजीशन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। दोहा के लुसैल शूटिंग कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में दो बार के ओलंपियन, पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन, मौजूदा एशियाई चैंपियन और पिछले महीने विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने चेकिया के जिरी प्रिव्रात्स्की के बाद दूसरा स्थान हासिल किया, जिन्होंने नए आईएसएसएफ फॉर्मेट के 40-शॉट के फाइनल में 414.2 का स्कोर किया, जिससे वह 0-9 पीछे रह गए। ओलंपिक चैंपियन लियू युकुन ने कांस्य पदक जीता। ऐश्वर्य ने क्वालिफिकेशन में 595 का स्कोर किया और चीन के टियान जियामिंग के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

## माइकल नीसर के पंजे से ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** माइकल नीसर (पांच विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को इंग्लैंड को दूसरी पारी में 241 के स्कोर पर समेटने के बाद जीत के लिए मिले 65 रनों के लक्ष्य को 10 ओवर में हासिल कर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम करने के साथ पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

मिचेल स्टार्क को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। जेक वेदरॉल्ड और ट्रेविस हेड की जोड़ी ने 65 रनों के लक्ष्य के लिए ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत की और टीम जीत की ओर बढ़ रही थी कि इसी दौरान छठें ओवर में गस ऐटकिसन ने ट्रेविस हेड को बोल्डकर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 22 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रनों की पारी खेली। आठवें ओवर में गस ऐटकिसन मार्नस लाबुशेन (तीन) को आउटकर अपना दूसरा शिकार किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान स्टीव स्मिथ ने जेक वेदरॉल्ड के साथ संभलकर खेलते



● **माइकल नीसर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए**

अपनी टीम को 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दिला दी। स्मिथ ने ऐटकिसन की गेंद पर छक्का उड़ाते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। स्मिथ ने नौ गें. दों में नाबाद 23 रन बनाए। वहीं जेक वेदरॉल्ड ने 23 गेंदों में नाबाद 17 रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के लिए गस ऐटकिसन ने दो विकेट झटके। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरु किया। इंग्लैंड का सातवां विकेट विल जौक्स के रूप में 224 के स्कोर पर गिरा। विल जौक्स ने 92 गेंदों में दो चौकों की मदद से 41 रन बनाए। उन्हें माइकल नीसर ने आउट किया। इसके बाद नीसर ने कप्तान बेन स्टोक्स का भी शिकार कर लिया। बेन स्टोक्स ने 152 गेंदों में चार चौकों की मदद से 50 रनों की पारी खेली। गस ऐटकिसन (तीन) रन बनाकर आउट हुए। नीसर ने 76वें ओवर में ब्राइडन कार्स (सात) को आउट कर इंग्लैंड की दूसरी पारी को 241 के स्कोर पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में जीत के लिए 65 रनों का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया के लिए माइकल नीसर ने पांच विकेट लिए। मिचेल स्टार्क और स्टॉक बोलैंड को दो-दो विकेट मिले। ब्रेंडन डॉगेट ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाए थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 511 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर 177 रनों की बढ़त हासिल की।

## मणिपुर ने 12वीं बार जीता डा. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स एनएफसी का खिताब

**आंध्र प्रदेश, वार्ता।** मणिपुर ने रविवार को बंगाल को 9-0 से हराकर अपना 12वां डा. तालिमेरेन एओ जूनियर गर्ल्स' नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप टियर 1 का खिताब जीत लिया। इस जीत के साथ ही मणिपुर ने खिताबों की शानदार हैट्रिक भी पूरी की। यहां अनंतपुर के आरडीटी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में मणिपुर के लिए, चिगखामयुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें) मिनट और लोंगजाम नीरा चानू ने (29वें, 55वें, 59वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक लगाई, जबकि याइफबी थोकचोम ने (68वें, 76वें) मिनट में दो गोल किए। मोंगजाम पुष्पाराणी देवी ने (75वें) मिनट में एक गोल किया। चैंपियनशिप के फाइनल में मणिपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाफ टाइम तक मणिपुर 3-0 से बढत बनाई।

## प्रथमेश ने तीरंदाजी को जीते दो स्वर्ण



**जयपुर, वार्ता।** सावित्री ज्योतिबाई फुले यूनिवर्सिटी ऑफ पुणे का प्रतिनिधित्व कर रहे प्रथमेश फुगे ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कंपाउंड तीरंदाजी में दो स्वर्ण पदक जीते। आर्थिक चुनौतियों को पार करते हुए 22 वर्षीय तीरंदाज प्रथमेश ने व्यक्तिगत फाइनल में मिहिर नितीन को परफेक्ट 10 स्कोर करते हुए हराया और महक पाठन के साथ मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता।

दोहरे स्वर्ण पदक जीतने के बाद प्रथमेश ने साई मीडिया से कहा कि मैं जीतने के बारे में नहीं सोचता, मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ देने और बाकी ऊपर छोड़ने में विश्वास करता हूं। हर 10-पॉइंटर शॉट के लिए मैं सिर्फ अपने मसल मेमोरी पर निर्भर करता हूं, न प्रतिद्वंद्वी की परवाह करता हूं और न हवा की। उन्होंने कहा, ष्मैं हर दिन और कठिन अभ्यास करता था ताकि साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई), सोनीपत में चयन हो जाए, जिससे मेरे माता-पिता पर खर्च का बोझ न पड़े। 22 साल की उम्र में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं परिवार पर बोझ न बनूं। प्रथमेश ने याद किया, ष्कोविड के बाद पिता का काम लगभग बंद हो गया था और स्थिति बेहद खराब थी। आर्चरी के सामान के लिए वे रिश्तेदारों और दोस्तों से उधार लेते थे। मुझे पता था कि मुझे कड़ी मेहनत करके परिवार की मदद करनी है, कर्ज चुकाने में उनका साथ देना है और अपनी आर्चरी को भी आगे बढ़ाना है।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल 52वां संस्करण संपन्न

**नई दिल्ली/वाराणसी, वार्ता।** फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल के 52वें संस्करण का मुख्य कार्यक्रम सांस्कृतिक रूप से जीवंत शहर वाराणसी में हुआ। आज सुबह आयोजित हुए इस कार्यक्रम में भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी का अधिकार मिलने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर फिटनेस, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव का शानदार संगम देखने को मिला। इस एडिशन में प्राइवेट सिक्योरिटी गाड्र्स को विशेष रूप से शामिल किया गया। केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया की अगुवाई में, यह आंदोलन अपने पहले वर्षगांठ एडिशन में प्रवेश कर रहा है, जो 21 दिसम्बर को पुडुचेरी में होने वाला है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ष्सिर्फ एक साल में फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल पहल 10 हजार से अधिक जगहों पर आयोजित की जा रही है, जिससे हर हफ्ते एक लाख से अधिक लोग जुड़ रहे हैं। एथलीटों और कलाकारों से लेकर अभिनेताओं और नागरिकों तक, हर कोई इस आंदोलन में शामिल हुआ है। डा. मांडविया ने कहा, ष्आज बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) में यह मेगा इवेंट उस गौरवपूर्ण उपलब्धि का भी जश्न है कि भारत 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। साथ ही, आज पहली बार संगीत और संस्कृति की जानी-मानी हस्तियां वाराणसी में इस कार्यक्रम में शामिल हुई हैं। प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड, जो समाज को सुरक्षित रखने के लिए अथक प्रयास करते हैं, वे भी खास पार्टनर हैं जो हमारे एथलीटों के साथ शामिल हुए हैं, जो हमारी खेल संस्कृति को तेजी से आगे बढ़ाने में हर दिन योगदान दे रहे हैं। बीएचयू में सुबह के कार्यक्रम ने काशी की गलियों को स्वास्थ्य, सद्भाव और भारत की बढ़ती खेल प्रतिष्ठा के एक ऊर्जावान उत्सव में बदल दिया। नागरिक, एथलीट, सांस्कृतिक हस्तियां, प्राइवेट सिक्योरिटी कर्मी और छात्र बीएचयू में एकत्र हुए, जिससे कार्यक्रम में लोगों की संख्या 1000 हो गई। साइकिलिग के अलावा, आज सुबह जुम्बा, योग और रस्सी कूद जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों का एक खास जमावड़ा हुआ, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन राज्य मंत्री दया शंकर मिश्रा, पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित और बनारस घराने के मशहूर गायक पंडित साजन मिश्रा, जाने-माने संगीतकार और बनारस घराने के तबला वादक संजू सहाय, संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्रा, काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रधान अर्चक शशि भूषण त्रिपाठी (गुड्डू महाराज), और भारत के टॉप एथलीट, जिनमें बॉक्सर अमित पंघाल, वेटलिफ्टर सुनीलसिंह और फ्रीस्टाइल पहलवान पूजासिंहाग शामिल थे। श्री दया शंकर मिश्रा ने इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ष्मैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने परोपकारी और दूरदर्शी फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया, जिसने फिटनेस को देशव्यापी जन आंदोलन में बदल दिया है। मैं केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मंडाविया जी का भी तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने आज का ब्शुरू किया और लगातार इनोवेटिव और समावेशी पहलों के माध्यम से इस आंदोलन को मजबूत कर रहे हैं। आज का यह उत्सव सच में एक स्वस्थ, सक्रिय और सशक्त नए भारत की भावना को दर्शाता है। पद्म भूषण साजन मिश्रा ने राष्ट्रमंडल खेलों 2030 के उत्साह को और बढ़ाया कि यह बहुत गर्व का क्षण है। हमने यहां एशियाई खेल भी आयोजित किए हैं, और 5 साल से भी कम समय में यहां राष्ट्रमंडल खेल होने जा रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी हमेशा कहते हैं कि जब तक आप स्वास्थ्य के लिहाज से फिट नहीं रहेंगे, तब तक आप अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकते। साइकिलिग भी फिट इंडिया का हिस्सा है, इसलिए हमें ऐसे प्रयास जारी रखने चाहिए। संकट मोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्रा ने कहा, ष्शहर में ऐसी गतिविधियां नियमित रूप से होनी चाहिए। लोग आलसी होते जा रहे हैं।

# सहारा दीप ट्रस्ट ने घिस्सुपुरा में बांटे कंबल

## सराहनीय : गरीब व जरूरतमंद लोगों को मिली कड़ाके की ठंड से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जनपद के ग्राम घिस्सुपरा में सहारा दीप ट्रस्ट की ओर से मानवता और सेवा भाव के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए। ठिठुरती ठंड के बीच यह कार्य ग्रामीण क्षेत्र के असहाय लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ।




कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने ग्राम घिस्सुपरा के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कंबल प्रदान किए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी और उन्होंने ट्रस्ट के इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने बताया कि सहारा दीप ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाना है। सर्दी के मौसम में हर वर्ष कंबल वितरण, गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोग, बुजुर्गों की सेवा, स्वास्थ्य सहायता एवं आपातकालीन जरूरतों में मदद जैसे कार्य लगातार किए जाते हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से सभी समाजसेवियों और ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सेवा अभियान से जुड़ें, क्योंकि जनसहयोग से ही जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सकती है। अंत में सहारा दीप ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी सहयोगकर्ताओंऊ, दानदाताओं एवं स्वयंसेवकों का हृदय से धन्यवाद शुक्रिया व्यक्त किया गया, जिनकी बदौलत ग्राम जय घिस्सुपरा में यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

### इंटरनेशन गुडविल सोसायटी ने

# ममतेश शर्मा को बनाया रूड़की चैप्टर का अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुडकी।** शिक्षानगरी के वरिष्ठ अधिवक्ता ममतेश कुमार शर्मा को इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी रुडकी चौप्टर का अध्यक्ष बनाया गया है। यह सोसायटी पूरे देश में काम कर रही है, इससे पूर्व इनके पिताजी पूर्व राज्यमंत्री स्व: मनोहर लाल शर्मा जी इस सोसायटी के अध्यक्ष थे, अब उनकी जगह एड. ममतेश शर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई है। अध्यक्ष बनने पर समर्थकों द्वारा इनका स्वागत किया गया।

शनिवार को शिक्षानगरी के वरिष्ठ अधिवक्ता ममतेश कुमार शर्मा को इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी रुडकी चौप्टर का अध्यक्ष बनाया गया है। सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र नारायण द्वारा दिल्ली मुख्यालय से घोषणा की गई है। उन्होने बताया कि इससे पहले इस सोसायटी के रुडकी अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री स्व: मनोहरलाल शर्मा जी थे, जोकि एक बेहद ईमानदार, नेक दिल इंसान थे और हमेशा ही सासायटी को लेकर फिक्रमंद और हमेशा सक्रिय रहकर कार्य करते थे। यह सोसायटी पूरे देश में कार्य कर रही हैं और हर राज्य व जिले में सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में हमारी सोसायटी को आगे बढाने का कार्य कर रहे है। अब यह जिम्मेदारी रुडकी से वरिष्ठ अधिवक्ता ममतेश कुमार शर्मा को दी गई है। उम्मीद है कि यह भी पिता की तरह हमारी सोसायटी में बेहतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता ममतेश शर्मा ने इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया और आश्वासन दिलाया कि निश्चित रूप से पिताजी के नक्शे कदम पर चलते हुए सोसायटी के लिए पहले से और बेहतर कार्य किये जाएंगे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता ममतेश शर्मा का फुल-मालाओं से स्वागत किया।



❖मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे ईमानदारी से निभाऊंगा: ममतेश

# रुड़की जीआरपी ने 6 साल के बालक को सकुशल परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक 09 वर्षीय नाबालिक बालक, निवासीख्र वालेकी यूसुफपुर, थाना भगवानपुर, जिला हरिद्वार, अकेला घूमता हुआ मिला।



सुरक्षा की दृष्टि से जीआरपी कर्मियों द्वारा पूछताछ करने पर बालक ने बताया कि वह अपने घर से बिना बताए स्टेशन तक पहुंच गया था। सूचना की गंभीरता को समझते हुए बालक को चौकी जीआरपी रुड़की लाया गया और उसके परिजनों के बारे में जानकारी जुटाई गई। कुछ ही समय बाद परिजन चौकी पहुंचे, जहां नाबालिक को उसकी माता के सुपुर्द कर आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी की गईं। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने जीआरपी रुड़की का आभार व्यक्त किया। वहीं स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने भी जीआरपी की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। जीआरपी की यह कार्रवाई उनकी जनता सुरक्षा व सहायता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# हथियार दिखाकर रास्ता रोका अभद्रता व मारपीट, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा शनिवार देर शाम रास्ते में रोक कर चाकू व तमंचा दिखाते हुए उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में दो लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया। ग्राम रामनगर मखदुमपुर निवासी शुभम द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि वह शनिवार देर शाम लखनौता चौराहा से अपने घर बाइक से आ रहा था। लखनौता से कुछ आगे आते ही पीछे से बाइक पर आ रहे दो लोगों अभिषेक व वंश कुमार निवासी ग्राम टिकोला कला थाना मंगलौर द्वारा उसकी बाइक के सामने अपनी बाइक लगाते हुए जबरदस्ती उसे रोक लिया। रुकते ही उक्त दोनों लोगों द्वारा उसे गाली गलोज करना शुरू कर दिया। गाली देने से मना करने पर उक्त दोनों ने चाकू व तमंचा दिखाते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी तथा उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। उसी समय पीछे से गांव के कुछ लोग बाइक से वहां पर आ गए । उन्होंने मारपीट होते देखकर वह रुक गए। उनके रूकते ही मारपीट कर रहे उक्त दोनों वहां से चले गए। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि उक्त घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को डॉक्टर के यहां रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

# बेटे की मौत की धमकी देकर महिला से 50 हजार की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला को साइबर ठगो द्वारा उसके बेटे की मौत की धमकी देते हुए उससे 50000 की ठगी कर ली गई। महिला के बेटे को पता लगने पर उसने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया है।।

ग्राम बेहडेकी सैदाबाद निवासी आशु त्यागी द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि । दिसंबर को उसकी माता के फोन पर एक अज्ञात कॉल आई । कॉल पर एक नंबर बताते हुए उस पर ध्50000 डालने को कहा गया। पैसे न डालने पर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई। उसकी मां फोन पर दी गई धमकी से डर कर उसी समय इकबालपुर स्थित पीएनबी बैंक में गई तथा वहां से 50000 निकाल कर बताए गए नंबर पर डाल दिए। मां को कई दिनों से डरी तथा सहमी हुई देखकर पूछा गया तो उसने उक्त जानकारी दी गई। थाना अध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर क्या आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** इमलीखेड़ा में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर थाना क्षेत्र के इमलीखेड़ा निवासी सुरेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 20 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे उनके घर में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर सोने चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर ली। उस समय वह और उसका परिवार घर से बाहर गया हुआ था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी। कार्रवाई नही होने पर पीड़ित ने एसपी देहात को पत्र देकर कार्रवाई की मांग थी। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लोगों ने लगाया वक्फ कमेटी पर धांधली बरतने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** जैनपुर झंझेड़ी के लोगों का आरोप है कि कमेटी के लोग वक्फ बोर्ड की संपत्ति को लेकर धांधली कर है। मामले की शिकायत मिलने पर शनिवार को हल्का लेखपाल ने गांव में पहुंच कर मामले की जांच की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैनपुर झंझेड़ी के लोगों का कहना है कि गांव में बनी एक कमेटी को 35 बीघा भूमि और एक दुकान की देखरेख के लिए बनाया गया था। इंतजार, हसन रजा, नसीम, अली अब्बास समेत 50 से अधिक लोगों का आरोप है कि बीस साल अधिक समय बीत गया है कि अभी संपत्ति की कोई नीलामी नहीं की गई। कमेटी सदस्य आपस में बातचीत कर संपत्ति आपस मे इस्तेमाल करते रहते है। यह भी आरोप है कि बार बार मांग के बाद भी कमेटी के नवीनीकरण नहीं किया जाता। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत वक्फबोर्ड और प्रशासनिक अधिकारियों से कर रखी है। शनिवार को हल्का लेखपाल ने में पहुंच कर दोनों पक्षो से बातचीत कर जांच की। लेखपाल पंकज राजपूत का कहना है कि मामले की रिपोर्ट तैयार कर आला अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने पीया तेजाब, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पत्नी से झगड़े के बाद एक युवक ने तेजाब पी लिया। उपचार के लिए उसे सिविल अस्पताल लाया गया जहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार सरताज नाम का एक युवक अपने परिजनों के साथ चंडीगढ़ से कलियर में जियारत के लिए आया था जियारत के बाद वह ट्रेन से अपने घर वापसी के लिए रुड़की रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और स्टेशन पर उनकी ट्रेन करीब 12:40 बजे की थी। बताया गया है कि स्टेशन पर उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया। वह स्टेशन से बाहर आ गया। ट्रेन आने वाली थी तो परिजन उसकी तलाश में बाहर आए लेकिन काफी तलाश के बाद युवक नहीं मिला और उनकी ट्रेन भी छूट गई। लेकिन करीब दो घंटे बाद युवक स्टेशन के समीप ही मिल गया। परिजनों को उसके द्वारा बताया गया है कि उसने टॉयलेट साफ करने वाले तेजाब को पी लिया है। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे ई रिक्शा के माध्यम से सिविल अस्पताल रुड़की लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर मिलने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

# बाल कला प्रतियोगिता में नन्हें कलाकारों ने रंगों में उकेरा आत्ममंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** संत निरंकारी सत्संग भवन, रुड़की आज सृजनशील ऊर्जा से सराबोर रहा, जब बाल संगत के बच्चों ने कला प्रतियोगिता में अपनी अनोखी कल्पना शक्ति और अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 78वें वार्षिक संत समागम की आध्यात्मिक थीम 'आत्ममंथन' पर आधारित इस प्रतियोगिता ने बच्चों के मन की गहराइयों को रंगों और रेखाओं के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रांच मुखी सागर कुकरेजा जी के विशेष आशीर्वाद और प्रेरणादायी संदेश के साथ हुई। उन्होंने कहा कि 'आत्ममंथन मनुष्य को अपनी वास्तविक पहचान से जोड़ता है और बच्चों में ऐसी सोच का विकसित होना मिशन के लिए शुभ संकेत है। उनके स्नेहपूर्ण शब्दों ने बच्चों में अद्भुत उत्साह भर दिया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के छोटे-बड़े सभी बच्चों ने अपनी कलाकृतियों में आत्मचिंतन, सद्भावना, मानव मूल्य, सेवा, प्रेम और आध्यात्मिक जागरूकता को बेहद सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। दर्शकों ने बच्चों की कल्पनाशक्ति, रंग संयोजन और विषय पर पकड़ की खुले दिल से सराहना की। हर चित्र एक संदेश था और हर संदेश मन को छूने वाला।



# प्रतिबंधित कैप्सूल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को नशे में इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित कैप्सूल संग गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 162 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद किए गए। आरोपी मानिश और साजिद निवासीगण सुल्तानपुर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो व्यक्तियों को नशे में इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया है। शनिवार की रात को रायसी चौकी प्रभारी नीरज रावत, कांस्टेबल रविंद्र नागर और राजेंद्र सिंह ने दरगाहपुर से पंचेवली को जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। उसके पास से 90 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम साजिद निवासी सुल्तानपुर बताया। वहीं, शनिवार की रात को चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह, कांस्टेबल सतपाल राणा और संदीप रावत ने शिवगढ़ की ओर जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति ने पुलिस को देख अपने पास मौजूद एक पॉलीथिन फेंकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी से 72 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। पूछताछ में उसने अपना नाम मानिश निवासी सुल्तानपुर बताया। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है।

# लोक सूचना अधिकारी पर 25 हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना उपलब्ध नहीं हो सकी। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए राज्य सूचना आयुक्त दलीप सिंह कुंवर ने लोक सूचना अधिकारी तत्कालीन जिला सहायक निबंधक पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। सूचना आयुक्त ने वर्तमान लोक सूचना अधिकारी को एक सप्ताह में अपीलार्थी को मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। लक्सर तहसील के महेश्वरा गांव निवासी विजयपाल ने तीन जून 2014 को आरटीआई एक्ट के तहत लोक सूचना अधिकारी जिला सहायक निबंधक से चार बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। आरोप है कि, विभाग ने उन्हें सूचना उपलब्ध नहीं कराई। इस पर उन्होंने प्रथम और द्वितीय अपीलीय अधिकारियों से अपील की थी। लेकिन इसके बाद भी सूचना उपलब्ध नहीं कराए जाने पर विजयपाल ने सूचना आयुक्त से अपील की। मामले में सुनवाई करते हुए सूचना आयुक्त दलीप सिंह कुंवर ने लोक सूचना अधिकारी से जवाब मांगा था लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर सूचना आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया है। अपीलार्थी विजयपाल के अनुसार, सूचना आयुक्त ने लोक सूचना अधिकारी तत्कालीन जिला सहायक निबंधक पुष्कर सिंह पोखरिया पर 25 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। उन्हें तीन माह में यह राशि राजकोष में जमा कराने के आदेश जारी किए गए हैं।

### कांग्रेस विधायकों ने दिशा की बैठक में उठाया

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियों का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार में आयोजित दिशा की बैठक में कांग्रेस विधायकों विधायक वीरेंद्र जाति, काजी निजामुददीन व फुरकान अहमद ने ओवरलोड वाहनों का मुद्दा उठाया और संबंधित विभाग के अधिकारियों पर भी मामले में कोई कारवाई न करने का आरोप लगाया।

कांग्रेस विधायकों ने सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत और जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के सामने बताया कि शुगर मिल में पेराई शुरू होने के बाद सड़कों पर गन्ने से लदे ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं और जिसके कारण अक्सर सड़क दुर्घटनाएं भी होती हैं। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के कारण हमेशा कई दुर्घटनाएं होती हैं और कई मौतें भी इसके कारण हो चुकी है। झबरेड़ा विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस और परिवहन विभाग के द्वारा ,1500 रुपए का अवैध शुल्क लेकर 500 क्विंटल वजन की ट्रैक्टर ट्रालियों को सड़क पर चलने दिया जा रहा है। जबकि नियमानुसार केवल 80 क्विंटल वजन ही ट्रैक्टर ट्राली से ले जाया जा सकता है। विधायक वीरेंद्र जाति ने बताया कि इस संबंध में करीब दस दिन पूर्व उनके द्वारा एक पत्र भी जिलाधिकारी को दिया गया था लेकिन परिवहन विभाग ने कारवाई के नाम पर खानापूर्ति कर डाली। विधायक ने मामले में ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए इनके ऊपर लगाम कसने की बात कही। वहीं सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि इस मामले में कड़े कदम उठाए जाएं।



# विधानसभा-2027 को को लेकर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** चुनाव कार्यलय पर आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा कर मिशन-2027 की रणनीति को अंतिम रूप दिया।

बैठक में प्रेम सिंह ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आगामी विधानसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने की तैयारी अभी से शुरू करें। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेशभर में संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में 14 दिसंबर को देहरादून में एक बड़ी संगठनात्मक बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें पूर्व पदाधिकारियों, सक्रिय सदस्यों और विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।पूर्व उपाध्यक्ष ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेशभर में संगठन का विस्तार करना और प्रत्येक विधानसभा के बूथ स्तर तक संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत नेटवर्क ही किसी भी पार्टी को चुनावी मैदान में बढ़त दिलाता है और इसी दिशा में सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मेहनत करनी होगी।मिशन 2027 में आम आदमी पार्टी की चुनावी भागीदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रेम सिंह ने बताया कि संगठन इसी लक्ष्य को केंद्र में रखकर रणनीति तैयार कर रहा ह। बैठक में अनिल कश्यप जिला सगठन मंत्री,दुष्यंत पूर्व जिला अध्यक्ष,सुरेश प्रदेश सचिव,प्रेम सिंह पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ यूसुफ पूर्व विधानसभा प्रभारी लक्सर, नरेंद्र चौधरी, कपिल,डॉ नसीमुद्दीन में बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**सम्पादकीय**

**सोमवार, 8 दिसम्बर 2025**

# केवल चार दिन शेष

चुनाव आयोग ने हालांकि साफ कर दिया कि एसआईआर फार्म समय पर नहीं भरने पर किसी तरह की सजा या जुर्माने का कोई प्रावधान नहीं है, लेकिन इससे आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाएगा, यदि कोई निर्धारित अवधि के तहत एसआईआर फार्म यानी एन्युमरेशन फार्म नहीं भरा, तो उसका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया जा सकता है। एसआईआर की प्रक्रिया यूपी, एमपी, बंगाल, राजस्थान समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही है और अब एसआईआर फार्म भरने के लिए केवल चार दिन बचे हैं। एसआईआर फार्म भरने का काम 4 नवम्बर को शुरू हुआ था और अब 11 दिसम्बर तक चलेगा। जैसे-जैसे निर्धारित समय नजदीक आ रहा है, यह सवाल उठ रहा है कि यदि समय रहते एसआईआर फार्म नहीं भरे तो क्या होगा, क्या एसआईआर फार्म भरना जरूरी है, मतदाता सूची की स्क्रूटनी के लिए एसआईआर फार्म भरने की डेडलाइन 11 दिसम्बर है। इस तारीख तक एसआईआर फार्म भरने से चूकने पर क्या-क्या नुकसान होंगे। मतदाता सूची में नाम न रहने पर आप मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। लोकसभा, विधानसभा चुनाव या पंचायत या नगरपालिका चुनाव में वोट नहीं डाल पाएंगे। इसके अलावा भविष्य में ऐसे लोग कई योजनाओं के लाभ से भी वंचित रह सकते हैं, जो केंद्र सरकार की ओर से चलाई जाती हैं। आगामी विधानसभा या लोकसभा चुनावों में मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना बहुत ही जरूरी है। मतदान करना वोटर या नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। मतदाधिकार का प्रयोग कर आप अपनी सरकार का चुनाव करते हैं। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि जिनका नाम पिछली एसआईआर वोटर लिस्ट में पहले से है या फिर उनके माता-पिता या दादा-दादा या नाना-नानी का नाम दर्ज हैं। उन्हें फार्म भरना जरूरी है। यूपी में 2003 और पश्चिम बंगाल में 2002 की वोटर लिस्ट से उन्हें मिलान करना होगा और उन्हें 11 दिसम्बर तक एसआईआर फार्म भरना होगा। इसके अतिरिक्त जिन मतदाताओं के नाम एसआईआर में नहीं है। वे भी फार्म भर सकते हैं। चुनाव आयोग ने ऑनलाइन भी फार्म भरने की सुविधा जारी की है। वैसे ठस्ꣳ के घर पर तीन बार आने की बात है, लेकिन अगर वे किसी वजह से बीएलओ का आपसे संपर्क नहीं हो पाता है या आपको फार्म नहीं मिला, तो अभी भी समय है, आप अवजमते।मबप।हवअ।पद पर ऑनलाइन फार्म जमा कर दें, अन्यथा आपका नाम 16 दिसम्बर को जारी होने वाली ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में नहीं होगा। किसी गलती को सही करने के लिए थ्वतउ 8 भरने का चुनाव आयोग ने विकल्प दिया है। अगर आपका नाम पिछली वोटर लिस्ट में था और आपका नाम 2002 या 2003 वाले एसआईआर रिकार्ड में नहीं है, फिर भी एसआईआर फार्म भरें, हालांकि इसके लिए सत्यापन के लिए आपको नोटिस जारी किया जा सकता है, अगर आप फार्म नहीं भर पाएं हैं या आपके माता-पिता का 2003 एसआईआर की सूची में नहीं हैं, तो आपका नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं होगा, लेकिन इसके बावजूद आप दावा आपत्ति अवधि के दौरान जनवरी 2026 तक अपनी जानकारी जमा करने का विकल्प है। मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए म्ब्प् वेबसाइट पर उपलब्ध थ्वतउ 6 का प्रयोग करें। इसके लिए एक दस्तावेज जैसे आधार, बर्थ सर्टिफिकेट या पुराना एपिक कार्ड देना होगा, यदि ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद आपने फार्म भरा, तो आपको चुनाव अधिकारी के सामने सुनवाई में उपस्थित होना होगा, सुनवाई में नहीं पहुंचे और अपनी पात्रता साबित नहीं कर पाए, तो आपका नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं किया जाएगा।

## कश्मीर इश्यू का नाम लेना अब गुनाह



केंद्र सरकार की नीतियां पूरी तरह से फेल हो गई है, जिसके चलते डाक्टर सुसाइड बॉम्बर बना, कश्मीर इश्यू का नाम लेना अब गुनाह समझा जाता है, लेकिन मुल्क में जो समझदार लोग हैं, वे समझेंगे कि एक पढ़ा-लिखा डाक्टर अपने ऊपर बम बांधकर बेगुनाह लोगों को मारकर खुद भी जान देता है, ये कोई अच्छी बात है क्या, हम तो गांधी के देश से मिले, बस अपनी जिंदगी इज्जत से जीने के लिए, हम यह तो नहीं कहते कि हमें उठाकर पाकिस्तान को दे दो या यहां-वहां फेंक दो, हमें इज्जत दो, हमारे पढ़े-लिखे युवाओं को इज्जत दो, आपने जम्मू-कश्मीर को सुरक्षित बनाने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा करने के बजाय, आपकी नीतियों ने राजधानी दिल्ली को असुरक्षित बना दिया है। **-महबूबा मफ्ती, पूर्व सीएम, जम्मू कश्मीर**

# लोकतंत्र में बंदों को गिना करते हैं तौला नहीं करते






**तनवीर जाफरी**

नवनिर्वाचित बिहार विधानसभा के पहले सत्र में शपथ ग्रहण के दौरान गत 1 दिसंबर को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की वास्तविकता का एक अजीब दृश्य देखने को मिला जबकि राज्य की नवादा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित जनता दल (यूनाइटेड) विधायक विभा देवी को हिंदी में भी शपथ पत्र पढ़ने में कठिनाई का सामना करना पड़ा।

अनपढ़ होने के कारण ही वह ठीक से शपथ नहीं पढ़ पा रही थीं। इस संबंध में वायरल हुई वीडियो में देखा गया कि शपथ लेने के दौरान वे बार-बार रुक गईं और उन्होंने पास में बैठी एक अन्य जेडीयू विधायक मनोरमा देवी से शपथ पूरी करने में मदद मांगीं, जिन्होंने उन्हें शब्दों का उच्चारण बताया। स्वयं स्पीकर महोदय ने बार-बार शपथ लेने में मनोरमा देवी की सहायता की जिसके बाद ही विभा देवी किसी तरह शपथ लेने की औपचारिकता निभा सकीं।

विभा देवी का परिचय व उनकी योग्यता केवल यह है कि वे पूर्व विधायक और विवादित बाहुबली राजबल्लभ यादव की पत्नी हैं। वे आरजेडी के प्रत्याशी कौशल यादव को 27,594 वोटों से हराकर विजई घोषित हुई हैं। गोया अब बिहार का भाग्य लिखने वालों में एक नाम विधायक विभा देवी का भी शामिल होगा। राज्य के नेतृत्व में ऐसे और भी कई उदाहरण हैं।

इसी बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार देश के प्रसिद्ध चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर शायद यह सोचकर जन सुराज नामक अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे होंगे कि जब वे दूसरे दलों व उनके नेताओं को चुनावी जीत दिला सकते हैं तो स्वयं अपने गृह राज्य में अपनी पार्टी बनाकर विजई क्यों नहीं हो सकते? सुख और विलासता के जीवन को त्याग कर गत तीन वर्षों तक पूरे बिहार की खाक छानने के बाद अपनी ही कमाई के करोड़ों रुपये पानी में बहाकर जो मुद्दे वे जनता के सामने रख रहे थे निश्चित रूप से वही मुद्दे आज की राजनीति विशेषकर बिहार की जरूरत हैं। जैसे शिक्षा, पलायन, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को ही उन्होंने अपने चुनाव के सर्वप्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया।

इतना ही नहीं बल्कि जितने शिक्षित, अनुभवी, सज्जन, योग्य व दूरदर्शी लोगों को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी का प्रत्याशी बनाया शायद राज्य के किसी अन्य दल ने नहीं बनाया परन्तु भारतीय राजनीति व देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था का आज का सच यही है कि नवादा की जिस नवनिर्वाचित विधायक विभा देवी के अनपढ़ होने के कारण उनका मजाक उड़ाया गया उनके मुकाबले में जन सुराज पार्टी ने जिस अनुज सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था वे संसाधन भूगोल Resource Geography में पीएचडी धारक थे परन्तु उन्हें कुल 19349 वोट हासिल हुए और वे तीसरे नंबर पर रहे, जबकि अनपढ़ विभा देवी ने कुल 87423 वोट पाकर जबरदस्त जीत दर्ज की।

अब एक नजर डालते हैं पूर्व केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह प्रकरण पर। भाजपा के वरिष्ठ नेता राज कुमार सिंह ने बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान ही बिहार की नीतीश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए सरकार की नीतियों, भ्रष्टाचार और पार्टी नेताओं पर कुछ गंभीर सवाल उठाए थे। उन्होंने बिहार सरकार व अदानी पावर लिमिटेड के मध्य रु. 62,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुए यह दावा किया था कि यह अडानी को फायदा पहुंचाने की साजिश है। उन्होंने इस विषय पर सीबीआई जांच की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने भाजपा नेताओं जैसे भाजपा के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर 1995 हत्या मामले आरोपी होने, अपनी आयु व शिक्षा छिपाने जैसे प्रशांत किशोर के गंभीर आरोपों का समर्थन किया था।

आरके सिंह ने अनंत सिंह जैसे एनडीए उम्मीदवारों को अपराधी बताते हुए लोगों से उन्हें वोट न देने की अपील भी की थी परन्तु बलिहारी हो इस लोकतंत्र की कि सम्राट चौधरी भी चुनाव जीतकर पुनः राज्य के उप मुख्यमंत्री बन गए और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अनंत सिंह भी विजई हो गए, जबकि दूसरी ओर इनको आइना दिखाने वाले आर के सिंह जैसे ईमानदार व शिक्षित नेता के आरोपों को भाजपा ने अनुशासनहीनता व पार्टी-विरोधी गतिविधियां मानते हुए उल्टे उन्हें ही पार्टी से निलंबित कर दिया। उधर अपने निलंबन के कुछ ही घंटों बाद सिंह ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने अपने इस्तीफे में भी साफ कहा कि यह कार्रवाई भ्रष्ट लोगों के साथ साठगांठ को साबित करती है। उन्होंने भाजपा आलाकमान से यह भी पूछा कि भ्रष्टाचार व अपराधियों के विरुद्ध आवाज उठाना क्या भाजपा की नजरों में अनुशासनहीनता है? परन्तु लोकतंत्र में तथ्य व आरोप से भी बड़ा है जनमत या बहुमत। यानी जो जीता वही सिकंदर। अब एक नजर राहुल गांधी की बिहार में की गई पदयात्रा पर भी डालिए। राहुल गांधी ने बिहार में कभी पलायन रोकने के विषय को मुद्दा बनाकर तो कभी वोट अधिकार यात्रा के नाम पर बिहार के लोगों को जागरूक करने की पूरी कोशिश की। राजनीति व राज्य के विकास के बुनियादी मुद्दों पर उन्होंने जनता को जागृत करने का प्रयास किया। परन्तु चुनाव नतीजों ने उन सभी बुनियादी मुद्दों पर भी पानी फेर दिया।

गोया मतदाताओं को न तो शिक्षित व चरित्रवान राजनीतिज्ञ समझ आए न ही भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम। न ही राहुल गांधी, आर के सिंह व प्रशांत किशोर जैसे स्पष्ट बोलने व राजनैतिक दूरदृष्टि रखने वाले संघर्षशील नेता। बल्कि राज्य की जनता जनार्दन ने मुफ्त राशन, बैंक खातों में मुफ्त पैसा, धर्म-जाति, परिवारवाद, अनपढ़, अपराधी जैसे मुद्दों व प्रत्याशियों के पक्ष में अपनी राय जाहिर की। दरअसल आज के चतुर व शातिर राजनेता यह समझ चुके हैं बहुमत हासिल करने के लिए क्या क्या हथकंडे अपनाए जाने चाहिए और किस तरह मतदान में बहुमत को अपने पक्ष में करना चाहिए। शायद लोकतंत्र की इसी त्रासदी से प्रभावित होकर ही अल्लामा इकबाल ने लिखा था कि जम्हूरियत वह तर्ज-ए-सियासत है कि जिसमें। बन्दों को गिना करते हैं, तौला नहीं करते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**खनन अरावली की प्रकृति और संस्कृति कृ दोनों के विरुद्ध है। इससे हमारी पारिस्थितिकी बिगड़ती है। हां, कुछ खनन-मालिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है, परंतु अधि. कतर लोगों को सिलि. कोसिस जैसी भयानक बीमारियां हो जाती हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य बिगड़ता है और फिर बीमारी के कारण आर्थिक स्थिति भी खराब होने लगती है। अरावली की हरियाली ही हमारी अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का आधार है। जैसे हमारे शरीर का आधार हमारी रीढ़ है, वैसे ही अरावली भारत की रीढ़ है, इसलिए इसकी सुरक्षा आवश्यक है। अरावली को खनन-मुक्त करना ही भारत की समृद्धि का मार्ग है।**

# राजधानी दिल्ली का भविष्य खतरे में!



**विनीत नारायण**

सर्वोच्च न्यायालय के ताजा आदेश ने दिल्लीवासियों और उनकी भविष्य की पीढ़ियों का जीवन खतरे में डाल दिया है। इस आदेश के अनुसार दिल्ली की सीमा से सटी अरावली पर्वत शृंखला की हरियाली पर दूरगामी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के नए फैसले ने अरावली पर्वतमाला को 100 मीटर की ऊंचाई के आधार पर परिभाषित कर दिया है, जिससे इसके विशाल भाग को कानूनी संरक्षण से बाहर रखा जा रहा है। यह फैसला उत्तर-पश्चिम भारत, खासकर दिल्ली एनसीआर के पर्यावरण के लिए खतरनाक साबित हो सकता है, क्योंकि अरावली न केवल रेगिस्तानीकरण की एकमात्र रोक है, बल्कि यह जल संवर्धन क्षेत्र, प्रदूषण के लिए सिंक, वन्यजीवों के आवास और जन स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अरावली दिल्ली-एनसीआर की वायु गुणवत्ता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। यह थार मरुस्थल से आने वाली धूल और प्रदूषण को रोकती है। अगर अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर रखा गया, तो दिल्ली-एनसीआर में धूल तूफान, वायु प्रदूषण और जल संकट बढ़ सकता है। अरावली की चट्टानों में दरारें प्राकृतिक जल संवर्धन के लिए अहम हैं। यहां प्रति हेक्टेयर दो मिलियन लीटर जल संवर्धन की क्षमता है, जिससे पूरे क्षेत्र का भूजल स्तर बना रहता है। इसके अलावा, अरावली विविध वन्यजीवों का आवास है, जिसमें सैकड़ों प्रजातियां शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अरावली को केवल उन्हीं भू-आकृतियों तक सीमित कर दिया है जो स्थानीय स्तर से 100 मीटर ऊंचाई पर हैं। इससे अरावली के लगभग 90: भाग को संरक्षण से बाहर रखा गया है, जिसमें छोटे टीले, ढलानें और बफर क्षेत्र शामिल हैं। यह निर्णय खनन, निर्माण और रियल एस्टेट गतिविधियों के लिए दरवाजे खोल देगा, जिससे जैव विविधता, जल संवर्धन और वायु गुणवत्ता पर गंभीर खतरा होगा। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न्यायिक संरक्षण के सिद्धांतों के खिलाफ भी जा सकता है। अदालतें पर्यावरणीय न्याय के लिए जानी जाती हैं। लेकिन इस निर्णय से ऐसा लगता है कि व्यावसायिक और विकासात्मक हितों को पर्यावरणीय और सामाजिक हितों पर प्राथमिकता दी जा रही है। यह भविष्य में अन्य पर्यावरणीय मामलों में भी खराब उदाहरण साबित हो सकता है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की लूट को और बढ़ावा मिल सकता है।विशेषज्ञों का कहना है कि यह निर्णय भारत के पर्यावरणीय संतुलन को गहराई से प्रभावित करेगा। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण का मुद्दा न केवल पर्यावरणीय और आर्थिक है, बल्कि यह नैतिक और न्यायिक भी है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 48 A और 51A में पर्यावरण संरक्षण का अधिकार और कर्तव्य शामिल है, जिसके तहत राज्य और नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करें। जानकारों के अनुसार इस नए निर्णय से यह जिम्मेदारी और अधिकार कमजोर हो रहा है, क्योंकि अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर रखकर इसकी प्राकृतिक संपदा का दोहन आसान हो जाएगा। अरावली के आसपास रहने वाले स्थानीय समुदाय, आदिवासी, किसान और ग्रामीण इस पर्वतमाला की सुरक्षा के लिए सबसे ज्यादा आवाज उठा रहे हैं। उनका तर्क है कि अरावली न केवल उनकी आजीविका का स्रोत है, बल्कि उनकी संस्कृति और पहचान का हिस्सा भी है। अगर इसकी सुरक्षा नहीं होगी, तो इन समुदायों की जीवन शैली, आस्था और भावनाएं भी खतरे में पड़ेंगी। यह निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि सामाजिक असमानता और विस्थापन को भी बढ़ावा देगा। राजस्थान में जहां बादल उठते थे, वहीं अरावली के जंगल उन्हें बरसाते थे। खनन के कारण अरावली का तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ जाता है। पहले जयपुर की झालाना डूंगरी में खनन के कारण दोपहर बाद, जयपुर के अन्य हिस्सों की तुलना में, वहां का तापमान 1 से 3 डिग्री अधिक रहता था। सर्दियों में भी झालाना का तापमान जयपुर से अलग रहता था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूस-भारत साझेदारी- पुतिन की यात्रा के व्यापक प्रभाव





**एम. फहीम तन्हा**

रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की इस हफ्ते दिसंबर 2025 में हुई भारत यात्रा को अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति के महत्त्वपूर्ण क्षणों में से एक माना जा रहा है। यह यात्रा यूक्रेन संघर्ष के बाद उस समय हुई जब वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और ऊर्जा सुरक्षा, भू-रणनीतिक संतुलन, रक्षा सहयोग तथा आर्थिक स्थिरता जैसे मुद्दे वैश्विक एजेंडे के केंद्र में हैं। भारत और रूस पिछले 25 वर्षों से विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में जुड़े हुए हैं, और यह यात्रा उस साझेदारी को नए आयाम देने वाली साबित हुई है।

**प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुतिन की भारत यात्रा को दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक और सकारात्मक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह दौरा केवल औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि भारत-रूस रिश्तों को नई ऊर्जा, स्थिरता और बहुआयामी विकास देने वाला कदम है। मोदी ने विशेष रूप से यह रेखांकित किया कि रक्षा, ऊर्जा, आर्थिक और तकनीकी सहयोग के सभी क्षेत्र राष्ट्रीय हितों के अनुरूप मजबूत किए जा रहे हैं, और यह साझेदारी भविष्य में दुनिया में भारत की भूमिका को और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**भारत-रूस संबंधों में नई दिशा**

पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ा है और वर्तमान में यह 60-70 बिलियन डॉलर के आसपास पहुंच चुका है। दोनों देशों ने इसे 2030 तक 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अब यह साझेदारी केवल ऊर्जा और रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें विनिर्माण, कृषि-तकनीक, दवाइयों, परिवहन-लॉजिस्टिक्स, निवेश और नवाचार जैसे कई नए क्षेत्र शामिल हो रहे हैं। इसका उद्देश्य व्यापार को अधिक संतुलित, टिकाऊ और बहुआयामी बनाना है।

**ऊर्जा और आपूर्ति सुरक्षा का भरोसा**

भारत की ऊर्जा सुरक्षा इस यात्रा का प्रमुख केंद्र रही। रूस ने भारत को दीर्घकालिक, स्थिर और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति का भरोसा दिया है। वैश्विक अस्थिरता, पश्चिमी प्रतिबंधों और बदलते बाजार भावों के बीच यह आश्वासन भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे भारत न केवल प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर ऊर्जा प्राप्त कर सकेगा, बल्कि अपनी घरेलू ऊर्जा-नीति को स्थिर रखने में भी सक्षम होगा।

**रक्षा व लॉजिस्टिक्स साझेदारी का विस्तार**

भारत-रूस रक्षा संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा उत्पादन में सहयोग, तकनीक साझा करने, संयुक्त विकास और लॉजिस्टिक सपोर्ट को बढ़ाने पर जोर दिया। इससे न केवल भारत की रक्षा क्षमता मजबूत होगी, बल्कि मेक इन इंडिया के तहत रक्षा-उद्योग को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। पारंपरिक खरीदार-विक्रेता संबंध के स्थान पर अब सह-निर्माण और तकनीकी साझेदारी को प्राथमिकता दी जा रही है।

**आर्थिक अवसरों का विस्तार**

भारत और रूस दोनों ने निवेश, तकनीकी सहयोग और व्यापार को नए क्षेत्रों में विस्तारित करने का रोडमैप तय किया है। रूस की कंपनियां अब भारतीय बाजार में ऊर्जा, खनिज, लोहे-इस्पात, इंफ्रास्ट्रक्चर, फार्मा और आईटी क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के लिए इच्छुक हैं। वहीं भारत रूस को कृषि-उत्पाद, औषधि, दूरसंचार उपकरण, मशीनरी और सेवाओं का निर्यात बढ़ाने पर ध्यान देगा। यह परिवर्तन भारत के लिए नए रोजगार, तकनीकी प्रगति और आर्थिक विविधीकरण की राह खोलता है।

**कूटनीतिक जीत: संतुलित विदेश नीति का संकेत**

पुतिन की यह यात्रा बताती है कि भारत अपनी विदेश नीति में संतुलन और स्वायत्तता बनाए रखने में सफल रहा है।

पश्चिमी देशों और रूस के बीच तनाव के बावजूद, भारत ने अपनी राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी और दोनों पक्षों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखे। यह भारत की परिपक्व, बहुध्रुवीय और स्वतंत्र विदेश नीति की स्पष्ट सफलता है। पुतिन की भारत यात्रा केवल एक औपचारिक शिष्टाचार यात्रा नहीं थी, बल्कि भारत-रूस संबंधों में नए युग की शुरुआत थी। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा सहयोग, आर्थिक साझेदारी और तकनीकी सहयोग, इन सभी क्षेत्रों में व्यापक प्रगति का मार्ग तय हुआ है।

यदि भारत इन अवसरों का पूरी क्षमता से उपयोग करता है, तो आने वाले वर्षों में यह साझेदारी भारत की आर्थिक मजबूती, रणनीतिक स्वायत्तता और वैश्विक प्रभाव को और अधिक बढ़ाएगी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं टिप्पणीकार हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)**




**तिरुवनंतपुरम। आगामी केरल स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच एक घर की दीवारों पर पार्टी के बैनर लगाए गए।**

## मिजोरम में म्यांमार, बांग्लादेशी शरणार्थियों का पंजीकरण अभियान तेज

**एजल।** मिजोरम में शरण लिए हुए म्यांमार के लगभग दो-तिहाई नागरिकों का पंजीकरण फॉरेनर्स आइडेंटिफिकेशन पोर्टल पर अब तक पूरा हो गया है। अधिकारियों के अनुसार, शनिवार तक मिजोरम में इस समय मौजूद 30893 म्यांमार शरणार्थियों में से 65.82 प्रतिशत का बायोमेट्रिक नामांकन किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि एजल और लुंगलेई जिलों में सभी शरणार्थियों का नामांकन पूरा कर लिया है, जिनकी संख्या क्रमश: 4100 के करीब और लगभग 1600 है। खावजॉल (94.19 प्रतिशत) और सेरछिप (92.87 प्रतिशत) जिलों ने भी इस अभ्यास में अच्छी प्रगति की है। म्यांमार से लगते खुली और लंबी सीमा वाले चम्फाई जिले में शरणार्थियों की सबसे अधिक संख्या है।

## पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत नाजुक लंदन रवाना होने की तैयारी फिर टली

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन बार देश का नेतृत्व कर चुकीं खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। लंदन ले जाने की तैयारी कई दिनों से चल रही थी, लेकिन डाक्टरों ने एक बार फिर उनकी यात्रा टाल दी है। शनिवार को मेडिकल बोर्ड ने साफ कहा कि इस समय खालिदा जिया का विदेश जाना सुरक्षित नहीं है। इसी वजह से लंदन रवाना करने की योजना अनिश्चित काल के लिए टाल दी गई। डाक्टरों के मुताबिक, खालिदा जिया को फिलहाल ढाका के एवरकेयर अस्पताल के सीसीयू में रखा गया है। 80 साल की जिया को पिछले महीने सीने में गंभीर संक्रमण होने के बाद भर्ती कराया गया था। उनकी हालत लगातार उठ-बैठ रही है, इसलिए मेडिकल बोर्ड ने यात्रा को 'जोखिम भरा' बताया।

# इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं

## पीटीआई ने की सेना की टिप्पणियों की निंदा, संविधान संशोधनों के बाद कमजोर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर भी चेतावनी दी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सेना के प्रवक्ता की पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि इमरान खान 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं।

पार्टी ने हाल ही में संविधान संशोधनों के बाद कमजोर होती लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर भी चेतावनी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इमरान खान 'सेना-विरोधी' रुख अपना रहे हैं और उनकी बयानबाजी राजनीति से आगे बढ़कर 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बन गई है। पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने इस आरोप पर कहा पाकिस्तान के लोगों को दूर मत भगाइए, वे इमरान खान और पीटीआई के साथ हैं। इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने लोगों को एकजुट रखा। राजा ने कहा कि पाकिस्तान में जातीय और सांप्रदायिक जैसे कई दृष्टिकोण हैं, लेकिन इमरान ने सभी को ठुकराकर पाकिस्तान की विचारधारा के साथ खड़े रहने का विकल्प चुना। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में चुनी हुई सरकार को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने आईएसपीआर की प्रेस कान्फ्रेंस को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि पीटीआई अपने संस्थापक के खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब नहीं देगी। उन्होंने कहा कि आज हमें बताया जा रहा है कि देश के सबसे लोकप्रिय नेता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, जो कि हास्यास्पद है। राजा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने के प्रयासों का इतिहास पाकिस्तान में कई बार देखा गया है। उन्होंने कहा कि सैन्य शासन कभी भी समृद्धि नहीं ला सका और लोकतंत्र, कानून और संविधान के खिलाफ कथित तर्क हमेशा गलत साबित हुए। पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली ने भी आईएसपीआर की टिप्पणियों की निंदा की और कहा कि यह लोकतंत्र के लिए 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने कहा कि मौजूदा माहौल बदलना चाहिए, वरना नुकसान केवल इमरान खान का नहीं बल्कि सभी का होगा। गोहर ने कहा कि पीटीआई हमेशा लोकतंत्र, शांति और कानून के शासन के पक्ष में रही है और इमरान हमेशा कहते रहे हैं कि पाकिस्तान और उसकी सेना जनता की हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा हालात जारी रहे तो लोकतंत्र को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा।



**■ पाक के लोगों को दूर मत भगाइए, वे इमरान खान और पीटीआई के साथ हैं**
**■ इमरान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं: सलमान**

## संक्षिप्त समाचार

### बेनिन में तख्तापलट के प्रयास के बाद अनिश्चितता

**पोर्टो-नोवो।** पश्चिम अफ्रीकी राष्ट्र बेनिन में रविवार को लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री के नेतृत्व में एक सैन्य समूह द्वारा राष्ट्रपति पैट्रिस तालोन को पद से हटाने की घोषणा के बाद देश में संवैधानिक संकट और अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। तख्तापलट के प्रयास की शुरुआत राजधानी पोर्टो-नोवो में राष्ट्रपति तालोन के आधिकारिक आवास पर तड़के हुए हमले से हुई। इसके तुरंत बाद, खुद को 'पुनर्निर्माण के लिए सैन्य समिति' कहने वाले सैनिकों ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर कब्जा कर लिया।

### पोलैंड ने सुरक्षा के लिए तैनात किए जेट

**वारसॉ।** यूक्रेन पर रूसी हवाई हमलों के बाद पोलैंड ने अपने एयरस्पेस की सुरक्षा के लिए जेट विमानों को तैनात कर दिया है। पोलैंड के सशस्त्र बलों की ऑपरेशनल कमांड ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उसने जरूरी सुरक्षात्मक उपायों को सक्रिय कर दिया है। लड़ाकू विमान हवा में गश्त पर थे और जमीन पर मौजूद वायु-रक्षा और रडार प्रणाली को सजग रखा गया था। इन कदमों को बचाव के तौर पर उठाया गया था। कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इसका मकसद एयरस्पेस, खासकर संभावित खतरे वाले इलाकों के पास की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### नाव डूबने से 18 प्रवासियों की मौत

**एथेंस।** यूनान में क्रेते के दक्षिणी तट पर प्रवासियों से भरी एक नाव के पलट जाने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। यूनान के सार्वजनिक प्रसारक ईआरटी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह नाव द्वीप के दक्षिणी तट पर स्थित इरापेट्रा शहर से लगभग 26 समुद्री मील (48.2 किमी) दक्षिण में डूब गई। हेलेनिक तटरक्षक बल के अनुसार, दो जीवित बचे लोगों को पानी से बचा लिया गया। बचाव दल क्षेत्र में अभियान जारी रखे हुए हैं और गश्ती नौकाएं समुद्र से शव बरामद कर रही हैं। दुर्घटना का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है और तटरक्षक बल ने जांच शुरू कर दी है।

### अमेरिका का नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान 'एक ढोंग': क्यूबा

**हवाना।** क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज ने कहा कि होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति जुआन ऑरलैंडो हर्नांडेज को दी गई माफी यह दर्शाती है कि अमेरिकी सरकार द्वारा घोषित नशीले पदार्थों के विरुद्ध युद्ध 'एक ढोंग' है। नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य आरोपों में संयुक्त राज्य अमेरिका में 45 साल जेल की सजा पाने वाले हर्नांडेज को ट्रम्प प्रशासन से आधिकारिक माफी मिलने के बाद सोमवार को रिहा कर दिया गया था।

# पुतिन की भारत यात्रा ट्रम्प की नाकामी

## पेंटागन के पूर्व अधिकारी का बड़ा बयान, अमेरिकी नीति को बताया पाखंड, पाकिस्तान को गले लगाने पर भी उठाए सवाल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे को बहुसंख्य अमेरिकी नागरिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोर नाकामी के रूप में देख रहे हैं। अमेरिकी नागरिक ट्रम्प को पसंद नहीं करते। रूबिन ने दावा किया कि हालिया सर्वे में पाया गया है कि अमेरिका के 65 प्रतिशत लोग ट्रम्प को नापसंद करते हैं। अमेरिकी पूर्व अधिकारी ने कहा कि रूस से रियायती तेल खरीदने पर भारत को लेक्चर देकर अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि वाशिंगटन खुद मास्को के साथ व्यापार में शामिल है। उन्होंने नई दिल्ली की अपनी जरूरतों को प्राथमिकता देने की स्थिति को सही ठहराया। पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने अमेरिका की कड़ी आलोचना तब की जब उनसे नई दिल्ली दौरे के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि मास्को बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की बिना रुकावट आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और उसकी अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। उन्होंने अगस्त में भारतीय आयात पर अमेरिका की तरफ से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की आलोचना की। वाशिंगटन का दावा है कि यह तेल यूक्रेन में मास्को के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देता है। रूबिन ने खास बातचीत में कहा, जो बात अमेरिकियों को समझ नहीं आती, वह यह है कि भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि हम रूस से खरीदते हैं। हम ऐसे सामान और मटीरियल खरीदते हैं जिनके लिए हमारे पास कोई दूसरा बाजार नहीं है। उन्होंने कहा अगर हम नहीं चाहते कि भारत रूसी तेल खरीदे तो हमें भारत को सस्ती कीमत पर और जितनी मात्रा में उसे जरूरत है उतनी मात्रा में ईंधन देने के लिए हम क्या करने वाले हैं? पूर्व पेंटागन अधिकारी ने पाकिस्तान को गले लगाने के लिए अमेरिका के पास कोई रणनीतिक तर्क नहीं होने का दावा करते हुए कहा कि इस्लामाबाद को आतंकवाद का स्टेट स्पान्सर घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने जून में पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के व्हाइट हाउस दौरे पर भी आपत्ति जताई और कहा कि मुनीर को अमेरिका में गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वहीं अमेरिका की अंडर सेक्रटरी ऑफ स्टेट फार पालिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर 7 से 11 दिसम्बर तक भारत के दौरे पर रहेंगी। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उनका यह दौरा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, रक्षा और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है। इस दौरे के दौरान एलिसन हुकर नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी। वह विदेश सचिव विक्रम मिस्री के साथ 'फारेन आफिस कंसल्टेशन' में हिस्सा लेंगी, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी हितों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।



**भारत के पांच दिन के दौरे पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक हूकर, रणनीतिक साझेदारी, तकनीकी सहयोग पर होगा**

## अमेरिका में और सख्त हुई वीजा जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने अपने 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडे के तहत इमिग्रेशन नियमों को और सख्त कर दिया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प काम से जुड़े वीजा नियमों को कड़ा कर रहे हैं और जांच प्रक्रिया को और मजबूत बना रहे हैं। इसके तहत अमेरिका की ट्रम्प सरकार ने घोषणा की है कि 15 दिसम्बर से एच-1बी वीजा और उनके परिवार (एच-4) आवेदकों की जांच और कड़ी होगी। इसके लिए बनाए गए नए नियमों के तहत सबसे पहले सभी वीजा आवेदकों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'पब्लिक' करना होगा, ताकि अधिकारी उनकी आनलाइन गतिविधियों की जांच कर सकें। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि वीजा पाना एक अधिकार नहीं, बल्कि एक विशेष अनुमति है। हर वीजा जांच राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। मामले में अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सभी उपलब्ध जानकारी देखकर ही फैसला लें कि आवेदक को वीजा दिया जाए या नहीं। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन के इस नए और सख्त कदम के बाद अमेरिका में वीजा पर काम करने वाले भारतीयों के लिए थोड़ी-बहुत चिंता बढ़ने की बात कही जा रही है।

# चीन ने ताइवान के करीब बढ़ाई सैन्य गतिविधियां

**ताइपे ( ताइवान )।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को बताया कि उसके क्षेत्र के आस-पास चीनी सेना (पीएलए) के दो विमान उड़ान भरते हुए और सात नौसैनिक (पीएलएएन) जहाज गतिविधि करते हुए दिखाई दिए। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी देखा गया। मंत्रालय ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, आज सुबह छह बजे (स्थानीय समयानुसार) तक ताइवान के आसपास पीएलए के दो विमानों और पीएलएएन के सात जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई।

इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी पाया गया। ताइवान के रक्ष बलों ने स्थिति की निगरानी और प्रतिक्रिया दी। शनिवार को ताइवान के आसपास चीनी सैन्य गतिविधियां बढ़ गईं। उस दिन चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई। इस बीच, जो बाइडन प्रशासन के पूर्व रक्षा अधिकारी एलि रैटनर ने जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के बयान को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि ताइवान की रक्षा में जापान के शामिल होने की संभावना पर चीन की प्रतिक्रिया अनुचित है। ताइपे टाइम्स के मुताबिक, एलि रैटनर 2021 से इस वर्ष तक हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा सचिव थे। उन्होंने कहा कि ताइवान पर टिप्पणी कर ताकाइची ने केवल जापान की आधिकारिक नीति दोहराई है। सात नवम्बर को जापानी प्रधानमंत्री ने संसद में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो इसे 'जापान के अस्तित्व के लिए खतरा' माना जा सकता है और जापान को कदम उठाना पड़ सकता है। ताकाइची दशकों में पहली जापानी नेता हैं, जिन्होंने खुलकर कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य में संकट के समय जापान की सेना शामिल हो सकती है। उनके बयान से चीन नाराज हुआ और उसने जापान की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें जापान की यात्रा और शिक्षा पर चेतावनी और जापानी समुद्री भोजन के आयात को रोकना शामिल है।

**■ गश्त करते दिखे दो विमान और सात नौसैनिक जहाज**
**■ उस दिन चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई**

## बल प्रयोग कर सकते हैं राष्ट्रपति ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कथित ड्रग कार्टेल से जुड़ी नावों पर सैन्य हमलों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास देश की सुरक्षा के लिए 'जैसा वह उचित समझें' कार्रवाई करने का अधिकार है। हेगसेथ ने कहा कि ट्रम्प अपनी इच्छानुसार बल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी में बोलते हुए हेगसेथ ने हमलों की आलोचनाओं को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि इन सैन्य हमलों में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इन हमलों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के संभावित उल्लंघन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीट हेगसेथ ने तर्क दिया कि अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के लिए ये ऑपरेशन वाजिब था। उन्होंने इसकी तुलना 11 सितम्बर 2001 के हमलों के बाद लिए गए फैसलों से की। हेगसेथ ने कहा कि अगर आप किसी घोषित आतंकी संगठन के लिए काम कर रहे हैं और देश में नाव के जरिये ड्रग्स लाते हैं तो हम आपको ढूंढ लेंगे और डुबो देंगे। इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प देश के हितों की रक्षा के लिए जैसा सही समझेंगे, वैसी निर्णायक सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं और करेंगे।



**■ कथित ड्रग तस्करी से जुड़ी नावों पर हमलों को लेकर बोले अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ**

# रूस को खतरा नहीं कहेगा अमेरिका

## ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन ने अपनी नेशनल सिक्योरिटी स्ट्रैटेजी (एनएसएस) में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत अमेरिका अब रूस को 'खतरा' नहीं कहेगा। यह ट्रम्प की अमेरिका फर्स्ट नीति पर आधारित है। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि अमेरिका ने शुक्रवार को 29 पन्नों का एक दस्तावेज जारी किया।

अब अमेरिका रूस के लिए 'डायरेक्ट थ्रेट' और दुश्मन कहने वाली भाषा का इस्तेमाल नहीं करेगा। रूस ने इस बदलाव का स्वागत किया है। क्रीमिया को 2014 में रूस में मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता रहा है। अब नई नीति में रूस के तरफ नरमी बरती गई है और कुछ मुद्दों पर सहयोग करने की बात कही गई है। वहीं ट्रम्प प्रशासन ने यूरोप की आलोचना करते हुए कहा कि उसका वजूद खत्म हो रहा है। यह नया अमेरिकी दस्तावेज ट्रम्प के 'लचीले यथार्थवाद' के सिद्धांत पर आधारित है। इसके मुताबिक अब अमेरिका की विदेश नीति बस उसके हितों पर बेस्ड होगी। इसका एकमात्र मापदंड होगा अमेरिका के लिए जो सबसे ज्यादा फायदेमंद है, वहीं करो। दस्तावेज में यूक्रेन जंग को जल्द से जल्द खत्म करने की बात कही गई है। इसे अमेरिका का खास ऐजेंडा बताया गया है। साथ ही रूस के साथ फिर से रणनीतिक स्थिरता बहाल करने की इच्छा जताई गई है, ताकि परमाणु हथियारों की होड़ और यूरोप में बड़े युद्ध का खतरा कम हो। अमेरिका का फायदा: एक्सपर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प हमेशा से मानते हैं कि रूस से दुश्मनी करके अमेरिका को कुछ नहीं मिला। वे पुतिन की तारीफ करते रहे हैं और कहते हैं कि पुतिन के साथ डील करके यूक्रेन युद्ध 24 घंटे में खत्म कर दूंगा। ट्रम्प नहीं चाहते कि अमेरिका यूक्रेन को हथियार देकर अरबों डालर खर्च करता रहे।

वे चाहते हैं कि जल्दी समझौता हो जाए। चीन को ताकत दिखाने के लिए-ट्रम्प की नई रणनीति में चीन को बार-बार 'सबसे बड़ा और लंबे समय का खतरा' कहा गया है। उनका मानना है कि रूस से लड़ते रहने से चीन को फायदा हो रहा है। यूरोप को सबक सिखाना-ट्रम्प नाराज हैं कि यूरोपीय देश अमेरिका से सुरक्षा मांगते हैं लेकिन खुद कम खर्च करते हैं। वे कहते हैं कि अगर यूरोप को यूक्रेन की इतनी चिंता है तो खुद लड़ लो। व्यापारिक लाभ-कई विश्लेषकों का कहना है कि ट्रम्प प्रशासन के कई लोग (खासकर जेरेड कुशनर ट्रम्प के दामाद) रूस और खाड़ी देशों के साथ बड़े व्यापारिक सौदे करना चाहते हैं।

**● ट्रम्प बोले: यूरोप का वजूद खत्म हो रहा**
**● क्रीमिया को 2014 में रूस से मिलाने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण हमले के बाद से अमेरिका रूस को बड़ा खतरा मानता है**

## हमारी रक्षा प्रणाली को चीन ने दो बार बनाया 'निशाना': जापान


**टोक्यो।** चीनी जे-15 लड़ाकू विमानों के दो बार जापान की वायु-रक्षा प्रणाली को निशाना बनाने के बाद चीन और जापान के बीच जारी तनाव गहरा गया। जापान के रक्षा मंत्री शिनजिरो कोइजुमी ने रविवार तड़के यह दावा किया। कोइजुमी ने यहां एक आपातकालीन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लियाओनिग एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरने वाले एक चीनी जे-15 लड़ाकू विमान ने शनिवार दोपहर और शाम को ओकिनावा द्वीप के दक्षिण-पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में वायु रक्षा-प्रणाली के एफ-15 लड़ाकू विमानों पर दो बार 'रडार से निशाना' साधा। मंत्रालय के अनुसार, पहली घटना स्थानीय समय के अनुसार शाम 4:32 और 4:35 बजे के बीच दर्ज की गई।

# रूस ने यूक्रेन पर 700 हवाई हमले किए

## गलती से अपने शहर पर गिराया 1000kg का बम, जंग रोकने यूएस-यूक्रेन बातचीत बेनतीजा

**कीव/मास्को।** यूक्रेन में आर्म्ड फोर्सेज डे से पहले रूस ने शनिवार को बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया। यूक्रेन एयरफोर्स के मुताबिक रूस ने 29 ठिकानों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइल दागीं। इनमें से 585 ड्रोन और 30 मिसाइल मार गिराई गईं।

इससे 8 लोग घायल हुए। कई एनर्जी स्टेशन और रेलवे ढांचे को नुकसान पहुंचा। जापोरेजिया न्यूक्लियर पावर प्लांट कुछ समय के लिए ऑफ-साइट पावर से कट गया, हालांकि रिएक्टर बंद होने के कारण कोई बड़ा खतरा नहीं हुआ। रूस ने भी यूक्रेन पर हवाई हमले करने का आरोप लगाया है। रूस ने यूक्रेन पर हमले के दौरान गलती से अपने ही एक शहर बेल्गोरोड (यूक्रेन सीमा से करीब 40 किमी दूर) पर एफएबी-1000 (हाई- एक्सप्लोसिव बम) गिरा दिया। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। बम का कुल वजन लगभग 1000 किलो के करीब था। बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया। हमले के बाद यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के बीच तीन दिनों की वार्ता बिना किसी सफलता के खत्म हो गई। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ट्रम्प के शांति दूत स्टीव विटकाफ और अमेरिकी राष्ट्रपति के दामाद जेरेड कुशनर के साथ फोन पर बातचीत की थी। वहीं, यूरोपीय नेता सोमवार को लंदन में मिलने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अमेरिका की नीयत को लेकर आशंका जता चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका, यूक्रेन को धोखा दे सकता है। रूस ने भी दावा किया कि उसने रातभर में 116 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। साथ ही यूक्रेन ने रूस के रयाजान तेल रिफाइनरी पर लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया। यूक्रेनी सेना और रूसी क्षेत्रीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। पिछले कुछ महीनों से यूक्रेन रूस के तेल रिफाइनरियों पर लगातार हमले कर रहा है, ताकि रूस का तेल निर्यात आय कम हो।



**■ बम पूरी तरह फटा नहीं, लेकिन जमीन पर जोरदार धमाका हुआ और एक बहुत बड़ा गड्ढा बन गया**



